मेहनत उनकी लाठी है, मजबूत उसकी काठी है

श्रम दिवस



भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक



"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"



संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

बुधवार 1 मई, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 19 बैशाख 2081

मुख्य पृष्ठ

चुनाव से पहले गिरफ्तारी क्यों?

LD ****

Punjab Kesari, Delhi

वर्ष : 41 / अंक : 121

मूल्य ₹ 4.50

16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00

पृष्ठ संख्या 12

Ph. : 011-30712200, 45212200



# हरियाणा में महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी का अद्भुत हार्दिक स्वागत

## भगवान शिव ने कहा चाहे कोई कुछ भी कर ले मां दुर्गा के इस पाठ से ही मिलेगी सबको दुखों रोगों से मुक्ति



**2 मई (गुरुवार), प्रभु कृपा दुख निवारण समागम, सायं 4 बजे, डिलाइट फॉरएवर, सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद**

## मां दुर्गा के अलावा और कोई नहीं जिसने सूर्य, चंद्रमा, तारे पृथ्वी व सबको पैदा किया

## समागम में दिया जाएगा मां दुर्गा का अद्भुत पाठ जिससे 5 मिनट में सभी होंगे दुखों, रोगों से मुक्त

## भगवान श्रीराम ने कहा जिसे संसार की कोई औषधि ठीक न कर सकी वह सब दुख रोग मां दुर्गा ने किए पल भर में समाप्त

## शिवजी ने कहा मां दुर्गा के इस पाठ से मिलेगी सबको अथाह धन-संपत्ति, यश-कीर्ति

## अमेरिका व्हाइट हाउस में बनेगा मां दुर्गा का 5 लाख करोड़ में अद्भुत स्वर्ण मंदिर

## मां दुर्गा के इन अद्भुत रहस्यों को जानकर महामहिम राष्ट्रपति जी आश्चर्यचकित





राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के साथ महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी



22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम लला का पूजन करते महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी

जापान, चीन, थाइलैंड, भारत व एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति श्री मुकेश अंबानी जी के सुपुत्र श्री अनंत अंबानी जी का परम पूज्य सद्गुरुदेव जी से अद्भुत संवाद



श्री अनंत अंबानी जी को दैवव्यपाश्रय का अद्भुत ज्ञान प्रदान करते महाब्रह्मर्षि जी


## करोड़ों लोगों को दुखों, रोगों से मुक्त देखकर अमेरिका व इंग्लैंड की संसदों में मनाया ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी डे, किया अद्भुत सम्मान





गुरुमां जी के जन्म दिवस पर ऐसे अद्भुत रहस्य प्रदान किए जाएंगे जिनसे डिप्रेशन, चिंता, दुख, रोग गरीबी व सभी प्रकार के कष्ट केवल 5 मिनट में सदा के लिए समाप्त हो जाते हैं

2 मई 2011 को महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी ने न्यूयार्क सीनेट को संबोधित किया। सीनेट में इनके सम्मान में निर्विरोध प्रस्ताव पारित हुआ।





महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी के साथ ऑस्ट्रेलिया की संसद के स्पीकर माननीय श्री [illegible] जी तथा वरिष्ठ सांसद श्री [illegible] जी

ऑस्ट्रेलिया की संसद में मां दुर्गा के केवल 5 मिनट के पाठ से सभी सांसदों का तनाव, एलर्जी, डिप्रेशन व अनेकों रोग पूरी तरह जड़ से समाप्त हो गए

15 नवंबर 2011 को महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी को ब्रिटेन की संसद में मिला अंबेसडर फॉर पीस अवार्ड।





20 जून 2019 को हाउस ऑफ लार्ड्स के चीफ व्हिप श्री लार्ड टेलर ने प्रदान किया प्राइड ऑफ वर्ल्ड अवार्ड।

### अमेरिका की सीनेट के इतिहास में 200 वर्षों में पहली बार हुआ ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी का ऐसा सम्मान



-थॉमस कीन
माइन्योरिटी लीडर
न्यूजर्सी स्टेट सीनेट
एवं सभी सीनेटर

### महामहिम राष्ट्रपतियों ने भी स्वीकारा परमात्माओं की परमात्मा है मां दुर्गा, किया अनूठा सम्मान



महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी द्वारा प्रतिपादित शास्त्रोक्त पूर्ण सत्य का सम्मान करते पू. राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी।



राष्ट्रपति भवन में पू. राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी जी ने अनेक विद्वानों की उपस्थिति में स्वीकारा मां दुर्गा की महाशक्ति को।



राष्ट्रपति भवन में पू. राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम जी मां दुर्गा की सनातन शक्ति को सम्मानित करते हुए।

### मां दुर्गा के पाठ से 20 वर्ष पुराना भयानक कुष्ठ रोग 15 मिनट में जड़ से समाप्त



MBBS, MD

मैं पीजीआई, चंडीगढ़ से सीनियर डरमैटोलॉजिस्ट हूं। विशेषज्ञ डरमैटोलॉजिस्ट होने के बावजूद मुझे करीब 20 साल से भयानक कुष्ठ रोग व एलर्जी थी। डैंड्रफ से मेरा रोग बढ़ते-बढ़ते सेबोरीक डर्मेटाइटिस हो गया और इसने बहुत ही भयानक रूप धारण कर लिया। मेरे पास इसका कोई इलाज नहीं था। फिर गुरुजी की शरण ली। आप जानकर हैरान हो जाएंगे कि मेरा ऐसा भयानक रोग जिसे दुनिया के अनेक डाक्टर ठीक नहीं कर पाए वो केवल मां दुर्गा के पाठ व पावन जल 'वी मिरेकल वाश' से कुछ मिनटों में सदा के लिए जड़ से समाप्त हो गया। ADVT.

सोशल मीडिया पर जाने के लिए QR कोड को स्कैन करें

भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम चैरिटेबल ट्रस्ट
सी-27, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव-1, नई दिल्ली।
हेल्पलाइन नंबर: 011-49945995

**ENTRY FREE**




# हम डोजियर नहीं भेजते हैं, घर में घुसकर मारते हैं : मोदी

● विपक्षी गठबंधन सत्ता में आने पर एक साल, एक प्रधानमंत्री के फार्मूले पर काम करेगा

**लातूर,**(पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद से निपटने के भारत सरकार के रुख में कांग्रेस शासन के दौरान अपनाए गए दृष्टिकोण की तुलना में बहुत बड़ा बदलाव देखा गया है। मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में एक चुनावी रैली में कहा, कांग्रेस शासन के दौरान खबरों की सुर्खियां होती थी कि भारत ने आतंकी गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान को एक और डोजियर सौंपा। मीडिया में हमारे कुछ मित्र ऐसे किसी भी डोजियर के भेजे जाने पर ताली बजाते थे। मोदी ने कहा कि भारत डोजियर नहीं भेजता। आज भारत घर में घुस के मारता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' ने एक 'फॉर्मूला' तैयार किया जिसके तहत विपक्षी गठजोड़ में शामिल दलों को सत्ता में आने पर एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री का पद मिलेगा। मोदी ने कहा कि ऐसी व्यवस्था से देश के हित की आशा नहीं की जा सकती। कुछ लोग किस्तों में प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है।



## 55% विरासत कर लगाएगी कांग्रेस

**हैदराबाद: प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि केंद्र की सत्ता में आने पर वह 55 प्रतिशत विरासत कर लगा देगी। कहा, जब पूरा विश्व आर्थिक रूप से प्रगति कर रहा था, भारत पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के तहत 'नीतिगत पंगुता' से ग्रसित था। तेलंगाना के मेडक जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार के जरिये धन एकत्र कर रही और उसे दिल्ली भेज रही है। उन्होंने दावा किया, यदि कांग्रेस सत्ता में आ गई तो वे विरासत कर लगाएंगे और माता-पिता की मृत्यु के बाद संतान को मिलने वाली आधी से अधिक, 55 प्रतिशत संपत्ति ले लेंगे। मोदी ने कहा कि जहां भी कांग्रेस सत्ता में है उसके पांच राजनीतिक सिद्धांत हैं--झूठे वादे, वोट बैंक की राजनीति, माफिया का समर्थन करना, परिवारवादी राजनीति और भ्रष्टाचार। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले बीआरएस ने तेलंगाना को लूटा और अब यह काम कांग्रेस कर रही है।**

## शरद पवार पर पीएम का वार, कहा- कृषि मंत्री के रूप में कुछ नहीं किया

**मालशिरस :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोलापुर जिले के मालशिरस में एक रैली को संबोधित करते हुए शरद पवार का नाम लिए बगैर उन पर हमला बोलते हुए कहा कि जब महाराष्ट्र के बड़े नेता केंद्रीय कृषि मंत्री थे, तब किसान अपने बकाये के लिए गन्ना आयोग के चक्कर लगाते थे। महाराष्ट्र में एक 'भटकती आत्मा' है। यदि उसे सफलता नहीं मिलती, तो वह दूसरों के अच्छे काम को खराब करती है। महाराष्ट्र इसका शिकार रहा है। कहा, यह खेल 45 साल पहले इसी नेता ने शुरू किया था। यह सिर्फ उनकी निजी महत्वाकांक्षा के लिए था और फिर महाराष्ट्र हमेशा एक अस्थिर राज्य रहा। इसी का नतीजा था कि कई मुख्यमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए। मालशिरस रैली में मोदी ने मतदाताओं से कहा कि वे कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के पक्ष में मतदान करके अपना वोट बर्बाद ना करें।

# आनंद शर्मा कांगड़ा, राज बब्बर गुरुग्राम से होंगे कांग्रेस उम्मीदवार

**हमीरपुर से अनुराग ठाकुर के सामने सतपाल रायजादा को मैदान में उतारा**


आनंद शर्मा


राज बब्बर


सतपाल रायजादा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा को मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी ने अभिनेता एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राज बब्बर को हरियाणा के गुड़गांव संसदीय क्षेत्र से टिकट दिया है। कांग्रेस की ओर से जारी सूची के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर क्षेत्र से सतपाल रायजादा को टिकट दिया गया है। जो सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को चुनौती देंगे। रायजादा ऊना से विधायक रह चुके हैं। पार्टी ने मुंबई उत्तर लोकसभा क्षेत्र से भूषण पाटिल को उम्मीदवार बनाया है। पाटिल कांग्रेस की मुंबई इकाई के उपाध्यक्ष हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री रहे आनंद शर्मा पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वह लंबे समय तक राज्यसभा के सदस्य रहे हैं। उनका उच्च सदन का कार्यकाल अप्रैल, 2022 में पूरा हुआ था, हालांकि इसके बाद पार्टी ने उन्हें राज्यसभा नहीं भेजा। शर्मा राज्यसभा के लिए पहली बार 1984 में निर्वाचित हुए थे। वह चार बार उच्च सदन के सदस्य रहे। दिल्ली से सटे गुड़गांव संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस ने राज बब्बर को उम्मीदवार बनाया है। अब तक उत्तर प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे राज बब्बर पहली बार हरियाणा में अपना राजनीतिक भाग्य आजमाने जा रहे हैं। उन्हें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का करीबी माना जाता है। हिमाचल प्रदेश की सभी चार लोकसभा सीट के लिए एक जून और हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा।

● अभिनेत्रा राज बब्बर को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा का करीबी माना जाता है

# भाजपा गरीबों का अधिकार छीनने के लिए मांग रही 400 सीटें: खड़गे

**जांजगीर-चांपा,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह गरीबों के कल्याण के लिए नहीं बल्कि उनके अधिकार छीनने के लिए मौजूदा लोकसभा चुनाव में चार सौ से अधिक सीट मांग रही है। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह आकलन करके निराश हो गए हैं कि आम चुनाव के दो चरणों के बाद कांग्रेस/इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने वाला है, इसलिए वह हिंदू-मुसलमान और 'मंगलसूत्र' पर टिप्पणी का सहारा ले रहे हैं। यह रैली जांजगीर-चांपा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया के पक्ष में आयोजित की गई थी। खड़गे ने कहा, यह चुनाव भारत को एकजुट रखने तथा संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ा जा रहा है। मोदी जी और उनके चेले बार-बार कहते हैं, हमें चार सौ से अधिक सीट दीजिए। वे गरीबों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े लोगों के कल्याण के लिए नहीं बल्कि लोगों से उनके अधिकार छीनने के लिए चार सौ से अधिक सीट मांग रहे हैं।खड़गे ने कहा, भाजपा नेता कहते रहे हैं कि अगर इस बार उन्हें दो-तिहाई बहुमत मिला तो वे संविधान बदल देंगे। परसों आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हम संविधान नहीं बदलने जा रहे हैं और आरक्षण खत्म नहीं करने जा रहे हैं। यदि उन्होंने (भाजपा नेताओं ने) इस बारे में बात नहीं की थी तो उन्हें यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी।



## 55 साल में कांग्रेस ने नहीं छीना किसी का मंगलसूत्र

कांग्रेस नेता ने मंगलसूत्र वाले बयान को लेकर भी प्रधानमंत्री पर हमला बोला और कहा, 'हमने 55 साल तक देश पर शासन किया लेकिन क्या हमने किसी का मंगलसूत्र छीना या लोगों को सलाखों के पीछे डालने के लिए ईडी, आयकर विभाग का दुरुपयोग किया? जांजगीर-चांपा सीट पर सात मई को मतदान होगा। भाजपा के दस साल के कार्यकाल पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने 'विकास' नहीं, बल्कि 'सत्यानाश' किया है और अगर ऐसा ही चलता रहा तो देश बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों की बात करती है लेकिन अडाणी और अंबानी की फायदा पहुंचाती है।

# प्रधानमंत्री का अमित शाह को पत्र

**कांग्रेस के आरक्षण पर विभाजनकारी एजेंडे के खिलाफ फैलाए जागरूकता**

● कांग्रेसी लोगों की गाढ़ी कमाई छीनकर अपने वोट बैंक को देने में लगी है

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय राजग के उम्मीदवारों से कहा कि वह मतदाताओं में इस बारे में जागरूकता फैलाएं कि कांग्रेस अनुसूचित जाति , एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से आरक्षण छीनकर उसे अपने वोट बैंक में देना चाहती है। राजग उम्मीदवारों को लिखे एक निजी पत्र में मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर विभाजनकारी और भेदभावपूर्ण मंशा रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है। कहा, वे लोगों की गाढ़ी कमाई छीनकर अपने वोट बैंक को देने पर तुले हुए हैं। कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह विरासत कर जैसे खतरनाक विचार लाएगी। उसे रोकने के लिए देश को एकजुट होना होगा।प्रधानमंत्री ने उम्मीदवार को भेजे पत्र में जोर देकर कहा कि यह साधारण चुनाव नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने उन्हें पार्टी के सबसे मूल्यवान कार्यकर्ताओं में से एक बताया।उन्होंने केंद्र और उससे पहले गुजरात में मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की सराहना की। मोदी ने इस बात का जिक्र किया कि शाह ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत 13 साल की उम्र में आपातकाल के खिलाफ अभियान चलाने वालों का समर्थन करके की थी। 1980 के दशक से शाह के साथ अपने संबंधों को याद किया। तब से मैंने भारत के उत्थान और समाज सेवा के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता देखी है। अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने और ब्रिटिश काल के कानूनों के स्थान पर लाए गए तीन आपराधिक कानूनों को संसद में पारित कराने में मंत्री के तौर पर उनकी भूमिका समेत अन्य मुद्दों पर मोदी ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष के तौर पर शाह ने इसे दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाने का उनका सपना पूरा किया।

## अनंतनाग-राजौरी सीट पर अब 25 मई को होगा मतदान

**श्रीनगर,** (पंजाब केसरी) : जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर सात मई के बजाय अब 25 मई को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को यह निर्णय लिया। कई राजनीतिक दलों और नेताओं ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर खराब मौसम के आधार पर अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर चुनाव स्थगित करने की मांग की थी। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख रविंद्र रैना, 'अपनी पार्टी' के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस नेता इमरान अंसारी और अन्य ने इस संबंध में आयोग को अपना अभ्यावेदन सौंपा था।आयोग ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से उस क्षेत्र में सड़कों की स्थिति, मौसम के हालात और कनेक्टिविटी पर तुरंत एक विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा था।

# घुसपैठिया वोट बैंक नाराज नहीं करना चाहती थीं ममता

**मेमारी (पश्चिम बंगाल) (पंजाब केसरी):** पश्चिम बंगाल मुख्यमंत्री और भाजपा नेता एक दूसरे पर जमकर बयानबाजी कर रहे हैं। अब हाल ही में अमित शाह ने ममता पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता राम मंदिर उद्घाटन में शामिल नहीं हुईं, क्योंकि वो "घुसपैठिया वोट बैंक" को नाराज नहीं करना चाहती थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा वार किया। वह पूर्व बर्धमान जिले के मेमारी में चुनावी रैली में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव यह तय करने वाला है कि यहां कि जनता किसे चाहती है, परिवार राज या राम राज्य। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी और टीएमसी नेता राम मंदिर प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए, क्योंकि उन्हें डर था कि घुसपैठिए, जो उनकी पार्टी के वोट बैंक हैं, नाराज हो सकते हैं। अमित शाह ने आरोप लगाया कि टीएमसी संदेशखली के दोषियों को बचाना चाहती है, लेकिन भाजपा उन्हें दंडित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि "इस बार का चुनाव यह तय करेगा कि क्या आप भतीजे अभिषेक बनर्जी को बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में चाहते हैं या नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधान मंत्री के रूप में चाहते हैं।



## कांग्रेस पर झूठी खबर फैलाने का आरोप

**अपने फेक वीडियो मामले में भी अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी है। इसके लिए भी उन्होंने कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। अमित शाह ने कहा, "उनकी (कांग्रेस) हताशा इस स्तर पर पहुंच गई है कि उन्होंने मेरे और अन्य भाजपा नेताओं के फर्जी वीडियो फैलाए। मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने भी इस फर्जी वीडियो को फैलाने का काम किया। आज कांग्रेस पार्टी के एक बड़े नेता पर आपराधिक मामला चल रहा है। जब से राहुल गांधी ने कांग्रेस की कमान संभाली है, तब से वह राजनीति के स्तर को नए निचले स्तर पर ले जाने का काम कर रहे हैं।**

## नारी शक्ति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा सदस्य प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न के मामले की निंदा की और जोर देकर कहा कि भाजपा महिलाओं का किसी भी तरह से अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। रेवन्ना (33) हासन लोकसभा सीट से भाजपा-जनता दल सेक्युलर गठबंधन के प्रत्याशी हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। जदएस ने रेवन्ना को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित कर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा, "भाजपा का रुख स्पष्ट है। हम नारी शक्ति के किसी भी तरह के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे।" गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस आरोप लगा रही है कि राजग के सहयोगी दल का उम्मीदवार मामले में शामिल हैं।

# भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान बदल देगी : राहुल

**भिंड (मप्र),**(पंजाब केसरी): कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि अगर भाजपा केंद्र की सत्ता में लौटती है तो वह गरीबों, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। राहुल गांधी मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संविधान की एक प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है।

उन्होंने दावा किया, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी को संविधान के कारण कई अधिकार मिले हैं, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं। अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वह इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी। राहुव ने कहा कि प्रधानमंत्री, अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वे चुने गए, तो वे संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे। भाजपा चाहती है कि इस किताब (संविधान) को फेंक दिया जाए...। उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा।




● गरीबों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी को संविधान के कारण कई अधिकार मिले हैं,

# सूरत और इंदौर का चुनावी घटनाक्रम भाजपा के प्रति जनता का भरोसा : राजनाथ

**इंदौर,** (पंजाब केसरी): सूरत और इंदौर के चुनावी घटनाक्रमों का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कांग्रेस को ''डूबता जहाज'' बताया और कहा कि ये वाकये भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता का अगाध स्नेह दर्शाते हैं। सिंह खंडवा लोकसभा सीट के निवर्तमान सांसद और भाजपा उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में मांधाता में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा, इस बार लोकसभा चुनाव में करिश्मा हो गया।

सूरत से भाजपा का प्रत्याशी निर्विरोध जीत गया और इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने पर्चा वापस लेकर भाजपा को समर्थन दे दिया। यह भाजपा के प्रति जनता के अगाध स्नेह को दर्शाता है जो लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा,''...लेकिन कांग्रेस के नेता कहते हैं कि ऐसी घटनाएं लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा हैं। आजाद भारत में कांग्रेस के प्रत्याशी 20 बार निर्विरोध चुने गए हैं। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि क्या तब लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा नहीं हुआ था? सिंह ने कहा कि कांग्रेस वह डूबता जहाज है जिसमें छेद हो चुका है और इस जहाज को डूबने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती। इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए 29 अप्रैल को अपना नामांकन वापस ले लिया और भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले, भाजपा ने लोकसभा चुनाव में गुजरात की सूरत सीट से 22 अप्रैल को अपनी पहली जीत दर्ज की, जब कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभानी का नामांकन गड़बड़ियों के कारण खारिज कर दिया गया और अन्य उम्मीदवार भी चुनावी दौड़ से बाहर हो गए। नतीजतन भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल की चुनावी जीत सुनिश्चित हो गई। रक्षा मंत्री ने कहा,महात्मा गांधी ने कहा था कि देश की आजादी के बाद कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने उनकी बात नहीं मानी।



● सूरत से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध जीत गया और इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने पर्चा वापस लेकर भाजपा को समर्थन दे दिया

# सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी पर केस दर्ज





**कायमगंज,** (पंजाब केसरी): पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी मारिया आलम पर भड़काऊ भाषण के मामले में फर्रुखाबाद स्थित कायमगंज में मंगलवार को केस दर्ज हुआ। उड़न दस्ता मजिस्ट्रेट डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी मारिया आलम खां ने कायमगंज के एक जनसभा में 'जेहादी' शब्द का इस्तेमाल कर ध्रुवीकरण करने का प्रयास किया है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसी कारण इन पर केस दर्ज कराया गया है।दरअसल, फर्रुखाबाद जिले में कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलांका में इंडिया गठबंधन के समर्थन में सोमवार शाम जनसभा हुई। सभा में कांग्रेस के स्टार प्रचारक और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की मौजूदगी में उनकी भतीजी सपा जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम ने 'संघी सरकार' को हटाने के लिए 'वोट जिहाद' की अपील कर दी।

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 01 May, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल)
फाइनेंशियल फ्रंट पर चीजें बेहतर हो जाएंगी। सेहत को लेकर उठाए गए कदम फायदेमंद होंगे। नई नौकरी वाले अपने काम को एंज्वॉय करेंगे। कुछ लोगों के लिए प्रॉपर्टी खरीदने की संभावना है। सोशल फ्रंट पर आपको कोई सरप्राइज मिलेगा। **लकी नंबर: 1, लकी कलर: गोल्डन**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई)
ऑफिस में कलिग्स संग अच्छे रिलेशन बनाने होंगे। बजट में कोई चीज खरीदने के लिए मोलभाव करें। फैमिली मेंबर के मूड को सही से हैंडल करना होगा। कोई करीबी ट्रिप पर जाने के लिए इंवाइट करेगा। **लकी नंबर: 17, लकी कलर: व्हाइट**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून)
अच्छी अर्निंग के साथ आप पैसा खर्च भी करेंगे।हवा-पानी बदलने से आपकी हेल्थ अच्छी होगी। पेशेवर मोर्चे पर आप लोगों को इंप्रेस कर पाएंगे। घर के मामलों में भी आसानी से आप सुधार कर लेंगे। **लकी नंबर: 7, लकी कलर: पीच**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई)
स्टेबल इनकम से पैसों की समस्या नहीं होगी। जरूरी स्वास्थ्य उपाय से आप सेहतमंद रहेंगे। वर्क लोड कम होने से आप स्ट्रेस फ्री रहेंगे। घर के माहौल को आप पीसफुल बना पाएंगे। **लकी नंबर: 8, लकी कलर: ब्राउन**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त)
मनी फ्लो की वजह से फाइनेंशियल इश्यूज ठीक होंगे। डाइट रूल्स फॉलो करने से आप फिट रहेंगे। कोई प्रोफेशनल स्टेप आपके फेवर में रहेगा। फैमिली में आपकी सलाह पर गौर किया जाएगा। प्लान की गई छुट्टी काफी मजेदार रहेगी। **लकी नंबर: 4, लकी कलर: ब्लू**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर)
आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति और बेहतर होगी। लाइफस्टाइल चेंज से हेल्थ पर पॉजिटिव असर होगा। अचीवमेंट के कारण ऑफिस में आपकी तारीफ होगी। बेटरहॉफ से आपको अधिक अपनापन मिलेगा। **लकी नंबर: 18, लकी कलर: येलो**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर)
बैंक बैलेंस अच्छा रहने से आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आप मनचाही बॉडी शेप पाने में सफल होंगे। काम पर आपकी परफॉर्मेंस ठीक-ठाक रहेगी। कुछ गृहिणियों को घर मेंटेन करना मुश्किल लगेगा। प्रॉपर्टी में इंवेस्टमेंट बिल्कुल सही डिसीजन रहेगा। **लकी नंबर: 22, लकी कलर: पर्पल**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर)
आर्थिक स्थिति सुधारने में आपको वक्त लगेगा। स्ट्रिक डाइट व डिसिप्लिन से वजन कम कर पाएंगे। वर्क प्लेस पर इंपॉर्टेंट काम तेजी से पूरा होगा। फैमिली में आपको सेंसिटिव बने रहने होगा। नए कार ड्राइवर को सड़क पर अलर्ट रहना होगा। **लकी नंबर: 3, लकी कलर: मैजेंटा**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर)
आपको पुराने निवेश से काफी फायदा होगा। एक्सरसाइज के साथ डाइट पर भी ध्यान दें। प्रोफेशनली आपकी रेप्युटेशन बढ़ सकती है। लॉन्ग ड्राइव के जरिए आप रिलैक्स फील करेंगे। **लकी नंबर: 2, लकी कलर: पिंक**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी)
पैसों के मामले में आपकी कंडीशन अच्छी रहेगी। कभी-कभी वर्कआउट करने से भी बेनिफिट होगा। सीनियर्स को आप इंप्रेस करने में कामयाब होंगे। जीवनसाथी की चुप्पी को समझें। **लकी नंबर: 5, लकी कलर: ग्रीन**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी)
अपनी हेल्थ को लेकर आप कॉन्शस रहें। मनी फ्रंट पर आपकी सिचुएशन अच्छी रहेगी। कार्यस्थल पर कुछ लोगों को पहचान मिलेगी। पारिवारिक मिलन समारोह से नीरसता दूर होगी। बिजी रोड़ रूट से बचें, ड्राइव भी संभलकर करें। **लकी नंबर: 6, लकी कलर: ग्रे**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च)
किसी अलग सोर्स से आपको पैसा मिल सकता है। आज आप काफी एनर्जेटिक फील करेंगे। ऑफिस वर्क को आप अच्छे से कंप्लीट कर लेंगे। फ्रेंड्स के साथ आप किसी मजेदार ट्रिप पर जाएंगे। प्रॉपर्टी डिसप्यूट सुलझने की भी संभावना बनेगी। **लकी नंबर: 9, लकी कलर: मैरून**

# कांग्रेस भ्रम फैलाने के लिए कर रही है डीपफैक का इस्तेमाल : अनुराग

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा की झूठ बोलने में माहिर कांग्रेस अब डीप फेक वीडियो बनाकर लोगों में भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम इसमें आना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक भी है और घातक भी है।श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि "आम चुनावों से पहले भी हमें पता था कि विपक्ष अपनी निश्चित हार को देखते हुए झूठ, भय और भ्रम का सहारा जरूर लेगा। आज कांग्रेस का हर बड़ा नेता केवल झूठ के बदौलत अपना पूरा चुनाव प्रचार चला रहा है।

श्री ठाकुर ने आगे कहा कि "राहुल गांधी कहीं से भी चुनाव लड़ें उनकी हार निश्चित है पर अपनी हार से बचने के लिए कांग्रेस झूठ, भय और भ्रम ना फैलाए। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है। कांग्रेस जहां-जहां राज्य सरकार बनाती है वहां एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण काटकर अपने वोट बैंक को देती है। कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी लगाई। श्री अनुराग ठाकुर ने आगे प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक विडियोज के मामले को बेहद शर्मनाक करार देते हुए कहा कि "इस मामले में कानून को अपना काम कर कठोर कारवाई करनी चाहिए। कानून व्यवस्था राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। जिस समय पर यह वीडियो बाहर आए हैं उससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस के पास इन वीडियोज की जानकारी पहले से थी। तो फिर उन्होंने अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं कि? ऐसे मुद्दे का राजनीतिक लाभ क्यों उठाना चाहा? आखिर क्यों कांग्रेस की राज्य सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही? कांग्रेस को अपनी मजबूरियां बतानी चाहिए।



● कांग्रेस का हर बड़ा नेता झूठ के बदौलत अपना पूरा प्रचार चला रहा है

# पूर्व आईपीएस अधिकारी गुरिंदर ढिल्लों कांग्रेस में शामिल हुए

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी गुरिंदर सिंह ढिल्लों मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले ढिल्लों का कांग्रेस के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव ने पार्टी में स्वागत किया। यादव ने कहा कि ढिल्लों कांग्रेस और राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी के साथ जुड़े हैं।ढिल्लों ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वह राहुल गांधी से प्रभावित हैं।उन्होंने कहा, मैंने एक पुलिस अधिकारी के रूप में लगभग दो दशकों तक अपने राज्य पंजाब की सेवा की है... मैं राहुल गांधी से अपनी ड्यूटी के दौरान दो पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह पूरे समर्पण के साथ उसका निर्वहन करेंगे। 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी ढिल्लों ने तीन दशक से अधिक समय की सेवा के बाद पिछले दिनों स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली।सेवा से विदा लेने के समय ढिल्लों पंजाब पुलिस में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) के रूप में कार्यरत थे।


कांग्रेस मुख्यालय में पंजाब कांग्रेस के प्रभारी देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को पंजाब पुलिस के पूर्व एडीजीपी गुरिन्दर सिंह ढिल्लों व उनकी पत्नी को कांग्रेस में शामिल कराया।

कौन बनाता हिंदुस्तान- भारत का मजदूर, किसान

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

''कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा''

संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी




# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

बुधवार 1 मई, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 19 बैशाख 2081

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 121
Ph. : 011-30712200, 45212200

अंतिम पृष्ठ
रोहित को कप्तानी, हार्दिक उकप्तान



DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
—DHIRAJ DHIR GROUP—
Today's Hallmark 92% Gold Rate ₹66300/- per 10gms. *T&C apply
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES ONLY 7% ON ALL ITEMS
LAJPAT NAGAR-II: D-32 Central Mkt. Ph: 47284728

## राष्ट्रीय सर्राफा

| | सोना | | चांदी |
|---|---|---|---|
| दिल्ली 24K | 72750 | चांदी तैयार | 83500 |
| कोलकाता 24K | 72600 | चांदी तैयार | 83500 |
| मुम्बई 24K | 72600 | चांदी तैयार | 83500 |
| चेन्नई 24K | 73640 | चांदी तैयार | 87000 |

## विदेशी मुद्रा बनाम रुपया

| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 81.60 | 85.28 |
| पौंड स्टर्लिंग | 102.22 | 107.17 |

## शेयर सूचकांक

| | | |
|---|---|---|
| BSE | 74482.78 | -188.50 |
| NSE | 22604.85 | -38.55 |

**IPL 2024 आज के मैच**

चेन्नई सुपर किंग्स VS पंजाब किंग्स

चेन्नई : शाम 7.30 बजे से

# चुनाव से पहले गिरफ्तारी क्यों?

## केजरीवाल मामले में सुप्रीम कोर्ट का ईडी से सवाल

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली





- जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण, आप इससे इन्कार नहीं कर सकते : कोर्ट की टिप्पणी
- क्या न्यायिक कार्यवाही के बिना आपराधिक कार्यवाही शुरू की जा सकती है?

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आम चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल किया और जांच एजेंसी से इसका जवाब मांगा।न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ नेआम चुनाव से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से जवाब देने के लिए कहा। पीठ ने कहा, ''जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते।''

पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल भी पूछे। पीठ ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा जिसमें उन्होंने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इस मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है।कोर्ट ने कहा, "क्या न्यायिक कार्यवाही के बिना आप यहां जो कुछ हुआ है उसके संदर्भ में आपराधिक कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। इस मामले में अब तक कुर्की की कोई कार्यवाही नहीं हुई है और यदि हुई है तो दिखाएं कि मामले में केजरीवाल कैसे शामिल है?


सुप्रीम कोर्ट ने कहा, "जहां तक मनीष सिसौदिया मामले की बात है। पक्ष और विपक्ष में निष्कर्ष हैं तो हमें बताएं कि केजरीवाल मामला कहां है?। उनका मानना है कि धारा 19 की सीमा, जो अभियोजन पर जिम्मेदारी डालती है, न कि आरोपी पर, काफी ऊंची है और इस प्रकार नियमित जमानत की मांग नहीं होती। क्योंकि वे धारा 45 का सामना कर रहे हैं और जिम्मेदारी उन पर आ गई है। तो हम इसकी व्याख्या कैसे करें। क्या हम सीमा को बहुत ऊंचा बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि जो व्यक्ति दोषी है उसका पता लगाने के लिए मानक समान हो।

कोर्ट ने सवाल खड़े करते हुए कहा, "कार्यवाही शुरू होने और फिर गिरफ्तारी आदि की कार्रवाई के बीच का इतने समय का अंतराल क्यों ?

### वकील ने गिरफ्तारी को बताया अवैध

**सुप्रीम** कोर्ट जब इस मामले में सोमवार को सुनवाई कर रहा था तो उस वक्त जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच के सामने केजरीवाल की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि आपने ट्रायल कोर्ट के सामने जमानत दाखिल नहीं किया? तब सिंघवी ने कहा कि जमानत अर्जी दाखिल नहीं की। कोर्ट ने सवाल किया का आखिर उनकी ओर से जमानत अर्जी दाखिल क्यों नहीं की गई? सिंघनी ने कहा कि इसके लिए कई कारण थे और उन कारणों में यह कारण भी है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी अवैध है और यह पीएमएलए एक्ट की धारा-19 का उल्लंघन है। कोर्ट ने बार-बार समन जारी होने के बावजूद भी केजरीवाल के पूछताछ के लिए पेश न होने पर सवाल उठाया और कहा कि ऐसी स्थिति में जांच अधिकारियों के पास क्या रास्ता था? इस पर सिंघवी ने कहा कि बयान दर्ज नहीं कराना गिरफ्तारी का आधार नहीं है। जब ईडी गिरफ्तारी के लिए सीएम आवास आ सकती है तो वो बयान दर्ज कराने के लिए क्यों नहीं आ सकते?

> किसी से खफा होने के डर से सच्ची बात पर पर्दा थोड़े ही डाला जाता है।
> -मुंशी प्रेमचंद





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

## सैक्स और सियासत

**सत्ता** के गलियारे कई बार राजनीतिज्ञों की वजह से बदनाम हुए हैं। राजनीति का घोटाले से ही संबंध नहीं बल्कि सैक्स से भी गहरा रिश्ता रहा है। यौन संबंधों की तपिश तो राजनीतिज्ञों के कार्यालयों से राजभवनों तक भी पहुंचती रही है। सैक्स स्कैंडल जब बैडरूम से निकल कर सड़कों पर आ जाते हैं तो राजनीतिक बिरादरी शर्मसार होती है। बार-बार राजनीति शर्मसार होती है और नेता बेनकाब होते हैं तो नैतिकता और महिला सम्मान की दुहाई देने वाले नेताओं के सिर शर्म से झुक जाते हैं। नेताओं की करतूतों की कीमत हर बार महिलाओं को चुकानी पड़ती है। कवयित्री मधुमीता, गीता हो या कविता सबको इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी है। आज के समय में इंटरनेट पर अश्लील तस्वीरें या वीडियो सार्वजनिक हो जाना आम बात है लेकिन यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है जब इनका संबंध देश की राजनीति में सक्रिय नेताओं से होता है। सत्ता के मद में यह नेता सही और गलत क्या है भूल जाते हैं और अपनी सार्वजनिक छवि खराब कर लेते हैं। इसी कड़ी में ताजा मामला कर्नाटक का है जहां पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते और जनता दल (एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना के सैक्स स्कैंडल से राजनीति में तूफान मच गया है।

प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो के सामने आ जाने के बाद सियासत में उबाल आना स्वाभाविक है, क्योंकि लोकसभा चुनावों के दौरान हर कोई हिसाब-किताब बराबर करने में लगा हुआ है। प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी भाग चुका है और जेडीएस ने उसे पार्टी से निलम्बित भी कर दिया है। प्रज्वल ने कर्नाटक की हासन सीट से एनडीए उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा है और इस सीट पर मतदान भी हो चुका है। उसके जो वीडियो वायरल हुए वह रूह कंपा देने वाले हैं। प्रज्वल की हैवानियत से जुड़े कई दावे तो पहले ही किए जाते रहे हैं। भाजपा के स्थानीय नेता तो उसकी उम्मीदवारी के भी खिलाफ थे। स्पष्ट है कि गठबंधन की मजबूरियों के चलते उसे लोकसभा का टिकट दे दिया गया।

प्रज्वल की इस हरकत को लेकर कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि वो मानसिक बीमारी से ग्रसित है, तो कुछ ने सैक्स एडेक्टिव बताया है। इस घटना को महिला आयोग ने दुनिया का सबसे बड़ा सैक्स स्कैंडल करार दिया है। वीडियो में जो करतूतें सामने आई हैं वो बेहद खौफनाक हैं। ज्यादातर वीडियोज में पीड़ित महिलाएं गिड़गिड़ाती नजर आ रही हैं, खुद को छोड़ने के लिए गुहार लगा रही हैं, हाथ जोड़ कर विनती कर रही हैं लेकिन इसका जरा भी असर प्रज्वल पर नहीं पड़ रहा है। वो महिलाओं के साथ जबरदस्ती करता दिख रहा है, कई क्लिप में तो वो खुद ही इन यौन शोषण का वीडियो बनाता नजर आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रज्वल के 1 हजार से ज्यादा सैक्स वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

प्रज्वल रेवन्ना के पिता कर्नाटक में विधायक हैं और चाचा एचडी कुमारास्वामी कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। यद्यपि प्रज्वल के करीबी अश्लील वीडियोज को फेंक बता रहे हैं लेकिन सबसे पहले यह मामला जून 2023 में सामने आया, जब प्रज्वल ने बैंगलुरु सिविल कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद यह मुद्दा इसी वर्ष जनवरी में हासन के वकील और भाजपा नेता जी. देवराजे गौड़ा ने उठाया था। जी.देवराजे वही नेता हैं जिनकी कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका के बाद प्रज्वल को बतौर सांसद अयोग्य करार दिया गया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले पर रोक लगाई थी। राजनीति में प्रतिद्विंद्वता कोई नई बात नहीं है लेकिन जरूरी यह है कि दूध का दूध और पानी का पानी साफ हो जाए। देश के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो हर राजनीतिक दल सैक्स स्कैंडलों की चपेट में आते रहे हैं।

राजस्थान का भंवरी देवी सैक्स स्कैंडल, एनडी तिवारी के सैक्स स्कैंडल, मधुमिता शुक्ला हत्याकांड, शिल्पी गौतम हत्याकांड, जलगांव रेप केस, 1978 का सुरेश-सुषमा हत्याकांड और 1997 का केरल में आईसक्रीम पार्लर सैक्स स्कैंडल और अन्य कई ऐसे स्कैंडलों ने सत्ता को हिलाकर रख दिया था। मी-टू में फंसने वाले नेताओं के नामों की भी एक पूरी श्रृंखला है। राजनीति में नेताओं का चरित्र ही सबसे बड़ी पूंजी होता है। जनता दल (एस) के नेताओं के लिए तो यह शर्मनाक पल है बल्कि देश के लोकतंत्र पर एक बार फिर कलंक लगा है। हासन में महिलाओं के अश्लील वीडियो पैन ड्राइव में बांटे जा रहे हैं और सोशल मीडिया पर भी शेयर किए जा रहे हैं। यह भी बहुत चिंता का विषय है। क्योंकि इन वीडियो में अनेक महिलाएं हैं जो समाज में बदनाम होने के चलते आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा सकती हैं। कर्नाटक सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है। बेहतर यही होगा कि जांच पारदर्शितापूर्ण और ईमानदारी से हो। राज्य सरकार को यह साबित करना है कि कानून का शासन ही सर्वोच्च है। प्रज्वल रेवन्ना को भी जांच का सामना करना ही चाहिए। अगर वह भागता रहा तो साफ है कि वह दोषी है। देखना होगा कि कर्नाटक में राजनीति का ऊंट किस करवट बैठता है।

# डॉक्टर्ड वीडियो मामले में दो गिरफ्तार

**पंजाब केसरी**/अहमदाबाद



- गिरफ्तार लोगों में कांग्रेस विधायक जिग्नेश का पीए भी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच ने कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी के पीए सतीश वंसोला समेत 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। दूसरा व्यक्ति आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। इस संबंध में साइबर क्राइम डीसीपी लवीना सिन्हा ने कहा कि इन दोनों आरोपियों ने पालनपुर और लिंकेडा के एक जागरूकता फैलाने वाले वीडियो को एडिट किया था। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये दोनों आरोपी का संबंध राजनीतिक पार्टियों से है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वीडियो कहां से लिया गया और इसे किसने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि एडिटिंग किसने की। सतीश वंसोला ने अपने फेसबुक प्रोफाइल पर साझा किया। आरबी बारिया ने अपने फेसबुक हैंडल से वीडियो भी वायरल किया।

### 'मोहब्बत की दुकान' में बेचे जा रहे हैं फर्जी वीडियो

**पंजाब केसरी**/धाराशिव (महाराष्ट्र)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा नीत सरकार से मुकाबला नहीं कर पा रहे प्रतिद्वंद्वी सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो प्रसारित करने के लिए तकनीक का दुरुपयोग कर रहे हैं। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''अब उनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि उनके झूठ भी काम नहीं कर रहे हैं। वे कृत्रिम मेधा के जरिए मेरे चेहरे का उपयोग कर रहे हैं...अपनी 'मोहब्बत की दुकान' में फर्जी वीडियो बेच रहे हैं। झूठ की यह दुकान बंद होनी चाहिए।''मोदी ने कहा, ''विरोधी मेरे जैसे नेताओं के उद्धरणों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले भी यह आशंका व्यक्त की थी कि अगले एक महीने में ऐसी कई बड़ी घटनाएं हो सकती हैं क्योंकि विरोधी ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं यह आरोप बड़ी गंभीरता से लगा रहा हूं।

# नौसेना हर समय तैयार रहे : एडमिरल त्रिपाठी

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली



एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नौसेना के 26वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद कहा कि भारतीय नौसेना को समुद्र में संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय अभियान की दृष्टि से तैयार रहना होगा। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ एडमिरल त्रिपाठी ने आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद यह जिम्मेदारी संभाली है।एडमिरल हरि कुमार चार दशकों के शानदार कॅरियर के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।एडमिरल त्रिपाठी ने ऐसे समय में नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली है जब लाल सागर और अदन की खाड़ी समेत अनेक रणनीतिक जलमार्गों पर सुरक्षा चुनौतियां पैदा हुई हैं जिनमें क्षेत्र में हूती उग्रवादियों द्वारा विभिन्न कारोबारी जहाजों को निशाना बनाया जाना शामिल है। उन्होंने कहा ''पिछले कुछ सालों में हमारी नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट, विश्वसनीय और भविष्य के लिहाज से तत्पर बल के रूप में विकसित हुई है।'' उन्होंने कहा, ''समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय नौसेना को शांतिकाल में संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय परिचालन दृष्टि से तैयार रहना होगा।

# निजीकरण-राष्ट्रीय हितों की समकालीन व्याख्या की जरूरत

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि 'कोई भी निजी संपत्ति समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं है' और 'प्रत्येक निजी संपत्ति समुदाय का भौतिक संसाधन है'', ये दो अलग दृष्टिकोण हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि निजीकरण और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए इसकी समकालीन व्याख्या किए जाने की आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह भी कहा कि निजी और सार्वजनिक संपत्तियों के बीच बड़ा विरोधाभास नहीं हो सकता है। पीठ ने कहा, ''...हम आज भी निजी संपत्ति की रक्षा करते हैं, हम अभी भी व्यवसाय जारी रखने के अधिकार की रक्षा करते हैं। हम अभी भी इसे राष्ट्रीय एजेंडे के हिस्से के रूप में चाहते हैं। मैं इसे सरकार का एजेंडा नहीं कहता।'' पीठ ने कहा कि सरकार चाहे किसी भी पार्टी की हो, 1990 से ही निजी क्षेत्र द्वारा निवेश को प्रोत्साहित करने की नीति रही है। पीठ इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न पर निर्णय लेने के लिए चौथे दिन दलीलें सुन रही थी कि क्या निजी संपत्तियों को भी संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत ''समुदाय का भौतिक संसाधन'' माना जा सकता है।

## पहले-दूसरे चरण की वोटिंग 66% पार



**नई दिल्ली:** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण में क्रमशः 66.14 प्रतिशत और 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। बाद में चुनाव आयोग ने सारे डाटा अपडेट करते हुए नए आंकड़े मंगलवार को जारी किए। (पढ़ें पृष्ठ-4 पर)

## गोदरेज परिवारों में प्रोपर्टी का हो गया बंटवारा

(पढ़ें पृष्ठ-8 पर)


# 3 महिलाओं समेत 10 नक्सली ढेर

**पंजाब केसरी**/नारायणपुर



छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। इसी बीच राज्य के गृह विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से आग्रह किया है कि वे समर्पण करें एवं सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। शर्मा ने बताया कि जिलों के टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती अबूझमाड़ क्षेत्र में 'डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड' (डीआरजी) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ़) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान आज सुबह लगभग छह बजे जब सुरक्षाबल के जवान टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में थे तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद सुरक्षाबलों ने जब घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां 10 शव बरामद हुए हैं। उनके अनुसार सुरक्षाबल के सभी जवान सुरक्षित हैं।

# दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष बने देवेंद्र यादव



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देवेंद्र यादव को दिल्ली कांग्रेस का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया है। देवेंद्र यादव दिल्ली विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं और वर्तमान में पंजाब कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हैं।

यह फैसला अरविंदर सिंह लवली के दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद पार्टी ने लिया है। देवेंद्र यादव दिल्ली के बादली निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के सदस्य रहे हैं। आम आदमी पार्टी के अस्तित्व में आने के बाद वह 'आप' उम्मीदवार से चुनाव हार गए थे। (पृष्ठ-5 भी देखें)

**बुरी खबर** ब्रिटिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में साइड इफेक्ट्स की बात स्वीकारी

# कोविशील्ड से हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक का खतरा

**एजेंसी/लंदन**




कभी कोई डांस करते मौत का शिकार बनता है तो किसी की जान एक्सरसाइज करते वक्त चली जाती है। आपने भी ऐसा गौर किया होगा। क्योंकि आए दिन देश के किसी हिस्से से इस तरह की खबर और वीडियो सामने आते हैं, जिसमें हंसता-खेलता इंसान असमय चला जाता है। कोविड 19 महामारी के बाद से अचानक इस तरह की मौतों का ग्राफ बढ़ा है। लोगों के मन में शंका पैदा होती है क्या कोविड वैक्सीन इसकी वजह तो नहीं? इन शंकाओं के बीच कोरोना का टीका बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने बड़ा खुलासा किया है।

ब्रिटिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अदालत में पेश किए गए दस्तावेजों में स्वीकार किया है कि उसकी कोविड वैक्सीन से साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। साइड इफेक्ट्स में हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक शामिल हैं। लेकिन ऐसे मामले दुर्लभ हैं। महामारी के दौरान एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित कोविशील्ड का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। देश में तमाम लोगों को इस वैक्सीन की डोज लगी थी। कोरोना महामारी के वक्त पूरी दुनिया में ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन को कोविशील्ड और वैक्सजेवरिया समेत कई नामों से बेचा गया था। इस वैक्सीन की वजह से होने वाली मौतों समेत कई गंभीर बीमारियों को लेकर जैमी स्कॉट और अन्य कई परिवारों ने एस्ट्राजेनेका पर केस दायर किया था। जैमी पहले शिकायतकर्ता हैं। जैमी स्कॉट ने आरोप लगाया है कि उन्हें अप्रैल 2021 में टीका लगाया गया था। इसके बाद से वह परमानेंट ब्रेन इंजरी से ग्रसित हैं। उनके दिमाग में रक्त का थक्का जम गया। उन्होंने दावा किया कि खून का थक्का जमने से वह कोई काम नहीं कर पा रहे हैं। अस्पताल ने उनकी पत्नी को तीन बार यहां तक कहा कि वह मरने वाले हैं। फिलहाल, यूके हाई कोर्ट में 51 मामलों में पीड़ित 100 मिलियन पाउंड तक के हर्जाने की मांग कर रहे हैं। भारत में सबसे ज्यादा कोविशील्ड के टीके लगे। भारत में कोविशील्ड और कोवैक्सीन की इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी 2 जनवरी 2021 को सरकार ने दी थी। इसके बाद 16 जनवरी 2021 को हेल्थ वर्कर्स के जरिए वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई। सबसे पहले 2 फरवरी को फ्रंटलाइन वर्कर्स को टीका लगाए गए।

### एस्ट्राजेनेका ने शुरुआत में दावों को किया खारिज

एस्ट्राजेनेका ने पहले शिकायतकर्ताओं के दावों का विरोध किया। लेकिन फरवरी में एक अदालती दस्तावेज में स्वीकार किया कि कोविशील्ड टीटीएस (थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ थ्रोम्बोसिस) का कारण बन सकता है। हालांकि ऐसे मामले दुर्लभ हैं। एस्ट्राजेनेका ने जैमी स्कॉट के दावे के कानूनी बचाव में साइड इफेक्ट्स की बात कबूल की है। इससे पीड़ितों और मृतकों के रिश्तेदारों को हर्जाना मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। फिलहाल, ब्रिटेन में एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन का इस्तेमाल बंद कर दिया गया है।

# चुनावों के पहले और दूसरे चरण की वोटिंग 66% पार



● चुनाव आयोग ने जारी किया फाइनल डाटा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): चुनाव आयोग ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव में पहले और दूसरे चरण में हुई वोटिंग का फाइनल आंकड़ा जारी कर दिया। चुनाव आयोग ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।दरअसल, पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 102 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था और दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को 88 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था। 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में दोनों चरणों में मतदान में गिरावट दर्ज की गई है। 2019 के चुनावों में पहले और दूसरे चरण में क्रमश: 69.43 और 69.17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। बता दें कि इस साल हुए लोकसभा चुनाव में मतदान के पहले चरण में लक्षद्वीप (84.1 प्रतिशत) में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया है, जबकि बिहार (49.26 प्रतिशत) में 19 अप्रैल को मतदान होने वाले 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे कम मतदान दर्ज किया गया है। दूसरे चरण के मतदान की बात करें तो मणिपुर में सबसे अधिक 84.85 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि उत्तर प्रदेश में सबसे कम 55.19 प्रतिशत मतदान हुआ। गौरतलब है कि इस बार लोकसभा चुनाव सात चरणों में हो रहा है। चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होकर एक जून तक चलेगा।

इसमें देश की 543 लोकसभा सीटों पर जनता अपने-अपने प्रत्याशी को चुनने के लिए वोट डालेंगे। दो चरणों का मतदान समाप्त होने के बाद, शेष निर्वाचन क्षेत्रों में पांच चरणों में मतदान होगा। इसके लिए 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को वोटिंग होनी है। वहीं वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

# सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी : जनरल पांडे



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना प्रणाली जैसे नये क्षेत्रों में पहुंच गया है और भारत को भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी क्षमताएं विकसित करनी होंगी।

सेना प्रमुख ने विशेष रूप से सशस्त्र बलों में ''प्रौद्योगिकी समावेशन'' और ''आत्मनिर्भरता'' के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि दोनों अलग-अलग हैं फिर भी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जनरल पांडे ने कहा कि भारत को अपनी स्वदेशी सैन्य क्षमताएं विकसित करनी चाहिए क्योंकि कोई भी देश उसके साथ नवीनतम, उन्नत और महत्वपूर्ण तकनीक साझा नहीं करेगा। उन्होंने कहा, ''युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना जैसे नए क्षेत्रों में पहुंच गया है। इनके परिणामस्वरूप, पारंपरिक सैन्य बल अनुपात, जो अतीत में सैन्य ताकत और श्रेष्ठता का पैमाना था, आज गौण हो गया है।''

जनरल पांडे ने चौथे जनरल के सुंदरजी स्मृति व्याख्यान में यह टिप्पणी की। उन्होंने युद्ध के मैदान पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने की जरूरत पर प्रकाश डाला। सेना प्रमुख ने कहा, ''युद्ध लड़ने की प्रणालियों में प्रौद्योगिकी को शामिल करने और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता आज भी कायम है।'' उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण घटकों के लिए बाहरी निर्भरता के प्रभाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, कोविड-19 महामारी के दौरान और रूस-यूक्रेन संघर्ष से भी सबक मिले। उन्होंने कहा, ''हमें यह जानने की जरूरत है कि कोई भी देश हमारे साथ नवीनतम, उन्नत और महत्वपूर्ण तकनीक साझा नहीं करेगा।''

**साइबर क्षेत्र की बढ़ी अहमियत**

जनरल पांडे ने कहा कि महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में साइबर क्षेत्र की बढ़ती अहमियत के परिणामस्वरूप डिजिटल टकराव नए युद्धक्षेत्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा, "आज सूचना क्षेत्र ने नए आयाम प्राप्त कर लिए हैं। जब हम युद्धक्षेत्र के डिजिटलीकरण के बारे में बात करते हैं, तो हम सैन्य उपकरणों की मारक क्षमता और सटीकता में कई गुना वृद्धि और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स और नैनो-प्रौद्योगिकी जैसी प्रौद्योगिकियों के प्रसार में वृद्धि के गवाह भी बन रहे हैं।"

# पन्नू मामले पर वाशिंगटन पोस्ट की खबर पूरी तरह से झूठ

● विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को अवांछित और निराधार करार दिया

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

अमेरिका अखबार 'द वाशिंगटन पोस्ट' की एक खबर में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी का नाम लिए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को भारत ने कहा कि खबर में एक गंभीर मामले में ''अवांछित और निराधार'' आरोप लगाए गए हैं।



अखबार ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से पन्नू की कथित हत्या की साजिश के संबंध में एक रॉ अधिकारी का नाम लिया है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''रिपोर्ट में एक गंभीर मामले में अवांछित और निराधार आरोप उन्होंने कहा, ''भारत सरकार ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों तथा अन्य के नेटवर्क पर अमेरिकी सरकार द्वारा साझा की गईं सुरक्षा चिंताओं की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है जिसकी जांच जारी है।'' उन्होंने कहा, ''इस पर काल्पनिक और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों की जरूरत नहीं है।'' पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर अमेरिका में सिख अलगाववादी पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में भारत सरकार के एक आधिकारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया था।भारत में आतंकवाद के आरोपों में वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है।विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सात दिसंबर को संसद में कहा था कि भारत ने इस मामले में अमेरिका से प्राप्त सूचना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की है क्योंकि इस मामले से देश के राष्ट्रीय हित भी जुड़े हैं।

# कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छोंकर के पुत्र को ईडी ने किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम,** (पंजाब केसरी): समालखा के कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छोंकर के पुत्र सिकंदर छोंकर को आज ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। सिकंदर छोंकर की माहिरा होम्स कंपनी में भागीदारी है। कंपनी व निवेशकों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। जिसे लेकर कई बार कांग्रेस विधायक के गृह क्षेत्र में भी निवेशक अपनी फरियाद लेकर पहुंच चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार निवेशकों की शिकायत पर ही संज्ञान लेते हुए ईडी ने अपना सख्त रवैया अपनाया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है। कंपनी की ओर से अधिकारिक तोर पर इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है। बता दें कि माहिरा होम्स ग्रुप पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से सेक्टर-68 प्रोजेक्ट का लाइसेंस हासिल करने के लिए विभाग में फर्जी बैंक गारंटी सहित जाली दस्तावेज जमा करके धोखाधड़ी और जालसाजी करने का आरोप है। इस प्रोजेक्ट में कंपनी ने करीब 1500 आवंटियों को फ्लैट बेचकर लगभग 363 करोड़ रुपये वसूले हैं। अभी तक प्रोजेक्ट को पूरा नहीं किया गया, जिसके चलते आवंटी लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ईडी की जांच से पता चला कि बिल्डर द्वारा सभी फर्म में फर्जी निर्माण सामग्री के बिल बुक कर घर खरीदारों के पैसे की हेराफेरी की गई।



**फरवरी 2024 में की थी 36 करोड़ की संपत्ति जब्त**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माहिरा होम्स बिल्डर और उससे जुड़ी कंपनियों पर फरवरी 2024 में बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्रुप और निदेशकों की 36.52 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली थी। ईडी द्वारा माहिरा होम्स ग्रुप से जुड़ी साई आइना, डीएस होम कंस्ट्रक्शंस, सिकंदर और विकास छोकर से संबंधित संपत्तियों को भी जब्त किया गया था। दरअसल, उस दौरान ईडी की जांच में सामने आया था कि सेक्टर-68 स्थित माहिरा होम्स के अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट में बिल्डर की तरफ से करीब 113 करोड़ रुपये के फंड की हेराफेरी की गई है। इस मामले की जांच जारी है। दरअसल, माहिरा होम्स गु्रप और इन निदेशकों की करीब 8.94 करोड़ की चल और 27.57 करोड़ की नौ अचल संपत्तियों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई मनी-लान्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रविधानों के तहत की गई थी।

# 'सेक्स स्कैंडल' में फंसे जदएस सांसद रेवन्ना निलंबित किये



**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी): जनता दल सेक्युलर (जदएस) ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में संलिप्तता के लिए हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को मंगलवार को पार्टी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। हुब्बल्ली में पार्टी की कोर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा से रेवन्ना के निलंबन की सिफारिश की थी, जिसके चंद मिनटों बाद ही हासन के सांसद को निलंबित कर दिया गया। देवेगौड़ा, रेवन्ना के दादा हैं।

निलंबन आदेश में कहा गया है, 'हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के वीडियो सोशल मीडिया और मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित हो रहे हैं, जिसके चलते पार्टी और आलाकमान को भारी शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है।' मामले की जांच के लिए कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा विशेष जांच दल गठित किये जाने का जिक्र करते हुए आदेश में कहा गया है, 'मामले को देखते हुए और अनुशासन के उल्लंघन एवं दंड के लिए जदएस के संविधान एवं नियमों के अनुसार, प्रज्वल रेवन्ना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।' पार्टी महासचिव के आर शिवकुमार द्वारा हस्ताक्षरित निलंबन आदेश जदएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मंजूरी के बाद मीडिया में जारी किया गया। हासन से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-जदएस गठबंधन के उम्मीदवार प्रज्वल (33) एच.डी. देवेगौड़ा के बड़े बेटे एच.डी. रेवन्ना के बेटे हैं, जो विधायक और पूर्व मंत्री हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव की सार्वजनिक माफी में 'उल्लेखनीय सुधार' की प्रसंशा की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित बिना शर्त सार्वजनिक माफी में ''उल्लेखनीय सुधार'' की मंगलवार को सराहना की। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानउल्लाह की पीठ ने रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की ओर से न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा कि माफी की भाषा ठीक है और उनमें नाम भी मौजूद हैं। न्यायमूर्ति अमानउल्लाह ने कहा, ''मैं नहीं जानता कि दूसरा माफीनामा किसकी पड़ताल पर है। इसमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''हम इसकी सराहना करते हैं। अब आखिरकार वे समझ गए।'' उन्होंने कहा कि इससे पहले जब माफी प्रकाशित की गई थी तब केवल कंपनी का नाम ही उसमें दिया गया था।

न्यायमूर्ति अमानउल्लाह ने कहा, ''अब नाम भी छपे हैं। यह एक उल्लेखनीय सुधार है, हम इसकी सराहना करते हैं। भाषा भी ठीक है।'' पीठ ने कहा, ''रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि यह दस्तावेज दाखिल किये जाने पर उसे स्वीकार कर लिया जाए।'' न्यायालय ने विषय की सुनवाई सात मई के लिए निर्धारित कर दी।



**योग गुरु और बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट में पेशी से छूट भी**

रोहतगी ने सुनवाई की अगली तारीख पर रामदेव और बालकृष्ण को न्यायालय में उपस्थित होने से छूट देने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा, ''सुनवाई की अगली तारीख के लिए यह छूट दी जाती है।" शीर्ष अदालत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति को बदनाम करने का अभियान चलाया गया। शीर्ष अदालत ने 23 अप्रैल को मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक माफी रिकॉर्ड में नहीं हैं। न्यायालय दो दिन के अंदर इसे दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# मणिपुर में महिला प्रदर्शनकारियों ने जब्त हथियार और गोला बारूद ले जा रहे सैनिकों को रोका

**इंफाल,** (पंजाब केसरी) : मणिपुर के विष्णुपुर में जब्त किए गए हथियारों और गोला बारूद को ले जा रहे सेना के काफिले को मंगलवार को महिला प्रदर्शनकारियों द्वारा रोके जाने का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात कुम्बी इलाके में गश्त के दौरान सेना के दो महार रेजिमेंट के जवानों ने दो वाहनों को रोका। एक अधिकारी ने बताया, ''सेना के जवानों को देख दोनों वाहनों में सवार लोग गाड़ी में रखे हथियारों को छोड़ फरार हो गए।'' उन्होंने बताया कि बाद में मेइती महिलाओं के नागरिक समूह 'मीरा पाइबिस'की सदस्य मौके पर पहुंचीं और हथियारों को उन्हें सौंपने की मांग की। अधिकारी ने बताया कि महिलाओं ने मांग की कि पिछले साल मई से शुरू जातीय हिंसा के समाप्त होने तक कोई हथियार जब्त नहीं किया जाए। उन्होंने बताया कि सैकड़ों की संख्या में एकत्र महिलाओं ने सड़क को बाधित कर दिया और सेना के काफिले को गुजरने से रोका। अधिकारी ने बताया कि सेना ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवा में गोलियां चलाईं लेकिन यह कदम भी महिलाओं पर बेअसर रहा। अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर राज्य पुलिस के जवानों को मौके पर रवाना किया गया। इसके बाद इस बात पर सहमति बनी कि सेना हथियारों को बाद में पुलिस को सौंप देगी। प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं का नेतृत्व कर रही जया खागेनबाम ने कहा, ''कुंबी जैसे सीमांत क्षेत्र की रखवाली करने वाले गांव के स्वयंसेवकों से हथियार जब्त करने से हमें चुराचांदपुर जिले के निकटवर्ती पहाड़ी इलाकों से सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा संभावित हमलों का खतरा हो सकता है।'' उन्होंने कहा,''सुरक्षा बलों को याद रखना चाहिए कि घाटी के बाहरी इलाकों में स्थित गांवों की सुरक्षा करने में उनकी असमर्थता के कारण गांव में स्वयंसेवकों का उदय हुआ।''

**आईएमए चीफ डॉ. अशोकन ने कहा कोरोना से सबक नहीं लिया**

# स्वास्थ्य क्षेत्र बेसहारा, आयुष्मान योजना की सही तैयारी नहीं हुई



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): स्वास्थ्य को ''बेसहारा'' करार देते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रमुख डॉ आर वी अशोकन ने कहा है कि कोविड संकट के बाद कोई सबक नहीं सीखा गया और हर किसी के ''सबकुछ ठीक है'' मान लेने के चलते राजनीतिक दलों के लिए यह एक शीर्ष प्राथमिकता नहीं है। अशोकन ने बातचीत में सरकार की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना को ''सही से तैयार नहीं किया गया और वित्त की कमी वाला'' बताया तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा, ''स्वास्थ्य बेसहारा है। यहां तक कि कोविड महामारी के बाद भी कोई व्यक्ति स्वास्थ्य के बारे में बात नहीं करना चाहता, जबकि उस समय असल में इसे आंतरिक सुरक्षा का विषय माना जा रहा था। हमने कोई सबक नहीं सीखा है। हम 'सब कुछ ठीक' है मानते रहेंगे।'' अशोकन ने मौजूदा चुनाव के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र पर ध्यान दिये जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''दुख की बात है कि स्वास्थ्य राजनीतिक दलों की शीर्ष प्राथमिकताओं में नहीं है।'' आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य (एबी-पीएमजेएवाई) योजना पर विस्तार से बात करते हुए अशोकन ने कहा कि योजना का ''व्यापक दृष्टिकोण'' था और इससे काफी उम्मीदें थीं। उन्होंने कहा, ''लेकिन इसे सही से तैयार नहीं किया गया। और पर्याप्त वित्त नहीं मिलने के कारण यह ध्वस्त होने के कगार पर है। मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि इसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री ने गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के लोगों के लिए की थी लेकिन शायद इसे नीति आयोग और नौकरशाहों ने तैयार किया था।'' आईएमए प्रमुख ने कहा, ''सरकारी अस्पतालों में इलाज पहले से नि:शुल्क है। ऐसे में, मरीजों को नया क्या मिल रहा? चाहे यह सरकारी अस्पतालों के जरिये दिया जाए या आयुष्मान भारत के मार्फत, मरीज को कुछ भी नया नहीं मिल रहा...।'' उन्होंने कहा, ''हमें इस योजना को संचालित करने के लिए सालाना कम से कम 1.6 लाख करोड़ रुपये चाहिए।



# मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर: दिल्ली उच्च न्यायालय




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर है क्योंकि वह मीडिया समूह टीवी टुडे नेटवर्क को उसकी शिकायत पर ठीक से जवाब देने में विफल रही।

अदालत ने इंस्टाग्राम पर मीडिया समूह के पेज हार्पर बाजार इंडिया को 'ब्लॉक' करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा की खिंचाई करते हुए कहा कि अगर मीडिया संस्थान की शिकायत पर फैसला नहीं किया जाता है, तो अदालत प्रथम दृष्टया टिप्पणी करेगी कि सोशल मीडिया मंच टीवी टुडे के वकील को चक्कर लगवा रहा है। पीठ ने कहा, ''आप सरकारी विभाग से भी बदतर हैं। आपको सावधान रहना चाहिए। आपको स्थिति के प्रति सचेत रहना होगा। आपकी प्रणाली काम नहीं कर रही है। इसे ठीक करना होगा।''


पीठ ने कहा कि मेटा को चीजें दुरुस्त करनी चाहिए अन्यथा अदालत आदेश पारित कर सकती है। अदालत टीवी टुडे नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मीडिया संस्थान ने तीसरे पक्ष द्वारा उसके कॉपीराइट के उल्लंघन को लेकर शिकायत पर उसके इंस्टाग्राम पेज को ब्लॉक करने के खिलाफ अदालत का रुख किया है।

# प्रियंका नहीं लड़ेंगी चुनाव : रायबरेली या अमेठी से लड़ सकते हैं राहुल गांधी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रायबरेली और अमेठी जहां 25 मई को वोटिंग है, को लेकर कांग्रेस में अभी तक सस्पेंस बना रहा लेकिन कांग्रेसी वर्करों को उम्मीद बनी हुई है कि यहां राहुल और प्रियंका ही चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों का कहना है कि प्रियंका चुनाव नहीं लड़ेंगी वह केवल प्रचार करेंगी जबकि राहुल गांधी रायबरेली या अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं। अब देखना है कि घोषणा कब होती है। पहले यह लगभग तय माना जा रहा था कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा अमेठी व रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे। लेकिन अब जबकि नामांकन की अंतिम तिथि में महज तीन दिन बाकी है और पार्टी में चुप्पी है तो तरह-तरह की अटकलें लग रही हैं। हालांकि अभी भी पार्टी उत्तर प्रदेश के चुनावी अखाड़े में इनके उतरने को लेकर सकारात्मक पहल की उम्मीद कर रहा है। लेकिन एक अटकल यह भी है कि संभवत: दोनो उत्तर प्रदेश के मैदान से दूर रहें। ऐसे में सटीक उम्मीदवार की पहचान करनी होगी जो गांधी परिवार का विश्वासपात्र भी हो और जिताउ भी। शायद इसी कारण फैसले में देर हो रही है। कांग्रेस के लिए अमेठी-रायबरेली केवल दो लोकसभा सीट भर नहीं बल्कि उत्तरप्रदेश के साथ समूचे उत्तर भारत में पार्टी की सियासी उम्मीदों की किरण है। पार्टी सूत्रों के अनुसार इसके मद्देनजर ही कांग्रेस नेतृत्व दोनों के निर्णय की प्रतीक्षा कर रहा है और अभी तक उनकी तरफ से कोई नकारात्मक संकेत नहीं है। इसीलिए पार्टी उम्मीद कर रही कि बुधवार-गुरूवार तक गांधी परिवार अपनी परंपरागत सीट से चुनाव लड़ने का फैसला ले लेगा।

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में बढ़कर 5.2% पर



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में सालाना आधार पर बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

इस दौरान कच्चे तेल, सीमेंट और बिजली उद्योग का प्रदर्शन बेहतर रहा। हालांकि, यह वृद्धि दर इस साल फरवरी के 7.1 प्रतिशत की तुलना में कम है। आठ प्रमुख क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर मार्च 2023 में 4.2 प्रतिशत थी। इन क्षेत्रों के उत्पादन की वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 7.5 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 7.8 प्रतिशत के मुकाबले कम है। ये आठ प्रमुख क्षेत्र, देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं। आंकड़ों के अनुसार, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक के उत्पादन में कमी आई। वहीं कच्चे तेल, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि दर मार्च में बढ़कर क्रमश: दो प्रतिशत, 10.6 प्रतिशत और आठ प्रतिशत हो गई। एक साल पहले इन उद्योगों में गिरावट आई थी। आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए, इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि बिजली उत्पादन ने मार्च 2024 में अच्छी वृद्धि दर्ज की।

**संयुक्त किसान मोर्चा की पंजाब चुनावों पर रणनीति का किया ऐलान**

# भाजपा के खिलाफ डटे किसान

● पंजाब के गांवों में प्रश्नावली वाले एक लाख पोस्टर चस्पा किए जाएंगे

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेता हरिंदर सिंह लखोवाल ने मंगलवार को कहा कि पंजाब में चुनाव प्रचार करने आने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों का विरोध करने के लिए ग्रामीणों को लामबंद किया जाएगा।

लखोवाल ने कहा कि किसान भाजपा नेताओं से सवाल पूछना जारी रखेंगे और उनकी मांगें नहीं मानने पर उन्हें काले झंडे दिखाएंगे। भाजपा उम्मीदवारों और नेताओं को अपने चुनाव प्रचार के दौरान कई जगहों पर किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा है। फरीदकोट से भाजपा के उम्मीदवार हंस राज हंस, अमृतसर से उम्मीदवार तरनजीत सिंह संधू, गुरदासपुर में दिनेश बब्बू और पटियाला में परनीत कौर को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा है। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों ने कहा है कि वे भाजपा का विरोध करेंगे और लोगों से चुनाव में पार्टी को 'दंडित' करने के लिए कहेंगे।

लखोवाल ने चंडीगढ़ में पत्रकारों से कहा कि पंजाब के गांवों में प्रश्नावली वाले एक लाख पोस्टर चस्पा किए जाएंगे। अब निरस्त हो चुके कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 में किसानों के आंदोलन का नेतृत्व कर चुके संयुक्त किसान मोर्चा ने भाजपा नेताओं से पूछने के लिए 11-सूत्री प्रश्नावली तैयार की है। प्रश्नावली में किसानों को दिल्ली तक मार्च करने की अनुमति क्यों नहीं दी गई और उनके खिलाफ 'बल' का उपयोग क्यों किया गया जैसे सवाल हैं। लखोवाल ने कहा कि गांवों में लोगों को एकजुट किया जाएगा ताकि जब भाजपा नेता प्रचार के लिए आएं तो वे उनसे सवाल पूछें। उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि लोग शांतिपूर्ण तरीके से भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करें।''

एक अन्य किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि वे विरोध प्रदर्शन के दौरान कोई भी टकराव नहीं चाहते।

## राघव चड्ढा की आईसाइट जा सकती थी : आंख की सर्जरी, जल्द करेंगे प्रचार : भारद्वाज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा की ब्रिटेन में आंख की बड़ी सर्जरी हुई है और स्वस्थ महसूस करने पर वह लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए प्रचार करने के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि सांसद को आंखों की गंभीर बीमारी हो गई थी जिससे अंधापन हो सकता था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कहा कि चड्ढा आम चुनाव के लिए पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। चड्ढा पंजाब से आप के राज्यसभा सदस्य हैं और पार्टी के चुनाव प्रचार से नदारद हैं। भारद्वाज ने कहा, ''राघव चड्ढा की ब्रिटेन में आंख की बड़ी सर्जरी हुई है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत गंभीर थी और अंधेपन की आशंका थी।



# छत्तीसगढ़ में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**बीजापुर,** (पंजाब केसरी): छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार को 16 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर कुल 13 लाख रुपये का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा और प्रताड़ना से तंग आकर 16 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि आज आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में आठ लाख रुपये के इनामी पीएलजीए बटालियन नंबर एक का सदस्य अरुण कड़ती (21) और पांच लाख रुपये का इनामी माटवाड़ा एलओएस कमांडर रमेश ऊर्फ मुन्ना हेमला (42) भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सली कड़ती के खिलाफ इस वर्ष 30 जनवरी को सुकमा जिले के टेकलगुडम में सुरक्षाबलों पर हमले की घटना में शामिल होने का आरोप है। इस घटना में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों की जान चली गई थी तथा 14 अन्य घायल हो गए थे। रमेश के खिलाफ पुलिस दल पर हमला करने और ग्रामीणों की हत्या समेत कई नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।




सीएम केजरीवाल ने मुझे बताया कि अब इंसुलिन मिल रही है और उनका रूटीन में चैकअप भी हो रहाः भगवंत मान

# भगवंत मान ने तिहाड़ में की सीएम केजरीवाल से मुलाकात



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मंगलवार को पंजाब के सीएम भगवंत मान ने मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद पंजाब के सीएम भगवंत मान ने बताया कि सीएम केजरीवाल ने पंजाब के सरकारी स्कूलों में पहली बार 158 बच्चों को जेईई मेन्स की परीक्षा पास करने पर बधाई दी और कहा कि यही शिक्षा क्रांति हमारे सपनों में थी और अब हमारा सपना सच होने लगा है। साथ ही सीएम केजरीवाल ने भगवंत मान के जरिए दिल्ली और देश की जनता को संदेश भेजकर कहा है कि यह चुनाव जीतने-हारने का नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र बचाने वाला चुनाव है। इसलिए देशवासी अपने संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करने जरूर जाएं।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हमारे बीच सबसे पहले परिवार के बारे में बातचीत हुई। सीएम के केजरीवाल ने मेरी बेटी नियामत का हाल-चाल पूछा। इसके बाद अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के लोगों और किसानों के बारे में पूछा। उन्होंने पूछा कि इस बार पैदावार कैसी है? किसानों को सीसीएल के तहत जो फसल के डायरेक्ट पैसे मिलते हैं, उसमें कोई बाधा तो नहीं आ रही है या चुनाव आचार संहिता की वजह से पंजाब की किसी योजना में कोई रुकावट तो नहीं हो रही है। जिस पर मैंने उन्हें बताया कि सब कुछ ठीक है। सभी को सुविधाएं मिल रही हैं। मंडियों में सभी को मुफ्त बिजली मिल रही है। हम गेहूं के एक-एक दाने की रिकॉर्ड पैदावार करके 130 लाख मीट्रिक टन देश के सेंट्रल पूल में दे रहे हैं। किसानों के खाते में 24 घंटे के अंदर पैसे भेजे जा रहे हैं। गेहूं का सीजन अपनी चरम सीमा पर है, दो-चार दिन में ये सीजन खत्म हो जाएगा। सीएम भगवंत मान ने बताया कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और देश के बारे में भी पूछा। पूरे देश में लोग कह रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल के साथ बहुत गलत हुआ है कि उन्हें पकड़कर जेल के अंदर कर दिया। ये अरविंद केजरीवाल को व्यक्तिगत तौर पर बंद सकते हैं लेकिन उनकी सोच को अंदर नहीं कर सकते। मैंने उन्हें बताया कि मैं असम भी गया था। अरविंद केजरीवाल ने मुझसे कहा कि इंडिया गठबंधन का कहीं भी, कोई भी कार्यक्रम हो, वो हमें जहां भी बुलाएं, हमें जाना है। ये चुनाव जीतने और हारने का चुनाव नहीं है। ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने वाला चुनाव है। भगवंत मान ने बताया कि सीएम केजरीवाल की सेहत ठीक है। उन्होंने मुझे बताया कि अब इंसुलिन मिल रही है और मेरा रूटीन में चैकअप भी हो रहा है।

## चुनाव लड़ने के इच्छुक ट्रांसजेंडर को कोर्ट ने सुरक्षा के दिए निर्देश

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे ट्रांसजेंडर को पुलिस सुरक्षा देने का आदेश दिया। लोकसभा चुनाव में दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र से ट्रांसजेंडर राजन सिंह उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने अपनी जान को खतरा बताते हुए हाईकोर्ट से सुरक्षा देने की मांग की थी। उन्होंने पुलिस सुरक्षा और अपने मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से कहा कि उनका मुवक्किल ट्रांसजेंडर कम्यूनिटी से आता है। साउथ दिल्ली से राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी के समर्थन से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन भरना चाहता है। लेकिन 12 अप्रैल को बदरपुर में उसके दफ्तर पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसको लेकर पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को चुनाव आयोग के सामने एक आवेदन देकर सुरक्षा की मांग भी की गई थी।

चुनावी रोचक तथ्य

## मांग नहीं हुई पूरी तो 500 से अधिक लोगों ने भरा पर्चा

रीतेश मिश्रा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अमेरिका के राष्ट्रपति रहे अब्राहम लिंकन ने एक बार अपने चुनावी भाषण में कहा था कि बैलेट, बुलेट की तुलना में ज्यादा मजबूत होता है। अपने देश में भी चुनाव और वोट की अहमियत कई बार देखी गई है। जब जनता ने वोट की ताकत से बड़े बड़े सियासी सुरमाओं को जमीन पर ला दिया था। देश में इस समय भी लोकसभा चुनाव को लेकर जबर्दस्त चुनावी माहौल बना हुआ है और दो चरणों के चुनावों के लिए वोटिंग भी हो चुकी है। वैसे तो अपने देश में लोकसभा चुनाव से जुड़े किस्सों की भरमार है लेकिन यह दिलचस्प वाकया तब हुआ था जब दो लोकसभा सीटों पर लोगों ने अपनी नाराजगी का इजहार करने के लिए चुनावी मैदान में उतरने का फैसला कर लिया था और सैकड़ों लोगों ने नामांकन किया था। बात साल 1996 के लोकसभा चुनाव की है। पीवी नरसिम्हा राव की अगुवाई में 10वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म हो गया था और 11वीं लोकसभा के लिए अप्रैल और मई में आम चुनाव कराए जा रहे थे। हर चुनाव की तरह इस चुनाव में भी राजनीतिक दलों के अपने मुद्दे तो थे ही, लेकिन किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं के अलावा स्थानीय स्तर पर संयुक्त रूप से कुछ ऐसी समस्याएं भी थीं जिन पर सुनवाई नहीं हो रही थी। ऐसे में नाराज लोगों ने मुद्दे को राष्ट्रीय फलक पर लाने के लिए खास रणनीति बनाई और सैकड़ों लोग चुनाव मैदान में उतर गए।

आज से कुछ साल पहले तक आंध्र प्रदेश अविभाजित हुआ करता था। साल 2014 में तेलंगाना एक नए राज्य के रूप में अस्तित्व में आया और नालागोंडा क्षेत्र तेलंगाना के हिस्से में चला गया। साल 1996 के संसदीय चुनाव में नालागोंडा संसदीय क्षेत्र के लोग अपने नेताओं के ढुलमुल रवैया से इतने नाराज थे कि उन्होंने कुछ बड़ा करने का फैसला लिया था। उन्होंने हिंसा करने की जगह 'गांधीवादी" तरीका अपनाया और चुनाव लड़कर अपना विरोध जताया। चुनाव में नालागोंडा लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों की बाढ़ सी आ गई। यहां पर 100, 200 या 300 नहीं बल्कि 500 से अधिक लोगों ने उम्मीदवारी के लिए नामांकन दाखिल किया। जिनमें 66 महिलाओं समेत 537 लोगों ने अपनी दावेदारी पेश की, जिसमें 35 लोगों की दावेदारी खारिज हो गई। कुल मिलाकर मैदान में रिकॉर्ड 480 उम्मीदवार बचे। इनमें 60 महिला प्रत्याशी भी शामिल थीं। चुनाव परिणाम आया तो 480 में से 477 प्रत्याशियों की जमानत ही जब्त हो गई। किसी लोकसभा सीट पर सबसे अधिक उम्मीदवार होने का यह रिकॉर्ड नालागोंडा के ही नाम है।

### बेलगाम में जब्त हो गई 454 प्रत्याशियों की जमानत...

नालागोंडा ही नहीं कर्नाटक का बेलगाम लोकसभा क्षेत्र भी भारी संख्या में उतरे उम्मीदवारों की वजह से देशभर में चर्चा में आ गया था। बेलगाम लोकसभा सीट पर भी पांच सौ से ज्यादा यानी 521 लोगों (58 महिलाएं और 463 पुरुष) ने पर्चा भरा था। जिनमें दो महिलाओं समेत 12 लोगों की दावेदारी खारिज हो गई थी और 53 लोगों ने अपने नाम वापस ले लिए थे। कुल मिलाकर यहां पर 456 लोगों के बीच मुकाबला हुआ। वोटों की जब गिनती हुई तब सिर्फ 2 लोगों की जमानत राशि बची थी, बाकी 454 लोगों की जमानत जब्त हो गई थी। 500 से अधिक नामांकन और 400 से अधिक उम्मीदवारों के बीच मुकाबले वाले ये दोनों लोकसभा सीट तब खासे चर्चा में आए थे। दरअसल, इन दोनों ही सीटों पर लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा था। जिसके चलते अपनी आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए इन दोनों ही जगहों पर सैकड़ों लोगों ने चुनाव लड़ा था। नालागोंडा क्षेत्र के लोग शुद्ध पेयजल ना मिल पाने से नाराज थे, वहीं बेलगाम में बड़ी संख्या में रहने वाले मराठी समुदाय के लोग खुद को महाराष्ट्र में शामिल करने की मांग को लेकर चुनावी मैदान में उतरे थे।

## कांग्रेस है डूबता हुआ जहाज : भाजपा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली में कांग्रेस एक डूबा हुआ जहाज है। स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने 1998 से



2013 तक सत्ता को देखा है और पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए काम करना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को दिल्ली यूनिट को आप के पीछे चलने वाला बनाना चाहती है जिसने कांग्रेस को बदनाम कर सत्ता से बाहर धकेल दिया था। कांग्रेस नेतृत्व की दिल्ली यूनिट के प्रति गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि नेतृत्व ने एक अंशकालिक अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी का चयन किया है, जो कि अपने पूर्णकालिक कार्य के रूप में पंजाब कांग्रेस के प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं। वह पंजाब में आप की कमियां बताते हुए उसे हराने के लिए काम करेंगे, लेकिन यहां दिल्ली में अंतरिम अध्यक्ष के रूप में वह आप की तारीफ कर उसे विकास का प्रतीक बताएंगे।

अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के बाद कांग्रेस हाईकमान ने देवेन्द्र यादव को बनाया कार्यवाहक अध्यक्ष

# कन्हैया व उदित की उम्मीदवारी से उपजी नाराजगी को ख्त्म करेंगे : देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के बाद लोकसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया को देखते हुए कांग्रेस हाईकमान ने दो दिन के भीतर ही



नए अध्यक्ष के रूप में देवेन्द्र यादव को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्ति कर दिया है। यहां बता दें कि पार्टी में उम्मीदवारों को सिम्बल इत्यादी देने का काम प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा ही होता है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा मुझे ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में जिम्मेदारी दी गई है मैं दिल्ली के समस्त नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी को निभाऊंगा तथा पूरी ताकत के साथ दिल्ली में कांग्रेस संगठन मजबूत करने व लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत दर्ज कराएंगे। कांग्रेस नेतृत्व द्वारा देवेन्द्र यादव को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं में काफी उत्साह है। उनको अध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार एडवोकेट, पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल व मो. उस्मान, कांग्रेसी नेता सुमेश गुप्ता आदि शामिल रहे।

देवेन्द्र यादव ने 'पंजाब केसरी' से बातचीत में कहा कि अभी उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए जीत का रास्ता प्रशस्त करना है। इसके लिए कांग्रेस अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिल नए सिरे से रणनीति तैयार करेंगे। कन्हैया कुमार और उदित राज की उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में पनपी नाराजगी के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके लिए वह अपने पुराने साथियों की नाराजगी को दूर किया जाएगा। उनको रीचआउट करके उनकी नाराजगी दूर की जाएगी।

### आप व कांग्रेस ने मिलकर तैयार किया चुनावी रोड मैप

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली और हरियाणा में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए इंडिया गठबंधन की संयुक्त चुनाव अभियान रणनीति की योजना बनाने के लिए कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिससे दोनों राज्यों में कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित की जा सके। बैठक को संबोधित करने वालों में एआईसीसी महासचिव, दिल्ली और हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया, आप महासचिव (संगठन) संदीप पाठक, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भान व कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, आप विधायक दुर्गेश पाठक और राजेश गुप्ता आदि शामिल थे। बैठक में अगले दो दिनों में चुनाव प्रचार अभियान का रोड मेप तैयार किया जाएगा व आज की बैठक की चर्चा को अगली बैठक में क्रियान्वित किया जाएगा।

### लवली को नसीहत, देवेन्द्र यादव सही विकल्प : अजय माकन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के बादली क्षेत्र से पूर्व विधायक देवेंद्र यादव को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष बनाया गया है। मौजूदा वक्त में वह पार्टी के पंजाब प्रभारी भी हैं। इस नियुक्ति और कांग्रेस में मची अंदरूनी खींचतान पर कांग्रेस नेता अजय माकन का बयान



सामने आया है। उन्होंने देवेंद्र यादव के चयन को सही विकल्प करार दिया है। अजय माकन ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा- सियासत में चीजें हमेशा हमारे मुताबिक नहीं होती हैं। कभी-कभी हमारी इच्छाएं अधूरी ही रह जाती हैं। यहां तक कि हमारी आवाजें अनसुनी कर दी जाती हैं। फिर भी, क्या यह उस संगठन को कमजोर करने को उचित ठहराता है जो हमारी राजनीतिक पहचान को परिभाषित करता है? क्या हमें निजी स्वार्थों के लिए बार-बार अपने संगठन को नुकसान पहुंचाना चाहिए? एक्स पर पर की टिप्पणी में अजय माकन का सीधा इशारा अरविंदर सिंह लवली को लेकर है। माकन द्वारा एक्स पर लिखे शब्द दर्शाता है कि लवली के इस्तीफे से अजय माकन खासे आहत हुए हैं। अजय माकन ने आगे लिखा- आदर्शों के प्रति समर्पित सिपाही देवेंद्र यादव, एक पूर्व विधायक, पार्षद, जमीनी स्तर के कार्यकर्ता अब दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष हैं। उनकी पहचान एक बेहतरीन संगठनकर्ता के रूप में रही है। देवेन्द्र यादव एकदम सही विकल्प हैं। मैं उनकी नई भूमिका में सफलता की कामना करता हूं।

पंजाब केसरी की बात




## पूर्व पीएम के साथ यासीन मलिक का विवादित पोस्टर, पुलिस ने हटाया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लोकसभा चुनाव के बीच राजधानी दिल्ली के लुटियंस जोन में किसी ने कांग्रेस का एक विवादित पोस्टर लगा दिया। दरअसल इस पोस्टर में एक फोटो था, जिसमें जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के साथ मनमोहन सिंह नजर आ रहे हैं। बीजेपी ने भी इस पोस्टर को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए कांग्रेस को निशाने पर लिया है। वहीं, दिल्ली पुलिस को जब इस विवादित पोस्टर का पता चला तो तुरंत उसे हटा दिया गया। दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर मंडी हाउस सर्किल के पास से हटाया। इस पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई की मांग के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई। दिल्ली में 25 तारीख को मतदान होना है। ऐसे में पोस्टर में 25 मई को वोट देने की अपील की गई। हालांकि यह पोस्टर किसने लगवाए हैं, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस भी अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है। यहां बता दें कि यासीन मलिक आतंकी फंडिंग मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। उनकी अगुवाई वाले जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट को 15 मार्च को प्रतिबंधित घोषित किया गया था। इनके अलावा कुछ अन्य समूहों को भी प्रतिबंधित किया गया था। बताया जा रहा है कि देश में यूपीए की सरकार के समय दिल्ली में यासीन मलिक ने मनमोहन सिंह से मुलाकात की थी।




## चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाना गलत : सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता आतिशी, सौरभ भारद्वाज और अन्य को भारत के चुनाव आयोग पर आक्षेप लगाते देखना हैरान करने वाला है।उन्होंने कहा कि आप नेताओं के साथ समस्या यह है कि वे चाहते हैं कि न केवल सभी संवैधानिक संस्थाएं, बल्कि न्यायपालिका भी उनके अनावश्यक



आदेशों के अनुसार काम करें या उनके प्रति पूर्वाग्रह होने के उनके आरोप का सामना करने के लिए तैयार रहें। सचदेवा ने कहा कि चुनाव आयोग से मिलने जाने से पहले उन्होंने घोषणा की कि वे अपने प्रचार गीत पर आपत्तियों का मुद्दा उठाएंगे, लेकिन चुनाव आयुक्तों से मिलने के बाद उन्होंने भाजपा के बोर्ड पर आपत्तियों और अरविंद केजरीवाल के प्रति भाषा के बारे में बात करना शुरू कर दिया। उन्होंने अपने आपत्तिजनक अभियान गीत पर एक शब्द भी नहीं कहा।उन्होंने कहा कि यह देखकर हैरानी होती है कि आतिशी ने किस तरह से कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है क्योंकि वह उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं कर रहा है और न ही यह बता रहा है कि वह उनकी शिकायतों पर क्या कार्रवाई करेगा।

## कैंपन सॉन्ग बैन करने पर चुनाव आयोग पहुंचा आप नेताओं का दल



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के थीम सॉन्ग के कंटेंट को लेकर की गई आपत्ति को सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही भाजपा द्वारा सीएम अरविंद केजरीवाल समेत विपक्षी दलों के नेताओं की दिल्ली के अंदर लगाई गई आपत्तिजनक होर्डिंग्स की शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। प्रतिनिधि मंडल ने आप नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज व आतिशी, राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता और वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे शामिल थे।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

**भारत सरकार 03 मई 2024 को ₹28,000 करोड़ के लिए प्रतिभूतियों की बिक्री की घोषणा**

भारत सरकार ने तीन दिनांकित प्रतिभूतियों की बिक्री (पुनर्निर्गम) की घोषणा की है:

| क्र. सं. | प्रतिभूतियों के नाम | अधिसूचित राशि सांकेतिक (₹करोड़ में) | खुदरा निवेशकों के लिए निर्धारित* (₹करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 7.33% सरकारी प्रतिभूति 2026 | 6,000 | 300 |
| 2. | 7.23% सरकारी प्रतिभूति 2039 | 10,000 | 500 |
| 3. | 7.34% सरकारी प्रतिभूति 2064 | 12,000 | 600 |

भारत सरकार के पास उपरोक्त प्रत्येक प्रतिभूतियों में **₹2,000करोड़** की सीमा तक, अतिरिक्त अभिदान बनाए रखने का विकल्प होगा।

यह बिक्री इस अधिसूचना में उल्लिखित नियमों और शर्तों के अधीन होगी। (जिसे 'विशिष्ट अधिसूचना') कहा गया है। यह नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई कार्यालय, फोर्ट, मुंबई- 400001 में, भारत सरकार द्वारा 27 मार्च 2018 को जारी सामान्य अधिसूचना एफ.स.4(2)- डब्लू एंड एम/2018 में निर्दिष्ट नियम और शर्तों के अनुसार आयोजित की जाएगी।

ये नीलामिया 7.33% सरकारी प्रतिभूति 2026, 7.23% सरकारी प्रतिभूति 2039 तथा 7.34% सरकारी प्रतिभूति 2064 की **नीलामी विविध मूल्य पद्धति** का प्रयोग करके भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई कार्यालय, फोर्ट, मुंबई द्वारा **03 मई 2024 (शुक्रवार)** को आयोजित की जाएंगी। इन नीलामियों के परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल बोलीकर्ताओं को **06 मई 2024 (सोमवार)** को भुगतान करना होगा।

कृपया विस्तृत विवरण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर **29 अप्रैल 2024** की भारतीय रिज़र्व बैंक की प्रेस प्रकाशनी देखें।

**खुदरा निवेशक ध्यान दें***
**(*भविष्य निधियां, न्यास, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, कंपनियां, हिंदू अविभक्त परिवार तथा अलग-अलग व्यक्ति)**

खुदरा निवेशक किसी बैंक अथवा प्राथमिक व्यापारी के माध्यम से उनके लिए निर्धारित राशि हेतु गैर-प्रतिस्पर्धी आधार पर नीलामियों में हिस्सा ले सकते हैं। व्यक्तिगत निवेशक भी रिटेल डायरेक्ट पोर्टल **(https://rbiretaildirect.org.in)** के माध्यम से गैर-प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसार बोली लगा सकते हैं। अधिक जानकारी, प्राथमिक व्यापारियों/बैंक शाखाओं की विस्तृत सूची और टेलीफोन नंबरों तथा आवेदन फॉर्मों के लिए रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** या फिम्डा की वेबसाइट **(www.fimmda.org)** देखें।

**सरकारी प्रतिभूतियां सुरक्षा, चलनिधि तथा दीर्घ अवधि के लिए आकर्षक प्रतिफल प्रदान करती हैं।**

**"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"**

बांसुरी के पास 84 लाख की मर्सडीज, मां से मिला 61 लाख का सोना

## बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली से भरा पर्चा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, दिल्ली भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी ओपी धनखड़, सह-प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की उपस्थिति में जाम नगर हाउस में अपना नामांकन दाखिल किया। बांसुरी ने वसंत कुंज दिल्ली से 12 कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद लंदन से लॉ में ग्रेजुएशन किया और मास्टर डिग्री भी ओक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से हासिल की। चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे के अनुसार बांसुरी स्वराज को वर्ष 2022-23 में 68 लाख, वर्ष 2021-22 में 67 लाख, 2020-21 में 91 लाख, 2019-20 में 51 लाख और 2018-19 में 47 लाख रुपए की आमदनी हुई है। उनके पास कुल 99, 444 की नकद राशि है। 84 लाख की मर्सडीज, जबकि 15 लाख की टोयोटा कार है। उन्हें मां से 61 लाख का सोना, 4 लाख की चांदी, दादा-दादी, नाना-नानी से 77 लाख का सोना और 4 लाख की चांदी के आभूषण मिले। उनके पास 11 करोड़ से अधिक की चल संपत्ति है, जबकि 8 करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति है जिनमें जंतर-मंतर और हैली रोड पर कुल तीन फ्लैट हैं। पलवल में 99 लाख की खेती की जमीन भी है।



सहीराम के पास है 18 लाख की टोयोटा व 14 लाख रुपए का सोना

## आप के सहीराम ने दक्षिणी दिल्ली से भरा पर्चा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दक्षिणी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सहीराम पहलवान ने भी मंगलवार को साकेत स्थित डीएम कार्यालय में नामांकन किया। इस मौके पर दिल्ली की शिक्षा व वित्त मंत्री आतिशी और स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज भी मौजूद रहे। सहीराम बदरपुर के सरकारी स्कूल से 11वीं कक्षा पास हैं। उनके द्वारा चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे के अनुसार 2022-23 में चार लाख से अधिक, 2021-22 में चार लाख से अधिक, 2020-21 में 4 लाख से अधिक, 2019-20 में 3 लाख से अधिक और 2018-19 में तीन लाख रुपए से अधिक की आमदनी हुई है। सहीराम के पास कुल 50 हजार रुपए की नकदी है। उनके बैंक ऑफ इंडिया के खातें में 1384 रुपए, एचडीएफसी बैंक में 69 हजार 975 रुपए, 18 लाख रुपए से अधिक की टोयोटा कार, करीब 200 ग्राम 14 लाख रुपए का सोना, करीब 34 लाख रुपए की चल संपत्ति और हसनपुर यूपी के जेपी नगर में .315 एकड़ भूमि जोकि करीब 14 लाख रुपए की खेती योग्य भूमि है, वर्ष 2011 में इसकी कीमत 1 लाख 60 हजार थी, जोकि अब बढ़कर 14 लाख रुपए की हो गई है। करीब एक करोड़ के आवासीय भूखंड और 3 करोड़ 20 लाख रुपए से अधिक का उन पर बैंक लोन बकाया है।



# पंजाब केसरी क्लासीफाइड

## पोल्ट्री

एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (01.05.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 390/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है।
1250396

## चिकित्सा

सैक्स समस्याएँ
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
Dr. S. Kumar (BAMS)
नवीन क्लीनिक
मेन चौक नांगलोई, PNB BANK वाली गली में नई दिल्ली-110041
9811564909 9210990444

## खोया-पाया

मेरी हाई स्कूल/इण्टर वर्ष -2006/2012 अनुक्रमांक- 0106075/0065763 के प्रमाणपत्र, अंकपत्र वास्तव में खो गए हैं सुनील कुमार पुत्र मुरारी लाल दिनौली, फिरोजाबाद
1251391

I Jagjit Singh Sodhi S/o Late Sant Singh Sodhi R/o H. 187, Sect-31, Faridabad has lost Share Certificate No. 66422641 of 80 Shares, FV Rs. 10, Folio : 055514062, Distinctive Nos. 6854805871 to 6854805950 of Reliance Industries Ltd. Finder pl. contact 9811319497.
1251387

I Jagjit Singh Sodhi S/o Late Sant Singh Sodhi R/o H. 187, Sect-31, Faridabad has lost Share Certificate No. 20613 of 14 Shares, FV Rs. 10, Folio : 020613, Distinctive Nos. 56374867 to 56374880 of Philips Lighting India Ltd. Finder pl. contact 9811319497.
1251388

## नाम परिवर्तन

I, Roopa W/o Rakesh Arora R/o V-246, FF Rajouri Garden, New Delhi-110027 have changed my name to Roopa Arora for all purposes.
1251383

I, Sunil Kumar Lakra S/o Mahender Singh R/o Khasra No. 580/2/2 Near Googa Talab, Mundka, Delhi-110041 have changed my name to Sunil Kumar for all purposes.
1251384

I, Poonam W/o Satish Sharma R/o House No. J-131, Jahangir Puri, Delhi-33 have changed my name to Poonam Sharma for all purposes.
1251379

I, Qashif Abbas S/o Tanveer Haidar R/o C-109 Fourth Floor Left Back Portion Shaheen Bagh Abul Fazal Enclave-2 Jamia Nagar Okhla Delhi have changed my name to Kashif Abbas.
1251380

I hitherto known as Khushi Jain D/o Sandeep Jain W/o Sarthak Bansal R/o B-314, S.F., Swarn Jayanti Puram Kavi Nagar Ghaziabad, U.P.-201002, have changed my name and shall hereafter be known as Khushi Bansal.
1251381

I, Basant Kaur Kalsi W/o Makhan Singh Kalsi, R/o Flat No. G 802, Bestech Parkview Spa Next, Sec-67, Badshahpur Gurugram, HR- 122101, declare that instead of Basant Kaur Kalsi, my name is Basant Kaur for all purposes.
7000002

I, Kavita Panwar W/o Ravi Panwar R/o 81-B, Pocket-I, Dilshad Garden Delhi- 95, have changed my name to Kavita Devi
7000001

## नाम परिवर्तन

मैं सतनाम कौर पत्नी स. जतिन्द्र सिंह निवासी 8/43, रमेश नगर, दिल्ली-110015, घोषणा करती हूं कि जसवन्त सिंह, स. जसवन्त सिंह और जसवन्त सिंह सचदेवा मेरे पुत्र के ही नाम हैं जो एक ही व्यक्ति है। इसका सही नाम स. जसवन्त सिंह और जन्म तिथि 23.07.2008 है।
1251389

I, Jyoti W/o Sh.Praveen Tyagi R/o Flat No. B-805, Fortune Residency Raj Nagar Extension Ghaziabad Uttar Pradesh 201017 have changed my name From jyoti to jyoti Tyagi for all purpose
1251392

I, Nirmal Chand S/o Sunder Lal R/o 1011, Near Community Centre, Sector-14, Sonipat HR-131001 have changed my name to Nitin Kumar for all purposes.
1251393

I, Anita @ Anita Devi W/o Sanjay Chaudhary R/o B-75A, New Gupta Colony, Delhi-110009 have changed name to Anita Chaudhary for future.
1251390

I, Sunil Jain S/o Chander Prakash Jain R/o C-289B, Vivek Vihar, Phase-1, Delhi-110095 have changed my name to Sunil Kumar Jain for all future purposes.
1251385

I hitherto known as Ashish Bansal S/o Narender Singh R/o -140, Siroli Choti Nehar, Gurjar Chowk, Loni, Ghaziabad, Badshahpur Sirauli, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102 have changed my name and shall hereafter be known as Allu Gurjar.
1251386

I, Inderjitkaur W/o Paramjit Singh Chawla R/o Flat No C-154, Max Heights Appt., Near Parker Mall, Sector-62, Badh Khalsa (41), Sonipat, Haryana-131029, have changed my name to Inderjeet Kaur Chawla
7000005

I, Saveen Lata D/o Surender Kumar W/o Ajay Bhardwaj R/o 9/936 Prem Gali 3A Gandhi Nagar Delhi-110031 have changed my name to Anu Bhardwaj.
7000004

I, Ajay Bhardwaj S/o R. D. Bhardwaj R/o 9/936 Prem Gali 3A Gandhi Nagar Delhi 110031.Confirm that Ajay Bhardwaj and Ajay kumar Bhardwaj are same person.
7000003

## सार्वजनिक सूचना

**PUBLIC NOTICE**

My client Sajid S/o Late Alauddin and his wife Rizwana, R/o 5819 Plot No-43, 4th Floor, Basti Harphool Singh, Sadar Bazar, Delhi-110006, have severed all relations and debarred their son namely Saad from all their movable-immovable properties & assets due to his misconduct, misbehavior & hostile attitude and physical assaultby him on my clients. My clients will not be responsible for any acts of their son namely Saad in future.

Sd./- Arun Kumar
Advocate
9891361866

**PUBLIC NOTICE**

my client/s Mr. AMAR SINGH aged about 63 years S/o. BABU RAM AND Mrs. LAXMI DEVI aged about 58 years W/o. Mr. AMAR SINGH both R/o. K-1/286 A, GALI NO-3, PREM NAGAR 2, KIRARI SULEMAN NAGAR, NORTH WEST DELHI, DELHI-110086, "Mr. AMAR SINGH AND HIS WIFE Mrs. LAXMI DEVI DISOWN AND DEBAR THEIR SON Mr. ANIL KUMAR (UID No.-8733 3147 5515) and his wife POOJA (UID No.-3464 2841 5206) and his Daughter ARPITA UID No.-8552 0202 8266) and his Son LOKENDRA (UID No.-2722 5709 6995) ON ACCOUNT OF UNSOCIAL ACTIVITIES, FROM THEIR ALL MOVABLE/ IMMOVEABLE SELF ACQUIRED PROPERTIES & ASSETS. THEY WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR HIS ACTS, DEEDS. ANY ONE DEALING WITH HIM IN ANY MANNER WHATSOEVER SHALL DO AT HIS ON RISK AND CONSCIENCES."

Sd./-RAJESH KUMAR
(ADVOCATE)
D/1049/2014 225.

NOTICE

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the public at large that my clients Ram Prakash Singh S/o Late. Harish Chander & Saroj W/o Ram Prakash Singh, R/o B-4/107, Rohini Extn. Sector-20, Rohini Near Bal Deep Mandir New Delhi-110086, have cut off their family relations and have disowned their son Susheel (Living Seprately) from their movable/immovable properties due to their disobedient and quarrelsome nature and interfering in the peaceful life of my clients and my clients will not/is not/shall not be responsible for any act/liabilities of Susheel in any manner.

Sd./-Prashant Kumar
(Advocate)
Enrolment No. D/4321/2018

Notice is hereby given that Folio No. S02260 and Share Certificate No. 1061 for 285 & 35 Shares bearing Distinctive no. 683501 to 683787 Standing in the Name of Sudha Kapoor in the Books of M/s Alkyl Amines Chemicals ltd has been Lost/Misplaced and the advertiser has applied to the Company to Issue Duplicate and Change of Name due to Marriage in lieu thereof. Any persons who have claims on the said shares should lodge such claim with the Company's Registrar and Transfer Agent Link Intime India Pvt.Ltd C-101 247 Park LBS Marg Vikhroli West Mumbai 400083 within 15 days from the date of notice falling which the Company will proceed to issue Duplicate Share Certificate and Name Change in respect of the said Shares.

**Sd/- Name of the Shareholder: Sudha Kapoor after Marriage Sudha Nagpal**
**Date 28 Apr 2024, Place: Delhi**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to public at large that my client Sh. R.S. Rana S/o Late Sh. Ram Singh Rana R/o BE- 406, Hari Nagar, Seat no. 7, New Delhi-110064 and his wife have severed all relationship from his daughter namely Smt. Sunita Rana (Verma) D/o Sh. R.S. Rana R/o BE-406, Hari Nagar, Seat no. 7, New Delhi-110064 disowned them from all moveable and immovable properties owned by my client as they have become disobedient and they are out of control of my above client and my client has nothing to do with them. My client shall not be responsible for their acts, deeds. If any person deals with them then he/she will be doing that at his/her own risk, cost and consequences. **A.K. TRIPATHI & ASSOCIATES J-13/58, Hind Floor, Rajouri Garden New Delhi-27**

NOTICE

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलों श्रीमती दर्शन ग्रोवर पत्नी स्वर्गीय श्री [illegible] ... अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं ... [illegible]

हस्ता./- संजय कुमार दुआ (एडवोकेट)
E.No. D-54-B/94, Office- C-11/69, 1st Floor, Sector-3 Rohini, Delhi- 110085

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल सकीना पत्नी अब्बास अंसारी म. नं. 339, नेहरू एंक्लेव अलीपुर दिल्ली-110036 के निवासी ने अपने पुत्र अलीआश अंसारी को उसके असामाजिक आचरण के कारण उसे अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है।

Sd./- बी. के. एल. दास
(Advocate) D-436/002.
High Court Delhi

**PUBLIC NOTICE**

Public at large is informed that my clients Shri Bishambar Dayal son of Late Shri Prahlad Singh & Smt. Panmeshwari Devi wife of Shri Bishamber Dayal Verma both residents of House No.C-11-12, Arya Samaj Road, Uttam Nagar, New Delhi-110059 have disowned their son namely Mr. CHARAN SINGH VERMA, his wife Smt. KAVITA VERMA and their son KRISH VERMA from their all moveable and Immoveable properties due to their disrespectful behavior, out of control, and my clients have severed their relations with them for all Intents and purposes with immediate effect. My clients and their other family members will not be liable for their acts, whatever done by them to anybody in future.

-Sd./-Ashok Kumar Tyagi & Associates Advocates, A-3, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar No.659, Uttam Nagar, New Delhi-110059

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Abhijeet Singh, Mr. Navdeep Yadav & Mrs. Pramila are the owners of Property Bearing No.4, 4A & 4-B, (area measuring 45+45+90=180 sq. yards), Out of Khasra No. 279, 281 & amp; 282, situated in the area abadi of Village Roshanpura, Najafgarh, New Delhi, vide three separate GPA, ATS & Will, each dt. 15.10. 2022. All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation & any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, 2nd Fir, 23 Shivaji Marg, Moti Nagar, N.Delhi-15
legal@knalegal.com Ph: 011-41112527-28

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my client Vijay Bhan Singh S/o Shri Ram Murat Singh and Kamla Devi W/o Shri Vijay Bhan Singh both R/o G-291-A, Janta Jeevan Camp, Tigri, South Delhi, Delhi-110062, have severed all relations from their Daughter Madhu and have debarred her from all their movable and immovable properties as she is not under the control of my client. If anybody deals with the said person, he/she will be doing so on its own risk and responsibility and my client and their family members shall not be responsible and liable for any acts, omissions, commissions of Madhu.

**(Hukum Deo Prasad)**
**Advocate**

**PUBLIC NOTICE**

BE IT KNOWN to General Public that my client Sh. Bale Ram S/o Prithvi Singh R/o B-62, Main Road, First Pusta, New Usmanpur, Seelampur, PO: Seelampur, DIST: North East Delhi, Delhi-110053, has severed all his relations and disowned his son Sh. Narender Kumar and his family members due to their misdeeds, misbehavior and disobeying attitudes and have also disinherited them from all his movable and immovable property. Any one dealing with them in any manner concerning monetary, transitory including movable and immovable properties and or any transaction on their behalf shall do so entirely at his own risk, costs and consequences arising therefrom.

Sd./-Naveen Kalra (Advocate)
Lawyer's Chamber No. 692
Western Wing, Tis Hazari
Courts, Delhi-110054

## कोर्ट नोटिस

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF RESPONDENT**
(ORDER 5 RULE 20 OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908)
**BEFORE MR. ARUN K. SHARMA, ADVOCATE SOLE ARBITRATOR AT DELHI INTERNATIONAL ARBITRATION CENTRE (DIAC)**
**CASE REF. NO. DIAC/6093/03-23**
**NDOH- 03.05.2024**
**In the matter of:**
**AltF Spaces Private Limited** ...Claimant
Versus
**Aformit Industries Private Limited** ...Respondent

To,
Aformit Industries Private Limited having registered office at 1st Floor, ALS-4, Opp. Bhagwan Mangalam, Telephone Exchange Road, Bilaspur Chattisgarh – 495001

Whereas the Claimant has filed the application under Section 11 of the Arbitration and Conciliation Act, 1996 against you in furtherance of which the matter was referred to Delhi International Arbitration Centre (DIAC) and the above-named Arbitrator has been appointed. In furtherance of the order of the Ld. Arbitrator **dated 01.04.2024** you are hereby noticed to appear before the Arbitral Tribunal in person or by a pleader on **03rd day of May 2024 at 02:30 PM** to answer the same, failing which the Arbitration will be conducted ex-parte.

Given under the instructions of the Tribunal vide order dated **April 01, 2024.**

**GnS Legal LLP**
**Advocate for the Claimant**
J-29, 1st Floor, Jangpura Extension, New Delhi-110014

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**MS. ROOPAM**
Additional District and Sessions Judge, Gurugram
**RAJEEV KRISHAN VAID**
**VS.**
**SUBHASH**
**LAC-290-2019**
**CNR No. HRGR01-003660-2019**
**Next Date 31-05-2024**
Publication issued to :

**(1) Subhash S/o Sh. Sahajram, R/o Village Gurugram, Tehsil & Distt. GGM, (4) Subhash, (5) Naresh, (6) Sudhir Sons Sahajram (8) Ramesh S/o Net Ram, (10) Sarti Wd/o Ghaziram, (11) Tirath Devi D/o Ghasiram, (12) Vinod Son, (13) Neelam, (14) Poonam D/o, (15) Sheela D/o, (16) Sonia D/o, (17) Kamla W/o Phool Kanwar (18) Om Kanwar Son, (19) Raj Kumar S/o Ghasiram, (22) Poonam D/o, (24) Babita W/o Manoj R/o H.No. 118, Sector-14, Gurugram, (25) Rudardev S/o Ramesh Pathak R/o Mukul Path, Patel Nagar, Patna Bihar, (26) Anandi W/o Sh. J.P. Sharma R/o H.No. 262, Sector 7, Gurugram, (27) D.P. Gaud S/o Sh. P.C. Gaud, (28) Saroj W/o D.P. Gaud R/o H.No. M-23, South City, Phase-I, Gurugram, (29) Pinki Gupta W/o Neeraj Gupta R/o H.No. 29, Chaudhary Colony, Near Geeta Bhawan, Gurugram, (30) Pratima Sahni W/o Vikas Chand Sahni R/o H.No. 1894/4, Urban Estate, Gurugram, (31) Guruprasad S/o Sh. Anand Swaroop, (32) Vikas Son, (33) Sunil S/o Guru Prasad, (36) Karan Singh S/o Sh. Ram Chander, (38) Sonal S/o Subhash Jain R/o H.No. 46, Jain Colony, Near Rana Pratap Bagh, Delhi, (39) Parveen W/o Kewal Kumar R/o C-19, Bhagwan Dass Nagar, Punjabi Bagh, New Delhi, (40) Raj Chhabra W/o Sh. C.P. Chhabra, (41) Poonam W/o Sh. S.N. Chhabra, (42) Dinesh S/o Sh. Tara Chand, (43) Ranbir S/o Sh. Meer Singh R/o Village Gurugram, (44) Santosh W/o Sh. J.R. R/o H.No. 85-R, New Colony, Gurugram, (45) Poonam W/o L.N. R/o Gurugram, (46) Poonam W/o Satish R/o H.No. 462, Sector-15, Faridabad, (47) Sudha W/o S.P. Mangla, (48) Veena W/o Sh. B.P. Mangla R/o H.No. 586/2, Civil Lines, Gurugram, (49) Bharat Gases R/o H.No. 1308, Sector-4, Gurugram, (50) Baljeet S/o Sh. Prabhu Dayal R/o VPO Daultabad, Gurugram, (51) Neha D/o Sh. A.P. Taneja R/o New Delhi, (52) Nidhi W/o Manoj R/o Gurugram, (53) Naresh S/o B.P. Chhabra R/o H.No. D-40, Amar Colony, Gurugram, (54) Ajit S/o Sh. T.L. Chawla R/o H.No. A2/41, Safdarjang Enclave, New Delhi, (55) Sunil S/o Sh. K.K. Kumar R/o SD-391, Tower Apartments, New Delhi, (58) Pankaj S/o Sh. T.D. Aneja, R/o H.No. 101, Gope Apartments, Sector-15, Gurugram, (59) Ajit S/o Om Parkash Pritampura, New Delhi, (60) Sarla W/o Satish Rana R/o Delhi, (61) Sarika W/o Rakesh R/o Gurugram, (62) Ravinder S/o Raj Karan R/o Gurugram, (63) Dilbagh S/o Ram Narayan R/o Gurugram (64) Ram Chander S/o Dilbagh R/o Gurugram, (65) Paramjit S/o Dilbagh R/o Gurugram, (66) Ankit S/o Vijay Shanker R/o Gurugram, (68) Mukesh S/o Sh. Net Ram R/o Gurugram, (69) Ravi S/o Sh. Net Ram R/o Gurugram**

In above titled case, the Defendant (s) / Respondent (s) could not be served. It is ordered that Defendant (s) Respondent (s) should appear in person or through counsel on **31-05-2024 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Gurugram

**MS. ROOPAM**
Additional District and Sessions Judge, Gurugram
Dated, this day of **30-04-2024**

## कोर्ट नोटिस

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. Saurabh Gupta
Civil Judge (Senior Division), Gurugram
RITU
Vs.
GENERAL PUBLIC
CNR No. HRGR02-002110-2024
Next Date :- 31.05.2024
PUBLICATION ISSUED TO :
GENERAL PUBLIC GURUGRAM

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 31.05.2024 at 10:00 am. For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district Notice & district=Gurugram

-Sd./-, Saurabh Gupta
Civil Judge
(Senior Division),
Seal Gurugram
Dated this day of 30.04.2024

**IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI**
**PROCLAMATION OF SALE**
**Execution Petition No. 37 of 2023**
**(Arising out of Judgment/Decree dated 11.10.2022 passed in CS(OS) No. 60/2021)**
**Amit Jain V/s Decree Holder**
**Jinesh Jain Judgment Debtors & Ors.**
To,
**The General Public**

Whereas the above noted execution petition has been filed by the aforesaid Decree Holder in terms of the Decree dated 11.10.2022 passed in CS(OS) 60/2021 and whereas this Court has ordered to sell **the property bearing No. Plot No. 56, land area measuring 300 sq. yds.. Block B-2, Ashok Vihar, Phase-II, Wazirpur, New Delhi-110052** by Public Auction **on 03.07.2024 from 12:30 PM to 04:30 PM** of the aforesaid property by Court Auctioneer/ Local Commissioner, namely, Mr. Sanjeev Mahajan, (Email: sanjeevmahajan11@gmail.com) (M: 9811156437) on **03.07.2024 from 12:30 PM to 04:30 PM.** Interested participants of the auction of suit property can contact to the Local Commissioner. The Detail of the property mentioned below for realization of the amount shown herein above are as under:- **SCHEDULE OF PROPERTY.** The property bearing no. Plot no. 56, land area measuring 300 sq. yds., Block B-2, Ashok Vihar, Phase- II, Wazirpur, New Delhi-110052., **DATE OF AUCTION** 03.07.2024 from 12:30 PM to 04:30 PM, **RESERVE PRICE** Rs. 19 Crore, Date & time of inspection of the suit property by the prospective buyers., 27.05.2024, 28.05.2024 & 29.05.2024 between 10:00 AM to 05:00 PM, Date of return of publication 20.05.2024, **CONDITIONS OF SALE** The sale of property shall be subject to usual terms and conditions mentioned in relevant rules of Order XXI, Including Rule 82 to 96 and including but not limited to the following: -1. The sale of the property will be in one lot. The property is being sold on "as is where is" basis. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the officer conducting the same. In the event of any dispute arising as to the amount bid, or as to bidder, the plot shall at once again be put to auction. 2. The highest bidder shall be declared to be the purchaser of the scheduled property, provided always that he is legally qualified to bid, and provided that it shall be in the discretion of the Court or officer holding the sale to decline acceptance of the highest bid when the price offered appears so clearly inadequate as to make it advisable to do so. 3 The person declared to be purchaser shall deposit 15% of the highest auction price through Demand Draft/Cheque in the name of the Registrar General, Delhi High Court. The balance amount of the purchase-money shall be deposited by the purchaser with the Registrar General, Delhi High Court within fifteen days.4.In default of payment of the balance of purchase-money within the period allowed, the deposit, after defraying the expenses, of the sale, may, if the court thinks fit, be forfeited and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part of the sum for which it may be subsequently sold.5 In default of payment of the balance of purchase-money within the period allowed, the property shall be resold after the issue of a fresh notification of sale.6For reasons recorded, it shall be in the discretion of the officer conducting the sale to adjourn it subject always to the provisions of Rule 69 of Order XXI.Given under my hand and the seal of the Court, in terms of orders dated 22.02.2024& 10.04.2024.

-Sd./-,ASSISTANT REGISTRAR(O)
for REGISTRAR GENERAL GM
SEAL

अपने विज्ञापन के लिए चुनिए सही शीर्षक
व्यापार आमंत्रण
इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट
पेंट्स एण्ड कैमिकल्स
डीलर/डिस्ट्रीब्यूटर्स
इनवर्टर-जनरेटर
मशीनरी एवं उपकरण
मोबाईल फोन
कम्प्यूटर
प्रिंटिंग एण्ड पब्लिशिंग
फर्नीचर
वीडियो गेम्स
बिकाऊ

## पाठकों को परामर्श

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

---

**समयपुर बादली: पुलिस ने दर्दनाक हादसे में क्षत-विक्षत हुए शव को समेटकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

# सड़क हादसे में युवक की मौत शव के ऊपर से गुजरते रहे वाहन

**अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी**



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): समयपुर बादली इलाके में कथित तौर पर देर रात एक युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक का शव बीच सड़क पर ही पड़ा रहा। अंधेरे के कारण अनेक वाहन उसके ऊपर से गुजर गए। जिसकी वजह से शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया। मृतक के कई अंग तो वाहन के चक्को में फंसकर शरीर से अलग हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को समेटकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया। पुलिस का कहना है कि अभी मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है। पुलिस मृतक युवक की पहचान करने का भी प्रयास कर रही है।

पुलिस के मुताबिक हादसे की जानकारी रविवार रात करीब 1: 41 बजे मिली थी। कॉलर ने बताया कि लिबासपुर फ्लाईओवर से अलीपुर की तरफ जाने वाले रोड पर एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। माना जा रहा है कि अंधेरे की वजह से तेज रफ्तार वाहन शव के ऊपर से गुजरते रहे। जिसकी वजह से शव बुरी तरह से छत विछत हो गया था। पुलिस ने सड़क पर ट्रैफिक रोककर साक्ष्य एकत्र किए और मौके की वीडियो व फोटोग्राफी के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक शव के अवशेष कुछ दूर तक फैले हुए थे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव को एकत्र किया। पुलिस के मुताबिक मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो पाती। आशंका व्यक्त की जा रही है कि व्यक्ति सड़क पार कर रहा होगा, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

## यात्री के सवा लाख रुपए लेकर भागा कैब चालक, गिरफ्तार



**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): हौज खास इलाके से एक कैब चालक यात्री के सवा लाख रुपए लेकर फरार हो गया। पीड़ित यात्री की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की और जानकारी जुटाने के बाद आरोपी कैब चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान सुजीत मिश्रा के तौर पर की है। आरोपी इलाहाबाद यूपी का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच हजार रुपए बरामद किए हैं। डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने बताया कि एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक उसने गत पांच अप्रैल को घर से एक कैब बुक की थी। उसकी यात्रा साउथ एक्सटेंशन पार्ट टू खत्म हुई। मगर कैब चालक सवा लाख रुपए से भरा उसका हैंड बैग लेकर फरार हो गया। उसने ड्राइवर को कॉल कर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं हो सकी। इस बाबत गत नौ अप्रैल को हौज खास थाने में केस दर्ज जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने कैब ड्राइवर के बारे में जानकारी एकत्रित की। मबर ड्राइवर का मोबाइल स्वीच ऑफ मिला। बाद में पुलिस ने लोकल और टैकनीकल सर्विलांस की मदद से कापसहेड़ा और द्वारका में रेड करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। इसके पास से पांच हजार रुपए, चश्मे का बॉक्स और एडवांस वाउचर बरामद किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर बाकी रकम बरामद करने का प्रयास कर रही है।

## जनकपुरी: अज्ञात वाहन ने दो भाइयों को मारी टक्कर एक की मौत

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के जनकपुरी इलाके में किसी अज्ञात वाहन ने दो नाबालिग भाईयों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने 14 वर्षीय अमित को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके 16 वर्षीय भाई सौरभ की हालत नाजुक बनी हुई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस बाबत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर आरोपी चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक घायल सौरभ अपने मामा के साथ चंदर विहार में रहता है। उसके साथ उसका छोटा भाई अमित भी रहता था। दोनों कूड़ा बीनने का काम करते थे। पुलिस को दिए बयान में सौरभ ने बताया कि 27 अप्रैल की देर रात वह रेहड़ी लेकर कूड़ा बिनते हुए तिहाड़ जेल के गेट नंबर चार के पास पहुंचे थे। रेहड़ी अमित चला रहा था। इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार एक गाड़ी ने रेहड़ी पर टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी फरार हो गया। दोनों भाई हादसे में घायल हो गए। अमित को ज्यादा चोट आई थी। राहगीरों ने दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने अमित को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

### हर्ष विहार में बदमाश को मारी गोली

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में मंगलवार सुबह अज्ञात हमलावरों ने इलाके के एक बदमाश प्रशांत उर्फ मिंटू (32) पर गोलियां बरसा दीं। प्रशांत को दो गोली लगी हैं। उसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक दोनों गोली प्रशांत की जांघ में लगी हैं। माना जा रहा है कि आपसी रंजिश की वजह से उस पर यह हमला हुआ। प्रशांत हापुड़ के एक कॉलेज से ला सेकंड ईयर का छात्र है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, जुआ खेलने के पांच मामले दर्ज हैं। पुलिस को घटनास्थल से दो खोखे बरामद हुए हैं।

## दिनदहाड़े कूरियर कंपनी के दफ्तर में हथियार के बल पर लूट

**वारदात के दौरान कर्मचारियों को बाथरूम में कर दिया था बंद**



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में दिन दहाड़े एक कूरियर कंपनी में लूटपाट का मामला सामने आया है। बदमाश हथियार लेकर कूरियर कंपनी के दफ्तर में घुसे और करीब डेढ़ लाख रुपये, मोबाइल फोन, बाइक व अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। बदमाशों ने वारदात के दौरान वहां के कर्मचारियों को बाथरूम में बंद कर दिया था। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित कर्मचारी मनीष कुमार और आकाश किसी तरह बाथरूम से बाहर निकाले। जिसके बाद पुलिस को दी।

फिलहाल भजनपुरा थाना पुलिस ने इस बाबत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पीड़ित मनीष कुमार का दावा है कि वारदात में कूरियर कंपनी के ही एक पुराने कर्मचारी प्रदीप का हाथ हो सकता है। आरोपियों ने नकाब लगाए हुए थे। फिर भी एक आरोपी प्रदीप की तरह लगा। फिलहाल पुलिस मनीष बयान के आधार पर प्रदीप की तलाश कर रही है। सूत्रों की मानें तो वारदात के बाद से वह फरार है। जिसकी वजह से उस पर शक और गहरा गया है। फिलहाल तीन टीमें आरोपियों की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित मनीष कुमार परिवार के साथ अंकुर विहार, लोनी गाजियाबाद में रहता है। वह निजी कूरियर कंपनी में असिस्टेंट टीम लीडर के रूप में काम करता है। रविवार रात को वह आकाश नामक कर्मचारी के साथ भजनपुरा स्थित दफ्तर में मौजूद था। इस बीच पिस्टल लेकर दो नकाबपोश बदमाश दफ्तर में घुस आए। बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर मनीष और आकाश को दीवार की ओर मुंह करके खड़ा करवा दिया। इसके बाद आरोपियों ने लूटपाट शुरू कर दी। बदमाशों मनीष की पिटाई भी की। मनीष का दावा है कि उसने एक आरोपी को पूर्व कर्मचारी प्रदीप के तौर पर पहचाना। कूरियर कंपनी ने उसे कुछ कारणों से निकाल दिया था। मनीष ने आशंका जताई है कि प्रदीप ने बदला लेने की नियत से वारदात को अंजाम दिया। उधर, पुलिस को भी सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग मिले हैं।

## एम्स के होस्टल में नर्सिंग के सेकंड ईयर स्टूडेंट ने की आत्महत्या



**बिहार के शेखपुरा जिला की रहने वाली थी 21 साल की छात्रा, दुपट्टे से पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : एम्स के गर्ल्स हॉस्टल में एक मेडिकल की छात्रा ने सुसाइड कर लिया है। पुलिस को दिन में इसकी सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मामले की छानबीन की और मृतक छात्रा की बॉडी को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है। इस मामले की पुष्टि करते हुए डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम को दिन में 11:30 बजे सूचना मिली थी। पुलिस टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पता चला कि सुसाइड करने वाली स्टूडेंट 21 साल की थी और बिहार के शेखपुरा जिला की रहने वाली थी। यहां बीएससी नर्सिंग सेकंड ईयर की स्टूडेंट थी। उसने अपने दुपट्टा से पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की है। क्राइम टीम को भी मौके पर जांच के लिए बुलाया गया था। अभी तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं लगा है। मृतक स्टूडेंट के परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। बॉडी को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार वालों के आने के बाद आगे की जानकारी मिल पाएगी। मृतक छात्रा के दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है, जिससे पता चल सके की आत्महत्या की वजह क्या थी।

## ऑटो चालक ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी के साथ की मारपीट

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी को जांच के लिए एक ऑटो चालक को रोकना भारी पड़ गया। ऑटो चालक ने पीछे की नम्बर प्लेट पर चुटिया डालकर उसे छिपा रखा था। जब ट्रैफिक पुलिसकर्मी एएसआई नम्बर प्लेट की फोटो खींचने लगा, आरोपी ऑटो चालक आग बबूला हो गया और ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। पीड़ित एएसआई ने किसी तरह अपने सहयोगी की मदद से आरोपी सतबीर सिंह (53) को काबू किया। पुलिस ने इस बाबत आरोपी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिसकर्मी के साथ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित मुनिंदर कुमार नंद नगरी ट्रैफिक सर्किल में एएसआई के पद पर तैनात हैं। सोमवार सुबह को इनकी ड्यूटी लोनी गोल चक्कर के पास जेडओ की थी। इनके साथ हवलदार हरीश भी ड्यूटी पर था। सुबह करीब 8.05 बजे मुनिंदर ने देखा कि एक ऑटो की पीछे वाली नंबर प्लेट पर चालक ने चुटिया डाली हुई थी।

## ताले तोड़कर घर में नकदी समेत लाखों की चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): ईस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने बंद घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वेस्ट विनोद नगर निवासी मनोज मांझी के तौर पर हुई है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि आरोपी को एसएचओ मंडावली भूपेश कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की ज्वेलरी भी बरामद की है।

फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर और जानकारी जुटा रही है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि मंडावली थाना क्षेत्र में चोरी का एक मामला सामने आया था। शिकायतकर्ता अजय नागर ने बताया कि वह परिवार समेत पंडित मोहल्ला मंडावली में रहता है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर के ताले तोड़कर सोने के आभूषण और डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली है। डीसीपी ने बताया कि इस बाबत मंडावली थाने में चोरी का केस दर्ज कर एसएचओ भूपेश कुमार के नेतृत्व में एएसआई सुरेंद्र, कांस्टेबल धर्मेंद्र ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाली। पुलिस को एक फुटेज में अधेड़ उम्र का एक व्यक्ति पीड़ित परिवार की अनुपस्थित में उनके घर में प्रवेश करते हुए नजर आया। पुलिस ने आरोपी की पहचान के लिए लोकल इंटेजिलेंस की मदद ली। पुलिस को कामयाबी मिली और आरोपी मनोज मांझी को दबोच लिया।

## लूट का विरोध करने पर महिला प्रोफेसर पर किया हमला

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शाहदरा फ्लाईओवर पर सोमवार रात बदमाशों ने लूट का विरोध करने पर एक महिला प्रोफेसर पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़िता नमिता जैन यूपी के एक कालेज में प्रोफेसर हैं। उन्हें उपचार के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने उनकी शिकायत पर जीटीबी एन्क्लेव थाने में लूट की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नमिता जैन अपने परिवार के साथ मानसरोवर पार्क में रहती हैं। वह सोमवार रात अप्सरा बार्डर से ई-रिक्शा लेकर घर लौट रही थीं। जैसे ही रिक्शा शाहदरा फ्लाईओवर पर पहुंचा तो रिक्शे में बैठे एक युवक ने रिक्शा रूकवा दिया। पीड़िता को लगा कि युवक को वहां पर उतरना होगा। अचानक उस युवक ने जेब से चाकू निकाला और रिक्शा चालक को धमकाया कि अगर रिक्शा चला तो वह उसकी हत्या कर देगा। यह देख उनके साथ रिक्शा में पहले से मौजूद एक महिला व उसका बच्चा भी बुरी तरह से घबरा गया। नमिता जैन ने बहादुरी दिखाते हुए बदमाश का विरोध किया तो उसने उनके ऊपर हमला कर दिया।

वैक्सीनेशन हुए लंबा समय गुजर गया है, दुष्प्रभाव होना होता तो बड़े पैमाने पर दिखता

# एम्स के डॉक्टर ने कहा वैक्सीन के बूस्टर डोज का फायदे से ज्यादा नुकसान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :कोरोना महामारी अब समाप्त हो गया है, लेकिन वैक्सीन को लेकर चर्चा एक बार फिर जोर पकड़ रहा है। एस्ट्रेजेनिका कंपनी की कोविशिल्ड वैक्सीन के दुष्प्रभावों को लेकर लंदन की एक कोर्ट के फैसले के बाद उन सभी देशों में चिंता बढ़ गई है जहां ये वैक्सीन लोगों को लगाए गए हैं। कंपनी के ऊपर कोर्ट ने एक हजार करोड़ से अधिक का जुर्माना ठोका है। इसके बाद ही अफवाहों का बाजार गर्म हो गया है। लेकिन कोविशिल्ड वैक्सीन पर उठ रहे सवालों के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना महामारी के बाद अचानक मौतें हो रही हैं। लेकिन वैक्सीनेशन हर मौत की सीधी वजह नहीं है। विशेषज्ञ मानते हैं कि देश में वैक्सीनेशन को हुए लंबा समय गुजर गया है। यदि टीकाकरण के बाद कोई साइड इफेक्ट्स दिखता, तो अभी तक देश में बड़े स्तर पर इसके दुष्प्रभाव के सामने आ चुके होते।

एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर संजय के राय बताते हैं कि एस्ट्राजेनेका जो बात आज कर रही है, वहीं दो साल पहले उन्होंने कही थी। उस समय सलाह दी गई थी कि बूस्टर डोज फायदे से ज्यादा नुकसान कर सकती है। शुरुआत में जब अधिक लोग संक्रमित नहीं थे, तब लोगों में कुछ इम्युनिटी नहीं थी और वैक्सीन की जरूरत थी ताकि बीमारी की गंभीरता और मौत के आंकड़ों को कम किया जा सके। किसी भी वायरस से बचने के लिए



नेचुरल इम्युनिटी जरूरी होती है। रही बात वैक्सीन से खून के थक्के जमने के बारे में तो इसके लिए शोध जरूरी है। अचानक हुई मौतों की वजह जानने के लिए एम्स में हुआ अध्ययनएम्स ने अचानक हुई मौतों की वजह जानने के लिए जो अध्ययन किया उसमें से 50 फीसदी मौतें हार्ट अटैक से नहीं हुई। सांस समेत दूसरी बीमारियों से इनकी मौत हुई है। बचे 50 फीसदी को सीधे तौर पर हार्ट अटैक आया। एम्स के विशेषज्ञों का कहना है कि यदि खून में थक्का जमता तो सभी मौतें हार्ट अटैक से होनी चाहिए थी। एम्स ने ऐसी संभावना से इनकार किया है कि वैक्सीन के कारण अचानक हार्ट अटैक आया हो और इसके कारण व्यक्ति की मृत्यु हुई है। हार्ट अटैक के लिए कोई और कारक जिम्मेदार हो सकता है। बता दें कि दिल्ली में कुल 37410040 वैक्सीन लगाई गईं। इनमें से पहली खुराक 18298085, दूसरी खुराक 15717675 और एहतियात खुराक 3394280 शामिल है।

### मौत के पीछे कार्डियक अरेस्ट नहीं

एम्स के फारेंसिक मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि वैक्सीन के कारण किसी की मौत हुई हो ऐसा हमें नहीं लगता। कोरोना के बाद अचानक कार्डियक अरेस्ट और हार्ट अटैक के कारण हो रही मौत का कारण जानने के लिए करीब 200 शवों पर शोध किया गया। इस शोध में पाया कि करीब आधे मरीजों की मौत कार्डियक अरेस्ट के कारण नहीं हुई थी। इनकी मौत के पीछे सांस की समस्या सहित दूसरे कारण मिले। जबकि अन्य 50 फीसदी मौत के पीछे कार्डियक अरेस्ट कारण पाया गया था। ऐसे में हम मान सकते हैं कि अचानक हो रही मौत के पीछे वैक्सीन का कोई रोल नहीं होगा। डॉ. गुप्ता ने कहा कि लंदन में किस आधार पर यह दावा किया जा रहा है कि वैक्सीन के कारण थक्का जम रहा है और इससे दिल का दौरा पड़ सकता है, इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता, लेकिन भारत में ऐसा कोई संकेत नहीं दिखा है। हंगामा इसलिए है बरपा दरअसल, सोमवार को ब्रिटेन की कोर्ट में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने लंदन की एक कोर्ट में पहली बार स्वीकार किया कि उनकी वैक्सीन से दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसके कारण थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम हो सकता है जिससे शरीर में खून के थक्के जम सकते हैं। ऐसा होने पर पीड़ित को स्ट्रोक, हृदयगति थमने जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

# शाह के फर्जी वीडियो मामले में 12 और लोगों को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण का छेड़छाड़ किया गया वीडियो सोशल मीडिया पर कथित तौर पर अपलोड करने और साझा करने के मामले में 12 और लोगों को नोटिस भेजा गया है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

फर्जी वीडियो मामले में राजनीतिक घमासान भी तेज हो गया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी समेत कुल 17 लोगों को मामले के जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि रेड्डी के जांच में शामिल होने की ''संभावना नहीं है'' और वह अपना प्रतिनिधि भेज सकते हैं।

रेड्डी और कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के चार अन्य नेताओं को एक मई को जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए नोटिस दिया गया था। उन्हें अपने मोबाइल फोन, लैपटॉप, टैबलेट या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाने को कहा गया है जिसका कथित इस्तेमाल ''एक्स'' पर फर्जी वीडियो साझा करने में किया गया हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 160/91 के तहत नोटिस दिया जाता है, तो वह व्यक्ति या तो जांच अधिकारी के सामने उपस्थित हो सकता है या कानूनी प्रतिनिधि भेज सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने रेड्डी को मुख्यमंत्री के रूप में नहीं बल्कि तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में तलब किया है। इस मामले पर सोशल मीडिया मंचों के जवाब के बारे में पूछे जाने पर एक अधिकारी ने कहा कि जांच अधिकारी को वीडियो के स्रोत के बारे में 'एक्स' सहित उनके जवाब का इंतजार है।

सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को जिन 12 लोगों को नोटिस दिया गया, वे विपक्षी दलों के हैं। कर्नाटक के शिवमोगा में एक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर ''विभाजनकारी राजनीति''' में शामिल होने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा, ''कुछ दिन पहले एक वीडियो आया था और वे यह धारणा और माहौल बनाने की कोशिश कर रहे थे कि भाजपा एससी/एसटी और ओबीसी के खिलाफ है और अगर हम (भाजपा) सत्ता में आते हैं तो इन समुदायों के लिए आरक्षण खत्म हो जाएगा।''

## इतिहास के झरोखे से...

### 1 मई को संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं को सरकारी तौर पर किया था निर्धन घोषित

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अतीत के झरोखे में झांकने पर पता चलता है कि 1 मई को अनेक ऐसी घटनाएं हुई जो इतिहास में दर्ज है। आज ही के दिन 1984 में फू दोरजी बिना ऑक्सीजन के माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफल रहे। 1993 में श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की बम विस्फोट में मृत्यु। 1996 में संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं को सरकारी तौर पर निर्धन घोषित किया। 1998 में पोलैंड, हंगरी और चेक गणराज्य को नाटो में शामिल करने संबंधी प्रस्ताव सीनेट में पारित। आज ही के दिन 1999 में नेपाल में मृत्युदंड की सजा समाप्त हुई। 2001 में लश्कर-ए-तोइबा व जैश-ए-मोहम्मद संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवादी संगठन घोषित, भारत संयुक्त अमेरिकी की विशेष 301 सूची में शामिल। 2004 में यूरोपीय संघ में 10 नये राष्ट्र शामिल। 2005 में सद्दाम हुसैन ने सशर्त रिहाई की अमेरिकी पेशकश ठुकराई। 2008 में राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सात नये जजों की नियुक्ति की। पाकिस्तान के तालिबान समर्थक आतंकी गुट का पश्चिमोत्तर सीमान्त प्रान्त के डेरा अदम खेल शहर पर नियंत्रण। बेलारूस ने 10 अमेरिकी राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया।



## संक्षिप्त समाचार...

### मीडिया नेरेटिव पर व्याख्यान का आयोजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर कॉलेज में हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वारा मीडिया नेरेटिव : मिथक और वास्तविकता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में लेखक और वरिष्ठ पत्रकार उमेश उपाध्याय उपस्थित हुए। उन्होंने मीडिया के छात्रों को सूचनातंत्र में प्रचलित हो रही पूर्व-प्रायोजित खबरों एवं धारणाओं की वास्तविकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रबींद्रनाथ दुबे ने स्वागत संबोधन देते हुए कहा कि वर्तमान समय में मीडिया का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, आज मीडिया एक विशेष से वर्ग से अलग होकर आम लोगों तक पहुंच चुका है, जिससे नेरेटिव गढ़ना अधिक आसान हो गया है।

### फुटओवर ब्रिज बनवाने की मांग

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नांगलोई रेलवे स्टेशन के पास बढ़ते हादसों को देखते हुए लोगों ने फुटओवर ब्रिज का निर्माण करने की मांग की है। स्थानीय लोगों की मांग है कि यहां फुटओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए या फिर अंडरपास बने। ताकि आए दिन हो रहे हादसों पर लगाम लगाई जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां ट्रेन से कटने वाले लोगों की मौत के बाद कुछ लोगों के शव की हालत इतनी बिगड़ जाती है कि उनकी शिनाख्त तक नहीं हो पाती। इनकी पहचान के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। साथ ही रेलवे फाटक के पास जाम की बड़ी समस्या है। काफी देर तक लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। इसके कारण भी अक्सर यहां ट्रेन से दुर्घटना होने की घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों की माग है कि जल्द से जल्द सरकार या संबंधित विभाग इस इलाके में फुटओवर ब्रिज बनवाए।

### पर्चे पर लिखी मिल रही आधी अधूरी दवाई

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिलशाद गार्डन स्थित दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में कैंसर मरीज को पूरी दवाएं नहीं मिल पा रही है। अस्पताल में पर्चे पर लिखी कुछ ही दवाएं मरीजों को मिल पा रही है बाकी दवाएं अस्पताल में खत्म हो गई चुकी है। ऐसे में गरीब मरीज दर-दर भटकने को मजबूर हैं। दवाई लेने आए एक मरीज ने बताया कि पिछले कई महीने से यहां पूरी दवाई नहीं मिल रही है। कैंसर की सभी दवाई काफी महंगी होती है। ऐसे में वह बाहर से भी खरीदने में असमर्थ है। दवाई की किल्लत गरीब मरीजों पर भारी पड़ रही है। उधर अस्पताल सूत्रों का कहना है कि अस्पताल की तरफ से कई बार दवाई खत्म होने की जानकारी आगे भेजी गई है। लेकिन दवाई अस्पताल में भेजी नहीं जा रही है।

### चाचा नेहरू अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शाहदरा जिला के गीता कालोनी स्थित चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय (अस्पताल) में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब किसी सिरफिरे ने अस्पताल प्रशासन को मल कर अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी दी। आनन-फानन में अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इस कॉल से पुलिस के भी हाथ-पैर फूल गए। दरअसल यह अस्पताल अति व्यस्त रहता है। बाल मरीज भी काफी संख्या में होते हैं। सूचना मिलते ही गीता कॉलोनी पुलिस, दमकल कर्मी, बम व डॉग स्क्वायड की टीम और अन्य बचाव दल मौके पर पहुंच गया। अस्पताल में पुलिस बल को देखकर मरीज व तीमारदार में भी अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मरीजों के अलावा तीमारदारों व स्टाफ को अस्पताल से निकाला। बाद में अस्पताल की गहन तलाशी ली गई। करीब दो घंटे तक चले अभियान के बाद जब पुलिस को कहीं कुछ नहीं मिला तो इसे हॉक्स कॉल करार दे दिया गया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन व पुलिस ने राहत की सांस ली।

### एमसीडी अधिकारी बन कर रहा था ठगी, अरेस्ट

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने जनकपुरी इलाके में एमसीडी का अधिकारी बनकर रेहड़ी पटरी वालों से अवैध उगाही कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि आरोपी कब से इस तरह बाजारों से अवैध उगाही करता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गत 22 वर्षीय नेहा अपने परिवार के साथ ओल्ड महावीर नगर इलाके में रहती है। नेहा और उसका पति लखपत जनकपुरी पूर्व मेट्रो स्टेशन के नीचे शिकंजी की रेहड़ी लगाता है। पुलिस को दिए बयान में नेहा ने बताया कि उनके पास कुछ दिनों से एक शख्स आ रहा था, जो खुद को दिल्ली नगर निगम का अधिकारी बताता था।

### दिल्ली की सड़कों पर जाम : ई रिक्शा बेलगाम

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी/दिनेश शर्मा):** दिल्ली की सड़कों पर जाम आम समस्या का रूप धारण कर चुकी है। दिल्ली को मिनी इंडिया भी कहा जाता है। अधिकांश सड़कों पर नियमों के उल्लंघन का गलत असर यातायात पर पड़ना स्वाभाविक है। पिछले कुछ समय से ई-रिक्शा की बेलगाम भूमिका ने शहर की जीवन लाइन में दुर्घटनाओं को न्योता दिया है। महामाई सेवा न्यास के प्रमुख रमेश बजाज, युवा अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन कुमार और महाराणा प्रताप युवा संगठन के उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिसोदिया ने कहा की सुविधा के नाम पर फटफट सेवा के साथ ई-रिक्शा के चलन से उत्पन्न यातायात नियमों का उल्लंघन भी दुर्घटनाओं का कारण बन गया है। दिल्ली पुलिस के ट्रैफिक नियमों के अनुसार ई-रिक्शा के लिए बस्तियों की छोटी सड़कों पर चलन की अनुमति दी गई है। जबकि ई-रिक्शा ने धीरे-धीरे भीड़ भरी सड़कों पर भी बेजा कब्जा कर लिया है। दिल्ली की सब्जी मंडियों से प्रातः ई रिक्शा पर माल ढोहाई प्रारंभ होती है तथा बड़े इलाकों में माल सप्लाई का सिलसिला रात तक चलता रहता है। दिल्ली विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, हकीकत नगर व केम्प के चौराहे, विजयनगर के अलावा दिल्ली के 80% सड़कों पर ई-रिक्शा ने धावा बोला हुआ है। अनेक चौराहों पर ई रिक्शा बेतरतीब खड़े रहते हैं जिससे जाम लगता है। हकीकत नगर चौक व जीटीबी नगर पर लंबा जाम लगने से परेशानी होती है।

### बम ब्लास्ट के तीन आरोपियों की जमानत खारिज

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2008 में हुए सीरियल बम ब्लास्ट मामले के तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस सुरेश कैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इनके खिलाफ आरोप काफी गंभीर हैं, ऐसे में उन्हें जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने जिन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया, उनमें मुबीन कादर शेख, साकिब निसार और मंसूर असगर पीरभोई शामिल हैं। तीनों आरोपियों ने ट्रायल कोर्ट की ओर से जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

# प्रदूषण को लेकर एनडीएमसी ने कसी कमर, 8 एंटी स्मॉग गन तैनात



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने पूरी तरह से कमर कस ली है। एनडीएमसी ने अपने इलाके में प्रदूषक तत्वों को कम करने व हवा को साफ करने के लिए 8 एंटी स्मॉग गन की तैनात की हैं। यह पहल एनडीएमसी के प्रदूषण विरोधी प्रयासों को मजबूती प्रदान करने और शहर को अधिक रहने योग्य बनाने में मदद करेगी। इन एंटी स्मॉग गन को किराये पर लेने की लागत दो वर्ष की अवधि के लिए लगभग 2.87 करोड़ रुपए की है और इनके संचालन के लिए एक एचएमवी चालक, एक ऑपरेटर और एक सहायक को तैनात किया जाएगा। ये स्मॉग गन जीपीएस प्रणाली सक्षम हैं और नई दिल्ली क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक काम करेंगी। रोजाना के आधार पर ये स्मॉग गन 360 किमी सड़कों, गलियों और मार्गों को कवर करेंगी। नए तैनात किए गए 8 एंटी स्मॉग गन हाइड्रोलिक ऑपरेशन पर आधारित हैं और 7000 लीटर की जल क्षमता वाले टैंक वाले सीएनजी संचालित ट्रकों पर लगाए गए हैं। पानी को स्वचालित करने के लिये इन एंटी स्मॉग गन की पानी की खपत 1500 लीटर प्रति घंटा है। एनडीएमसी ने पहले ही वायु प्रदूषण को कम करने के लिए 17000 लीटर की सबसे बड़ी पानी की टंकी क्षमता के साथ टाटा निर्मित 28 टन सीएनजी ट्रक चेसिस पर एंटी-स्मॉग गन तैनात की हुई है।

## डीयू ने जारी किया यूजी और पीजी मार्कशीट डाउनलोड करने का लिंक

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कई स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए विषम सेमेस्टर परिणाम जारी किए हैं। कार्यक्रमों में बीए, बीएससी, एमए, एमएससी, बीए एलएलबी, एमकॉम, बीकॉम और अन्य परीक्षाएं शामिल हैं। शेड्यूल के अनुसार, विषम सेमेस्टर परीक्षाएं नवंबर से दिसंबर 2023 तक आयोजित की गईं। विश्वविद्यालय ने नियमित और साथ ही स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) पाठ्यक्रमों के लिए विषम सेमेस्टर की मार्कशीट जारी की। छात्र यहां दिए गए सीधे लिंक और दिल्ली विश्वविद्यालय परिणाम 2024 की जांच करने के चरण प्राप्त कर सकते हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी रिजल्ट 2024 नियमित और स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) पाठ्यक्रमों के लिए आधिकारिक वेबसाइट Exam.du.ac.in पर ऑनलाइन जारी किया गया है। विषम सेमेस्टर परीक्षाएं नवंबर-दिसंबर 2023 में आयोजित की गईं।

# तिहाड़ जेल से सेवानिवृत हुए डीजी संजय बेनीवाल

**तिहाड़ में तैनाती के दौरान काफी कुछ सीखने को मिलाः बेनीवाल**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एक के बाद एक माइलस्टोन पूरा करने के बाद तिहाड़ जेल के डीजी संजय बेनीवाल मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। इसके लिए जेल मुख्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली पुलिस और जेल के अधिकारी सहित संजय बेनीवाल के परिवार के सदस्य भी शामिल हुए।

इस अवसर पर बेनीवाल ने क्यूआरटी, तमिलनाडू पुलिस, सीआरपीएफ और आईटीबीपी के जवानों की एक टीम ने सलामी परेड ली। संजय बेनिवाल दूसरे ऐसे डीजी हैं जो पद पर रहते हुए जेल से सेवानिवृत हुए हैं। इनसे पहले 30 सितंबर 2017 को डीजी सुधीर यादव जेल से ही सेवानिवृत हुए थे।

इस अवसर पर संजय बेनीवाल ने कहा कि हमने कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं और कई कार्यों के लिए योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आने वाले दिनों में योजनाओं पर विचार करके उन्हें पूरा किया जाए, जिससे कैदियों को इसका लाभ मिल सके। जेल में रहते हुए हम कैदियों से मिले, उनकी बातों को सुनकर उसको पूरा करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि जब एक कैदी यहां से सीखकर बाहर जाता है और समाज की धारा में मिलता है तो यह देखकर हमें बहुत खुशी होती है। बेनीवाल ने कहा कि तिहाड़ जेल में बीता डेढ़ साल बहुत खूबसूरत रहा। सभी ने एक परिवार के मुखिया की तरह सभी। इस दौरान उन्होंने बहुत कुछ सीखा और सिखाया भी। ऑफिस में आकर अपनी परेशानियां भी बताई, उनको डांटा भी तो समझाया भी। दिल्ली पुलिस परिवार व अपने सीनयरों के प्रति अपना स्नेह जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि उनको जो प्यार मिला, वो शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। समय-समय पर कई बड़े मामले देखने को मिले जिनको अपने सहयोगियों की मदद से आसानी से हल किया गया। कठिनाइयों के दिनों में हमारे अधिकारियों ने हमारा साथ नहीं छोड़ा। बेनिवाल ने बताया कि उन्होंने कैदियों से भी सीखा और उन्हें एक अच्छी जिंदगी जीने की प्रेरणा दी। इसके अलावा भी मैं जहां जिस पोस्ट और एरिया में रहा। वहां किसी न किसी से कुछ न कुछ सीखने को मिला था।



तिहाड़ जेल के डीजी संजय बेनीवाल को गुलदस्ता भेंट करते हुए मंडोली जेल के डीआईजी राजेश चोपड़ा।

# न्यू उस्मानपुर इलाकाः ढाई साल की मासूम के साथ डिजिटल रेप

**पड़ोस में ही रहने वाले आरोपी ने दिया वारदात को अंजाम**



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में ढाई साल की बच्ची के साथ डिजिटल रेप की घटना सामने आई है। वारदात को मासूम के पड़ोस में ही रहने वाले 21 वर्षीय आरोपी ने अंजाम दिया। घटना के बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस ने इस बाबत दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर 21 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी ने मासूम के साथ डिजिटल रेप किया। उसके प्राइवेट पार्ट में अपनी उंगली डाली थी। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के दोस्तों पर भी बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता बच्ची अपने परिजनों के साथ न्यू उस्मानपुर इलाके में रहती है। परिजनों का आरोप है कि आरोपी युवक अक्सर मासूम के साथ खेलता था। सोमवार दोपहर वह उसे खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया था।

बाद में वह उसे रोता हुआ घर पर छोड़कर चला गया। बच्ची के प्राइवेट पार्ट से खून का रिसाव हो रहा था। परिजनों ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां उसके साथ दुष्कर्म का पता चला। परिजनों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने आरोपी युवक को दबोच लिया है।

## डीसीपीसीआर के अध्यक्ष की नियुक्ति न होने पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग ( डीसीपीसीआर) के अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पद को शीघ्र भरने के लिए एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर एनसीटी दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) और अन्य से जवाब मांगा। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने नियुक्तियों में देरी पर दिल्ली सरकार से फिर नाराजगी जताई और कहा कि 'जहां चाह, वहां राह'। कोर्ट ने मामले में विस्तृत सुनवाई के लिए 16 जुलाई 2024 की तारीख तय की है। दरअसल, इस मामले में दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि डीसीपीसीआर पिछले साल दो जुलाई से बिना अध्यक्ष के काम कर रहा है और इतने लंबे समय तक पद को खाली रखना नियमों का उल्लंघन है। याचिका में आगे कहा गया है कि पूर्व अध्यक्ष अनुराग कुंडू का कार्यकाल 2 जुलाई, 2023 को समाप्त होने के बाद से डीसीपीसीआर का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ है। डीसीपीसीआर अब 8 महीने से अधिक समय से बिना अध्यक्ष के काम कर रहा है। साथ ही, डीसीपीसीआर की वेबसाइट से पता चलता है कि यह निकाय वर्तमान में एक सदस्य के बिना भी काम कर रहा है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# 'सेक्सटॉर्शन' एक सामाजिक खतरा हैः दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट सेक्सार्टन के आरोपी तीन लोगों की जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि सेक्सार्टन एक सामाजिक खतरा है और निजता का गंभीर उल्लंघन है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा कि सेक्सटॉर्शन न केवल व्यक्तिगत गरिमा को कमजोर करता है, बल्कि इसकी "गुप्त और क्रॉस-क्षेत्राधिकार प्रकृति" के कारण कानून प्रवर्तन के लिए गंभीर चुनौतियां भी पैदा करता है।



उन्होंने आगे कहा कि "सेक्सटॉर्शन गोपनीयता के गंभीर उल्लंघन का प्रतिनिधित्व करता है और एक महत्वपूर्ण सामाजिक खतरा है। इसमें पीड़ितों से पैसे या एहसान वसूलने के लिए प्राप्त अंतरंग छवियों और वीडियो का शोषण शामिल है, जो अक्सर गंभीर मनोवैज्ञानिक आघात का कारण बनता है। दरअसल इस मामले में शामिल आरोपियों ने एक शख्स से 16 लाख रुपए वसूल किए थे। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि उसे एक अज्ञात महिला का व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया, जिसने एक निजी वीडियो कॉल के लिए जोर दिया और बाद में वीडियो कॉल को रिकॉर्ड कर लिया। उसने आरोप लगाया था कि उसे अलग-अलग मोबाइल नंबर से कॉल किए गए थे, जिन्होंने खुद को पुलिस अधिकारी या यूट्यूब कर्मचारी के रूप में पेश किया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से वीडियो हटाने के बहाने उससे पैसे वसूले।अभियोजन पक्ष ने इस आधार पर जमानत याचिका का विरोध किया कि सभी आरोपी व्यक्ति सेक्सटॉर्शन के संगठित अपराध को अंजाम देने के लिए चलाए जा रहे संगठित अपराध सिंडिकेट के सक्रिय सदस्य थे। ऐसे में जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए, अदालत ने कहा कि मामले की जांच से कई शिकायतें सामने आईं और आरोपी व्यक्तियों की ऐसी आपराधिक गतिविधियों में "आदतन संलिप्तता" का पता चला है। कोर्ट ने कहा कि आरोपों की प्रकृति बेहद गंभीर है और आरोपी पहले भी इसी तरह के अपराधों में शामिल थे।

# कानूनी शिक्षा आयोग के गठन की मांग को लेकर जनहित याचिका





**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार को दायर एक जनहित याचिका में केंद्र सरकार द्वारा कानूनी शिक्षा आयोग (एलईसी) की स्थापना की मांग की गई। जनहित याचिका में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, कानून प्रोफेसरों और वकीलों से बने एक विशेष आयोग की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। यह निकाय इंजीनियरिंग में दी जाने वाली बीटेक डिग्री के समान चार साल के बैचलर ऑफ लॉ कार्यक्रम की व्यवहार्यता का पता लगाएगा।

याचिका में बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, न्यायविदों और शिक्षाविदों की एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आग्रह किया है। यह समिति नई शिक्षा नीति 2020 में उल्लिखित नवीन उद्देश्यों के साथ वर्तमान पांच वर्षीय बैचलर ऑफ लॉ पाठ्यक्रम के संरेखण का मूल्यांकन करेगी। इसके अतिरिक्त, याचिका में पहले बीए, बीबीए या बीकॉम डिग्री की आवश्यकता पर समीक्षा की मांग की गई है। मौजूदा शैक्षिक मार्गों में अतिरेक पर सवाल उठाते हुए, बैचलर ऑफ लॉ की पढ़ाई कर रहे हैं। याचिका में पांच साल के कानून पाठ्यक्रमों की अत्यधिक लंबे और महंगे होने की आलोचना की गई है, जिससे संभावित रूप से छात्र कानूनी अध्ययन करने से हतोत्साहित हो सकते हैं।

**डॉ. गिरिश पर पद का दुरूपयोग कर गैरकानूनी तरीके से पांच साल सेवा विस्तार लेने का है आरोप**

# डॉ. गिरिश त्यागी मामले में डीएमसी के अध्यक्ष से जवाब-तलब

**मनोज कुमार मनु**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : पद का दुरूपयोग कर गैरकानूनी तरीके से दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) के सचिव सह रजिस्ट्रार डॉ. गिरिश त्यागी के अपने कार्यकाल के विस्तार मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। डीएमसी के अध्यक्ष डॉ. अरुण गुप्ता से तीन दिन के भीतर इस मामले में दोबारा जवाब दाखिल करने को कहा गया है। काउंसिल के डिप्टी सेक्रेटरी की ओर से डीएमसी के अध्यक्ष डॉ. अरूण गुप्ता को संबोधित एक चिट्ठी में उनके द्वारा इस मामले में दिए गए पहले जवाबों से असंतुष्टि व्यक्त की गई है।

साथ ही कहा गया है कि उनकी ओर से जो जवाब काउंसिल को भेजा गया है वह गोलमोल और टालमटोल वाला है। दरअसल, डीएमसी के अध्यक्ष डॉ. अरुण ने एक मार्च 2024 को डॉ. गिरिश त्यागी के कार्यकाल विस्तार मामले में जवाब दाखिल किया था। 22 फरवरी 2024 को काउंसिल ने डीएमसी अध्यक्ष से क्रमवार ए से लेकर एच तक कई प्रश्न किए गए थे। लेकिन इनमें से किसी भी प्रश्न के जवाब से काउंसिल संतुष्ट नहीं हुआ।

इस चिट्ठी में डॉ. अरुण गुप्ता से प्रश्न संख्या ए से लेकर एच तक विस्तार से जवाब मांगा गया है। साथ ही कहा गया है कि जवाब वहीं होने चाहिए जो पूछा गया है। मुद्दों से भटकाने वाले उत्तर नहीं देने की हिदायत दी गई है। इस चिट्ठी में स्पष्ट कहा गया है कि उनके प्रश्नों के सही जवाब प्राप्त होने पर ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है और उसके बाद ही इस मामले में उचित कार्रवाई की जा सकती है।

बता दें कि दिल्ली मेडिकल काउंसिल एक्ट में यह साफ है कि जो भी इसमें लाभ के पद पर मेडिकल एडमिनिस्ट्रेशन को संभालने वाले उच्च पदों पर बैठे डॉक्टर कार्य करेंगे, वे 60 साल की उम्र तक ही मेडिकल काउंसिल में रहेंगे। इस संदर्भ में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सचिव द्वारा मेडिकल काउंसिल को भेजे गए नोटिस में डॉ. त्यागी गोलमोल जवाब देते हुए बच रहे हैं।

कानूनन, ना तो दिल्ली सरकार के किसी कर्मचारी या अधिकारी को 60 साल के बाद दो साल से ज्यादा सेवा विस्तार मिल सकता है और ना ही 62 वर्ष के बाद कोई भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी प्रशासनिक पदों पर नहीं रह सकते हैं और ना ही कोई निर्णय ले सकते हैं। यदि वह कार्य करता भी है तो इस पद पर वह कोई प्रशासनिक निर्णय नहीं ले सकता है। लेकिन डॉ. गिरशि त्यागी ने ना केवल गैरकानूनी तरीके से सेवा विस्तार लिया, बल्कि पद पर रहते हुए प्रशासनिक निर्णय भी ले रहे हैं।

### खास बातें...

- स्वास्थ्य विभाग ने डीएमसी के अध्यक्ष डॉ. अरुण गुप्ता से मामले का मंगाया पूरा विवरण
- पहले दिए जवाब से नहीं हुए संतुष्ट, जवाब के बाद होगी कार्रवाई



# गोदरेज समूह में बंटवारा

## आदि, भाई के पास सूचीबद्ध कंपनियां, चचेरे भाई-बहन को गैर सूचीबद्ध कंपनियां



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** साबुन और घरेलू उपकरणों से लेकर रियल एस्टेट तक फैले 127 साल पुराने गोदरेज समूह के संस्थापक परिवार ने समूह को विभाजित करने के लिए एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत आदि गोदरेज और उनके भाई नादिर को गोदरेज इंडस्ट्रीज का अधिकार मिला है, जिसकी पांच सूचीबद्ध कंपनियां हैं। आदि गोदरेज के चचेरे भाई-बहन जमशेद और स्मिता को गैर-सूचीबद्ध कंपनी गोदरेज एंड बॉयस और उससे संबंधित कंपनियों के साथ-साथ मुंबई में महत्वपूर्ण संपत्ति सहित बड़ा भूखंड मिल रहा है। गोदरेज समूह द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक समूह को संस्थापक परिवार की दो शाखाओं के बीच विभाजित किया गया है।

इसमें एक तरफ आदि गोदरेज (82) और उनके भाई नादिर (73) तथा दूसरी तरफ उनके चचेरे भाई-बहन जमशेद गोदरेज (75) और स्मिता गोदरेज कृष्णा (74) हैं।

गोदरेज परिवार ने बयान में बंटवारे को गोदरेज कंपनियों में शेयरधारिता का ''स्वामित्व पुनर्गठन'' बताया है। बयान में कहा गया कि दोनों समूह गोदरेज ब्रांड का उपयोग जारी रखेंगे और अपनी साझा विरासत को बढ़ाने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पुलिसकर्मियों ने दो कुकी महिलाओं को भीड़ के हवाले किया था...

## सीबीआई का खुलासा

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** मणिपुर में कुकी-जोमी समुदाय की दो महिलाओं को पुलिसकर्मियों ने ही कथित तौर पर उस भीड़ के हवाले कर दिया था जिसने उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के आरोपपत्र में यह जानकारी दी गई है। सीबीआई के आरोपपत्र में कहा गया कि कांगपोकपी जिले में इन महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के सरकारी वाहन (जिप्सी) में शरण मांगी थी, लेकिन वे दोनों महिलाओं को वाहन में बिठाकर करीब 1000 मैतेई दंगाइयों की भीड़ के सामने ले गये। इसमें कहा गया कि इसके बाद दोनों महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म करने से पहले उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाया गया। यह घटना राज्य में जातीय हिंसा के दौरान की है। आरोपपत्र में कहा गया है कि भीड़ ने उसी परिवार की तीसरी महिला पर भी हमला किया था और उसे निर्वस्त्र करने की कोशिश की थी, लेकिन असफल रहे क्योंकि वह अपनी पोती को कसकर पकड़े हुए थी। तीसरी महिला तब भागने में सफल हो गई जब उस पर हमला करने वाला समूह उन दो महिलाओं की ओर बढ़ने लगा जिनसे धान के खेत में दरिंदगी की जा रही थी। आरोपपत्र में कहा गया कि तीनों पीड़िताें ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से मदद मांगी थी, लेकिन उन्हें कोई मदद नहीं मिली। आरोपपत्र का विस्तृत ब्योरा देते हुए अधिकारियों ने कहा कि पीड़ित महिलाओं में से एक करगिल युद्ध में शामिल सैनिक की पत्नी थी। अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं ने पुलिसकर्मियों से उन्हें वाहन से सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए कहा था, लेकिन पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर उनसे कहा कि उनके पास वाहन की चाबी नहीं है तथा कोई मदद नहीं की।

## अर्थजगत

# गेहूं में सुधार, दालों में मंदी का रुख

**नई दिल्ली, (एनएनएस):** स्टॉकिस्टों की हल्की-फुल्की लिवाली बनी होने से गेहूं दड़ा मिल पहुंच, चक्की पहुंच में 10-15 रुपए प्रति क्विंटल का सुधार हुआ जबकि मूंग में 300 रुपए तथा इसकी दाल में 100-200 रुपए, उड़द में 75-125 रुपए तथा उड़द दाल में 200-300 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई। अरहर रंगून तथा देशी महाराष्ट्र में 100-100 रुपए और अरहर दाल में 100-200 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी दर्ज की गई।

**अनाज-दाल :** गेहूं एमपी देशी 3400/3600, दड़ा (मिल पहुंच) 2480/2485, चक्की (पहुंच) 2490/ 2500, आटा चक्की (10 किलो) (जीएसटी सहित) 290/295, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1350/1360, मैदा (50 किलो) 1420/1430, सूजी (50 किलो) 1500/1510, चोकर (48 किलो) 1160/1180, चावल: बासमती लालकिला 14600, स्वाद 10800, चावल सेला 7500/7600, स्टीम 8600/8700, सोर्टेक्स 8800/ 9000, (1509 नं.) चावल सेला 6550/6650, बासमती (1718) सेला 7200/7300, ताज 5200/ 5300, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 10500/11000, बढ़िया 11400/11800, दाल मूंग: छिलका 9400/9600, दाल मसूर: लोकल 7300/7500, बढ़िया 7600/7700, मलका: लोकल 7200/7300, बढ़िया 7400/7600, दाल अरहर: दड़ा 15100/15300, पटका 15700/16000, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 6475/6500, एमपी 6440/6450, चनादाल: लोकल 7300/7400, राजमा चित्रा: चीन 10500/12700, राजमा भूटान 9400/9800, काबली चना: छोटा 7600/8000, मीडियम 8500/ 9000, मोटा 11800/ 13000, लोबिया: ब्राजील 8900/9000

**चीनी मिल डिलीवरी :** अफजलगढ़ 3875, सिंभावली 3950, शामली &, मोदी 3910, देवबंद 3980, किनौनी 3970, बुढ़ाना 3895, खतौली 3980, मवाना 3885

**गुड़-शक्कर :** गुड़ पेड़ी 4200/4300, चाकू 4300/4400, ढैया 4400/4500, शक्कर 4700/ 4800, खांडसारी 5300/5400

**तिलहन और तेल :** सरसों 5150/5200, खली एक्सपेलर: सरसों 2400/2600, बिनौला 3000/3150, डिऑयल्ड एक्सटेरक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 15700/15800, सरसों 23900/24000, सोयाबीन पीला 42500/43000, सूरजमुखी 24200/24300, मूंगफली (40-45 प्रश.) 30500/33500, राईसब्रान (प्रति यूनिट) 133/134, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2700/ 2800, सरसों तेल (टीन) 1750/ 1900, सरसों एक्सपेलर 9950, तिल तेल 15500, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 9650, सोया तेल डिगम्ड 8650, (टीन) 1600/1700, सनफ्लावर 1700/1800, बिनौला मिल डिलीवरी 9150, चावल तेल पंजाब 7850, गोला तेल (टीन) 2750/ 2800, अखाद्य तेल: राइस फैट्टी 6950/7000, सोया एसिड ऑयल 6300/6350, अरंडी 12500/12600

**लोहा व इस्पात :** सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 72200, (10 एमएम) 71000, (12 एमएम) 68700, (16-25 एमएम) 69900, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 365, (10) 559, (12) 789, (16) 1403, ( 20 एमएम) 2193, (25 एमएम ) 3424, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 72000, (10 एमएम)65300, (12 एमएम) 68500, (16-25 एमएम) 69100, (32 एमएम) 69100, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 71800, (10) 70400, (12) 68300, (16-25) 69400, (32) 69400, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 72100, (10) 70400, (12) 68400, (16-25) 68600, (28-32) 68600, बिरला (8 एमएम) 71700, (10 एमएम) 68600, (12 एमएम) 68000, (16-25 एमएम) 68000, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 71600, (10 एमएम) 70500, (12 एमएम) 68100, (16-25 एमएम) 68100, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 71600, (10 एमएम) 70500, (12 एमएम) 68200, (16-25 एमएम)69400, एंगल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) (50&5) 55500, केवीएस-एमएस (35&5) 55100, (40&5/6) 55600, (50&5) 56100, (50&6) 56600, (65&5/6) 60400, जयभारत: (50&5 से 75&10) 55000, अनमोल: 55000, बिरला 56300, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 56500, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 59200, जयभारत 55500, अनमोल 55500, बिरला 57400, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 56500, अनमोल 56500, टी-आयरन: राना 57400, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 46900, (साढ़े तीन इंच) 47900, (चार इंच) 48200, (पांच इंच) 48200, (छ: इंच) 48500, स्क्रैप: पुरानी 41500, मैल्टिंग स्क्रैप 43500, इंगट 47500, राउंड 52500

**अलौह धातु :** एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद &, बैट्री काला 101.50, देशी मुलायम 187/207, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 187/207, चार प्रतिशत 192/211, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 587, रेडिएटर देशी 409, रेडिएटर विदेशी 409, चादरी देशी 564, पुर्जे स्क्रैप 551, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 3200, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 270, एजेड 274, आईजेड 267, आईजे 269,पीएमआई 243, ड्रास (ढीमा) 215, निकिल कैथोड: रसियन-(4&4) 1580, (8&8) 1585, (4&24) 1590, नार्वे (4&4) 1600, (4&24) 1605, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 811, भठी 809, सीसी 890, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 243, शीट कटिंग 223, वायर स्क्रैप 227, बर्तनफूट 192, पुर्जाफूट 187, रॉड: लोकल 250, कम्पनी 265.

### कल क्या होगा?



वीरवार, वैशाख बदी नवमी को बाजरा, मटर, उड़द, राजमा चित्रा, देशी चना, इलायची, मसूर, गुड़, लौंग, बड़ी इलायची, गेहूं, जौ, जई, तुवर, खांडसारी, हल्दी, इमली, सूरजमुखी सीड, बिनौला एवं इसका तेल में लाभ तथा बारीक एवं मोटे चावल, मक्की, काबुली चना, दालचीनी, जायफल, जावित्री, केसर, सौंफ, जीरा, अमचूर, काजू, जस्ता टिन, सोयाबीन, सरसों, रुई, निकिल, लोहा-इस्पात, बादाम, अजवायन, कलौंजी, धनिया, सूत, चीनी, गोला, कॉपर, पीतल, सोना, चांदी में तेजी की संभावना है। भाग्यांक 3-5-7-8 है। यात्रा विचार- उत्तर दिशा की ओर 9.30 बजे पूर्वाह्न के बाद यात्रा शुभ होगी।

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के चार महंतों को महामंडलेश्वर बनाया

**अहमदाबाद, (भाषा):** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के चार महंतों को महामंडलेश्वर बनाया है। चारों महंतों को गुजरात में आयोजित एक कार्यक्रम में महामंडलेश्वर बनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों में से एक, राजेश शुक्ला ने कहा कि 1300 वर्षों में यह पहली बार है कि हिंदू धर्म में समानता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के संतों को 'महामंडलेश्वर' की उपाधि प्रदान की गई है।

नेशनल इंटेलेक्चुअल एडवाइजरी के मुख्य रणनीतिकार एवं एक गैर सरकारी संगठन 'वन मोर चांस' के प्रमुख ट्रस्टी शुक्ला ने कहा कि हमने हिंदू धर्म या 'सनातन धर्म' को भाषा और क्षेत्रवाद के बंधनों से मुक्त करने के लक्ष्य के साथ चार साल पहले यह पहल शुरू की थी। हमें ऐसे महामंडलेश्वर चाहिए जो समाज, धर्म और देश के लिए काम करें।

# गेहूं की सरकारी खरीद घटी, दामों में हो सकता है इजाफा

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** सरकार ने चालू विपणन वर्ष 2024-25 में अब तक 196 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा है जबकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम समेत सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए सालाना जरूरत 186 लाख टन है। खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अब बफर स्टॉक बढ़ाने के लिए 2024-25 सत्र में 310-320 लाख टन गेहूं खरीद के अपने लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास कर रही है। जरूरत पड़ने पर खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए खुले बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए इस स्टॉक का इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि रबी सत्र की प्रमुख फसल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि के 219.5 लाख टन से अब तक 11 प्रतिशत कम हुई है। इसका मुख्य कारण मध्य प्रदेश और पंजाब में कम खरीद का होना है। इस बारे में पूछे जाने पर एफसीआई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक के मीणा ने कहा कि हम अपनी अनुमानित खरीद लक्ष्य को हासिल करने की राह पर हैं क्योंकि पंजाब और हरियाणा में गेहूं की आवक बहुत अच्छी है।' उन्होंने कहा कि एफसीआई अकेले इन दोनों राज्यों से लगभग 200 लाख टन गेहूं की खरीद करेगा। केंद्र ने विपणन वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में 261.97 लाख टन गेहूं की खरीद की थी।


## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.

अल्पकालीन निविदा सं.-01/24-25/ खंड-तृ. बु.शहर के कार्यक्षेत्र में एल.टी. लाइन निर्माण एवं अन्य कार्य। ई-निविदा खुलने की दिनांक-15.05.2024 समय 15:00 है। विस्तार से सभी जानकारी, संशोधन एवं अवधि विस्तार हेतु www.etender.up.nic.in पर लॉग ऑन एवं www.pvvnl.org पर सर्च करें। हस्ता./-अधीक्षण अभियंता, पश्चिमांचल विद्युत वितरण मंडल (तृतीय) बुलंदशहर। "राष्ट्रहित में बिजली बचायें।" पत्रांक- 201 दिनांक-30.04.2024


## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति 21.04.2024 को शाम 05:29 बजे KM Pole no. 14/28 DN Line, नांगलोई रेलवे स्टेशन से मंगोलपुरी रेलवे स्टेशन, दिल्ली के पास मृत पाया गया। इस संबंध में **डीडी संख्या 24ए, दिनांक 21.04.2024,** को **पुलिस थाना सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज किया गया है।

इस अज्ञात मृत व्यक्ति का विवरण इस प्रकार है :

**लिंग** : पुरुष, **उम्र** : लगभग 30–35 वर्ष, **कद** : 5'8", **रंग** : गेहुंआ, **चोट के निशान** : ट्रेन दुर्घटना, **पहनावा** : पीली शर्ट, काली जींस।

इस अज्ञात मृत शरीर के बारे में यदी कोई जानकारी मिले तो कृपया एसएचओ / सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
पुलिस थाना सराय रोहिल्ला
रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन नं. : 8750871308

DP/5024/Rly/2024

ई–मेल : sho-rly-srohila-dl@delhipolice.gov.in

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मगन कुमार, पुत्र शंकर निषाद,** निवासी गांव बाली कुतुबपुर, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत, हरियाणा एवं 2084/5ए, गली नं. 21, प्रेम नगर, पटेल नगर, दिल्ली ने **सीआर. केस नं. 11341/2017 व प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 156/2016, धारा 279/323/427 भा.द.सं.** के तहत थाना देश बंधु गुप्ता रोड, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मगन कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मगन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीआर. केस नं. 11341/2017 व प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 156/2016, धारा 279/323/427 भा.द.सं.** के तहत थाना देश बंधु गुप्ता रोड, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मगन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.06.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुमीत आनन्द
मुख्य महानगर दण्डाधिकारी (केन्द्रीय)
कमरा नं. 38, भूतल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5132/CD/2024


## केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन

1, नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001, फैक्स नं. 0532-2407892
www.core.indianrailways.gov.in

सं: आरई/टेण्डर/सिविल — **ई-निविदा सूचना** — दिनांकः 29.04.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य अभियंता, कोर, प्रयागराज,** निम्नलिखित कार्यों के लिए ई- निविदा आमंत्रित करते हैं-

| निविदा संख्या | कार्य का नाम |
| --- | --- |
| आरई/टेण्डर/सिविल/531 | भारतीय रेल विद्युतीकरण प्रयागराज के रामबाग, जीपीओ कॉलोनी, N.Y. रोड, राजापुर, ट्रैफिक कॉलोनी, बलईपुर, लोको कॉलोनी, मालगोदाम कॉलोनी, लीडर रोड एवं घन श्याम नगर के स्टाफ क्वार्टर में जोनल मरम्मत, रखरखाव, सफेदी, डिस्टेम्पेरिंग, एवं विविध सिविल अभियांत्रिकी कार्यों के निष्पादन के कार्य हेतु। |
| **अनुमानित लागत (₹):** ₹1,24,37,108.89, **बयाना राशि (₹):** ₹ 2,12,200.00 | |
| आरई/टेण्डर/सिविल/532 | भारतीय रेल विद्युतीकरण प्रयागराज के मुख्यालय बिल्डिंग, शहर की तरफ के विश्रामगृह, सिविल लाइंस की तरफ के विश्रामगृह और रेल विद्युतीकरण अधिकारी क्लब (स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सहित) में जोनल मरम्मत, रखरखाव, सफेदी, डिस्टेम्पेरिंग, एवं विविध सिविल अभियांत्रिकी कार्यों के निष्पादन का कार्य हेतु। |
| **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 66,73,105.20, **बयाना राशि (₹):** ₹ 1,33,500.00 | |
| आरई/टेण्डर/सिविल/533 | नई दिल्ली के आईटीओ में स्थित महाप्रबंधक रेल विद्युतीकरण के नए शिविर कार्यालय एवं तिलक ब्रिज नई दिल्ली के अधिकारी विश्रामगृह में जोनल मरम्मत, रखरखाव, सफेदी, डिस्टेम्पेरिंग, विविध सिविल अभियांत्रिकी कार्य के निष्पादन हेतु। |
| **अनुमानित लागत (₹):** ₹12,08,443.88, **बयाना राशि (₹):** ₹ 24,200.00 | |
| **कार्य पूर्ण करने की अवधिः निविदा सं. आरई/टेण्डर/सिविल/531/532/533 के लिए:** 12 माह | |

**टिप्पणी- 1. निविदाओं की अंतिम/खोलने की तिथि-** 21.05.2024 को 15.30 बजे तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा भेज सकेंगे। उसके बाद ऑन लाइन IREPS पोर्टल पर खोला जाएगा। **2. वेबसाइट का विवरण-** उपरोक्त ई-निविदाओं के अधिक विवरण/जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएँ। **3. कार्यालय का पताः** प्रमुख मुख्य इंजीनियर/कोर, 1 नवाब युसुफ रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001, **4.** भारतीय रेल के पास किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए स्थगित, परिवर्तित अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **नोटः उपरोक्त निविदाएँ केवल e-Bid में ही स्वीकार की जायेगी।**

सं0. : पीआर/36/2024
R.D. Adv

उप मुख्य अभियंता
कोर/प्रयागराज

''ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ''



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. एसएएनडीटी/सीओएन/एचडब्ल्यूएच/टीएन/02/II/2024, दिनांक 26.04.24।** उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (कॉन), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकोल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा निम्न कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता और पर्याप्त अनुभव रखने के साथ वैध ठेकेदारी लाइसेंस रखने वाले अनुभवी संकेत एवं दूरसंचार ठेकेदारों, साझेदारी फर्मों इत्यादि से ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: एसएएनडीटी-सीओएन-02-2024-एचडब्ल्यूएच। कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के जसीडीह में बाईपास लाइन के संबंध में किसी भी इंजीनियरिंग गतिविधियों के संबंध में कुमराबाद रोहिणी एवं देवघर लिंक केबिन स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य एवं सहायक कार्यो करना। **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 9,87,38,715/-। **बयाना राशि जमा :** रु. 6,43,700/- एफए एंड सीएओ/कॉन, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में जमा किया जाना चाहिए। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00/-। **प्रस्ताव एवं बयाना राशि की वैधता:** निविदा खोलने की तारीख से 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 20.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** एलओए जारी होने की तारीख से 12 माह। उपरोक्त उल्लिखित निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय को या उसके पूर्व इस निविदा के प्रति उपरोक्त उल्लेखानुसार निविदा दस्तावेज की कीमत एवं बयाना राशि का ऑनलाइन भुगतान करने के पश्चात निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड एवं बोलियों को www.ireps.gov.in पर जमा किया जा सकता है। इस निविदा के प्रति सभी प्रकार से पूर्ण और ऊपर बताए गए सभी दस्तावेजों के साथ निविदाएं www.ireps.gov.in पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। यदि कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेजों, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी संशोधनी (यदि कोई हो) और अन्य बुनियादी जानकारी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना को उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (कॉन), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकोल घाट रोड, हावड़ा-711101 के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

(CON-06/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## उत्तर मध्य रेलवे

**शुद्धिपत्र सं.–1**

**निविदा सूचना संख्या-झाँसी-इन्जी0-सी-2024-67 की निविदा हेतु प्रथम शुद्धि पत्र**

मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्य), उत्तर मध्य रेल झाँसी के द्वारा निविदा सूचना संख्या झाँसी-इन्जी0-सी-2024-67 दिनांक 18.04.2024 जो कि दिनांक 14.05.2024 को खोला जाना था उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

**वर्तमान स्वीकृत पत्र जारी होने के समय निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 14.05.2024, 15:00,**

**संशोधित स्वीकृत पत्र जारी होने के समय निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 17.05.2024, 15:00**

उपरोक्त निविदा सूचना के अन्य सभी नियम व शर्तें यथावत रहेंगी। 705/24 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR



## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०–1, ई–प्रापण निविदा संख्या :** उप मु०ई०–नि०–मुख्या०–01–2024, दिनांक 26.04.2024, **कार्य का नाम** – पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के गोरखपुर कैंट से वाल्मिकिनगर दोहरीकरण परियोजना के सम्बन्ध में कप्तानगंज (रहित) – पनियहवा (सहित) के मध्य बड़े पुल सं० 38 (3x12.20), 40(3x12.20), 46(10x12.20) एवं 48 (4x12.20, डबल लाइन) कम्पोजिट गर्डर (बिना स्टीन पोर्सन) पाइल फाउन्डेशन के साथ बड़े पुलो का निर्माण का कार्य । अनुमानित निविदा मूल्य : 335888288.90, बयाना राशि (रू०) :1829500.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : – Nil कार्य पूर्ण करने की अवधि : 20 (बीस) माह। ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि– 23.05.2024 ● उपरोक्त ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि – दिनांक 06.06.2024 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 06.06.2024 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। श्री रवि प्रकाश, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/ निर्माण/ मुख्या०/ गो०, मो० 9794844281.

उप मुख्य इंजीनियर / नि० / मुख्या०
मुजाधि / डब्ल्यू-40 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## बिहार सरकार

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, मुंगेर
### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक –296 दिनांक 15.03.2024 द्वारा निर्गत ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –34 / वर्ष 2023–24 के कमांक – 01 से कमांक – 07 तक के कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की गई है, जिसका पी0आर0 नं0–020055 BCD 2023–24 है, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 16.03.2024 को हो चुका है, जिसे अपरिहार्य कारणवश अवधि विस्तार किया जाता है।

| क0 | विवरण | पूर्व में निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) की तिथि एवं समय | 15.04.2024 से 15.05.2024 तक 15:00 बजे अपराह्न तक | 10.05.2024 से 30.05.2024 तक 15:00 बजे अपराह्न |
| 2 | निविदा प्राप्ति (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय | 16.05.2024 को 15:00 बजे तक | 31.05.2024 को 15:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय | 20.05.2024 को 15:30 बजे | 03.06.2024 को 15:30 बजे |
| 4 | निविदा खोलने (वित्तीय बीड) की तिथि एवं समय | तकनीकी बीड निष्पादन के बाद | तकनीकी बीड निष्पादन के बाद |
| 5 | प्री बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | दिनांक 24.04.2024 को 15:00 बजे कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय में एवं 29.04.2024 को अधीक्षण अभियंता भवन अंचल, मुंगेर के कार्यालय में | दिनांक 20.05.2024 को 15:30 बजे कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय में एवं 24.05.2024 को अधीक्षण अभियंता भवन अंचल, मुंगेर के कार्यालय में |

यह निविदा चुनाव की घोषणा के पूर्व आमंत्रित की गई है। यह उसी निविदा का शुद्धि पत्र है। इससे चुनाव आचार संहिता का उलंघन नही होता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, मुंगेर

PR. No. 000397 (BCD) 2024-25

लोकसभा आम निर्वाचन 2024– वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम


# मार्कफेड का पूर्व एमडी गिरफ्तार

**रायपुर, (पंजाब केसरी) :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 175 करोड़ रुपये के कथित चावल मिल घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में छत्तीसगढ़ 'मार्कफेड' के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) मनोज सोनी को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सोनी को हिरासत में लिया गया है और रायपुर में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां एजेंसी पूछताछ के लिए उसकी हिरासत की मांग करेगी।

# रवि काना और काजल झा 5 दिन के पुलिस रिमांड पर



**ग्रेटर नोएडा, (पंजाब केसरी):** स्क्रैप माफिया रवि काना और उसकी महिला मित्र काजल झा को थाईलैंड से प्रत्यर्पण के बाद कोर्ट ने जेल भेज दिया था। पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लेने की अर्जी लगाई थी। मंगलवार को कोर्ट ने रवि काना और काजल झा की पांच दिनों की रिमांड (1 से 6 मई तक) नोएडा पुलिस को दी है।

माना जा रहा है कि अब दोनों की रिमांड के बाद कई ऐसे नाम और कई ऐसे खुलासे होंगे, जो सिस्टम में बैठे लोगों का पर्दाफाश करेंगे जो स्क्रैप माफिया की लगातार मदद कर रहे थे। कोर्ट में दोनों पक्षों के वकीलों की बहस दिन में ही पूरी हो गई थी। कार्रवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई थी। नोएडा पुलिस ने कोर्ट में रवि काना और उसकी महिला मित्र काजल झा की रिमांड के लिए बोला था। शाम को नोएडा पुलिस को कोर्ट ने रिमांड के लिए आदेश दे दिया है।

# मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी

**नासिक, (पंजाब केसरी) :** अमेरिका स्थित मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जिसे पहले कार्डा कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (बीएसई – 541161) में हिस्सेदारी खरीदी है, जो कन्स्ट्रक्शन और रियल एस्टेट विकास क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है। अप्रैल 2024 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध बल्क डील के आंकड़ों के अनुसार, मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड की 1% इक्विटी (1 करोड़ शेयर) प्रति शेयर रु. 2.05 पर खरीदी है। कंपनी के विकास पथ पर टिप्पणी करते हुए, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री नरेश कार्डा ने यह जानकारी दी।

# भारतीय मसाला ब्रांडों को वापस बुलाने के जवाब में मसाला बोर्ड ने कार्रवाई की

**मुंबई, (पंजाब केसरी):** संभावित एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) संदूषण की चिंताओं के कारण सिंगापुर और हांगकांग में दो भारतीय मसाला ब्रांडों के कुछ उत्पादों को वापस मंगाने की मीडिया रिपोर्टों के बाद मसाला बोर्ड भारत ने त्वरित कार्रवाई की है। यह बताया गया कि खाद्य सामग्री में उपयोग किए जाने वाले स्टरलाइज़िंग एजेंट ईटीओ के आसपास बढ़ती जांच के कारण इसे वापस लेने के लिए प्रेरित किया गया था।मसाला बोर्ड, भारत से मसालों के निर्यात प्रोत्साहन की देख-रेख करने वाले नियामक प्राधिकरण के रूप में निर्यात के लिए भारतीय मसालों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए, बोर्ड ने ईटीओ अवशेषों के लिए कड़े प्रोटोकॉल और दिशा-निर्देश स्थापित किए थे।

# भाई-भाभी समेत चार लोगों ने हड़पे 25 करोड़

**नोएडा, (पंजाब केसरी):** थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में एक रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने भाई-भाभी समेत 4 लोगों पर फ्रॉड का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उनकी पार्टनरशिप कंपनी के करीब 25 करोड़ रुपये के शेयर अपने नाम करा लिए हैं।

पुलिस को दी शिकायत ललित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने अपने भाई जेके श्रीवास्तव के साथ मिलकर एक कंपनी खोली थी। वह और उसकी पत्नी इस कंपनी में 61.5 फीसदी से ज्यादा के शेयरधारक हैं। पीड़ित का आरोप है कि महेंद्र कुमार दुबली, जेके श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव और पंकज श्रीवास्तव ने धोखाधड़ी कर उसके और उसकी पत्नी के फर्जी साइन कर उनके 25 करोड़ रुपये के शेयर अपने पक्ष में करा लिए।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 29 लाख ठगे

**नोएडा, (पंजाब केसरी):** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से शेयर बाजार में निवेश कराने के नाम पर 29 लाख रुपया ठग लिया है। सेक्टर-62 में रहने वाले सुनील भाटिया ने दर्ज सेक्टर 36 स्थित साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जनवरी 2024 में फेसबुक के जरिये उनकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई। वाट्सएप के जरिये बातचीत करते हुए उसने खुद को स्टाक स्पेशल ट्रेनिंग कंपनी का प्रतिनिधि बताया। उसने बताया कि वह स्टाक मार्केट में निवेश करने के लिए आनलाइन प्रशिक्षण देते हैं। आरोपित ने वाट्सएप के जरिये विराद गांधी, हिना मेहता और प्रीति राठी से मिलवाया। इस दौरान उन्होंने आइपीओ में आफर देकर निवेश के लिए भरोसा दिलाया। इसके बाद जालसालों ने झांसे में लेकर 29 लाख रुपये निवेश करा दिए। इसके बाद एप भी बंद कर दिया।

# चाय पत्ती की फैक्टरी में भीषण आग लगी

**नोएडा, (पंजाब केसरी):** ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-12 स्थित चाय की पत्ती बनाने की फैक्टरी में मंगलवार की सुबह आग लग गई। आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि फैक्टरी से निकलने वाला धुआं कई किलोमीटर दूर से दिख रहा था। फायर विभाग की आठ गाड़ियों ने साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पर काबू पाया। फायर विभाग की शुरुआती जांच में पता चला है कि शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी थी। फैक्टरी बंद होने की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई है।

गौतमबुद्ध नगर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सेक्टर इकोटेक-12 स्थित मास्टरब्लेंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में सुबह लगभग पांच बजे आग लगने की सूचना मिली थी। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि फैक्टरी में रखी हुई चायपत्ती तक आग नहीं पहुंची। आग फैक्टरी के पीछे वाले शेड में लगी थी। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। विद्युत पैनल में शॉर्ट सर्किट हुआ था। दमकल की टीम द्वारा आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है। इसमें कोई जनहानि नहीं है।

# भाजपा सभी सीटें जीतेगी : विष्णु देव



**कांग्रेस भ्रम फैलाने में लगी**

**रायपुर, (आशीष शर्मा):** छत्तीसगढ़ के चुनावी मैदान में अब अंतिम दौर में घमासान और तेज हो गया है। चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लगातार अपनी उपलब्धियां बता रहे हैं। वहीं कांग्रेस पर भी प्रहार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और भाजपा पूरी तरह कांग्रेस पर ही हमलावर नजर आ रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव ने कहा कि इस चुनाव में छत्तीसगढ़ की पूरी 11 सीट हम जीत रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुद्दाविहीन कांग्रेस भ्रम फैलाने में लगी है। जनता का विश्वास खो चुकी है। कांग्रेस एक डूबता जहाज है। उसमें भारी बिखराव है। उन्होंने कहा कि हजारों की तादाद में लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश किया है। उन्हें प्रत्याशी भी नहीं मिल रहे हैं इसलिए अलग-अलग जगह प्रत्याशी बनाकर भेजना पड़ रहा है। इसका फायदा भाजपा को मिलेगा। चुनाव में आशीर्वाद भी भाजपा को मिल रहा है इसलिए पूरी 11 सीट हम जीत रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते 75 वर्ष में लगभग 60 साल तक कांग्रेस की सरकार रही। इस दौरान उन्हें देश को छलने का काम किया। अभी भी विश्वास खोने के बाद गुमराह करने की कोशिश कर रही है मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के बयान को तोड मरोड कर पेश किया जा रहा है।

दिल्ली, 1 मई, 2024 बुधवार

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।



पंजाब केसरी संपादकीय

संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# सूरत और इन्दौर का लोकतन्त्र !

**लोकतन्त्र** विचारधाराओं की लड़ाई का नाम होता है। लोकतन्त्र में सबसे बड़ा दावा (स्टेक) आम लोगों का होता है क्योंकि जो भी सरकार बनती है वह इनकी सक्रिय हिस्सेदारी से ही बनती है। यह हिस्सेदारी प्रति मतदाता एक वोट की होती है। लोग राजनैतिक दलों की मार्फत सत्ता में अपनी हिस्सेदारी तय करते हैं। ये राजनैतिक दल कुछ नहीं होते बल्कि एक समान विचारधारा वाले दलों के लोगों का समूह होते हैं। राजनैतिक दलों में शामिल लोगों की विचारधारा में जब परिवर्तन होता है तो वे दूसरी विचारधारा वाले दलों में शामिल होकर कहते हैं कि उन्हें इस दल की नीतियां अपनी विचारधारा के करीब लगती हैं। यह परिवर्तन यदि लोकतन्त्र में चुनाव के समय होता है तो इसे अवसरवादिता कहा जाता है। मगर हम देखते हैं कि 1952 के पहले चुनावों से लेकर अभी तक यह काम बदस्तूर जारी है और अक्सर चुनावों के मौके पर भारी संख्या में दल-बदल भी होता है। मगर निश्चित रूप से यह असरवादिता के अलावा और कुछ नहीं होता है क्योंकि विचारधारा का बदलना कोई चाय या काफी का प्याला तैयार करना नहीं है कि रातोंरात मिनटों-सैकेंडों में यह काम हो जाये।

मगर लोकतन्त्र में हम जब यह देखते हैं कि किसी विशिष्ट पार्टी के प्रत्याशी ने चुनावों में अपना नामांकन अपने दल की तरफ से भरकर ऐन वक्त पर अपना नाम वापस लेकर प्रमुख विपक्षी पार्टी के लिए मैदान खुला छोड़ दिया तो इसे अवसरवादिता से भी ऊपर की चीज कहा जायेगा। इसे कुछ विद्वान धोखेबाजी भी कह सकते हैं और कुछ लालच में अंधा होना भी। मगर डा. लोहिया ऐसे लोगों को दया का पात्र मानते थे। उनका यह विचार गांधीवाद से उपजा था। गांधीवाद झूठे और फरेबी व्यक्ति को दया का पात्र मानता है और उसे सही मार्ग पर चलने का सुधारात्मक तरीका भी सुझाता है। इसमें उसकी मदद केवल उसकी अन्तर्रात्मा ही कर सकती है जिसके मर जाने पर मुनष्य लालची और छल-कपटी बन जाता है। अपने निजी स्वार्थ में वह इस कदर अंधा हो जाता है कि अपने समाज के अपने लोगों के ही हितों को ताक पर रख देता है। गांधीवाद का यह सिद्धांत शाश्वत है और जीवन के हर पक्ष पर एक समान रूप से लागू होता है। राजनीति में निजी स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता। इसमें आने वाले व्यक्ति का कोई निजी जीवन भी नहीं होता।


> **राजनीति में निजी स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता। इसमें आने वाले व्यक्ति का कोई निजी जीवन भी नहीं होता। महात्मा गांधी ने कई बार 'हरिजन'' अखबार में लिखा कि जिन लोगों को अपने निजी जीवन से मोह होता है राजनीति उनके लिए नहीं है। राजनीति में किसी भी व्यक्ति का कोई निजी जीवन नहीं होता। इसमें काम करने वाले व्यक्ति का जीवन एक खुली किताब होना चाहिए जिसमें कभी भी झांकने के लिए लोग स्वतन्त्र होने चाहिए। इसीलिए हम पाते हैं कि स्वतन्त्रता आन्दोलन से निकली जो पीढ़ी आजाद भारत की राजनीति में सक्रिय हुई उसका कोई निजी जीवन नहीं होता था। मगर बदलते समय के साथ जब संस्कृति के चिन्ह तक बदल जाते हैं तो राजनीति के न बदलने का सवाल ही पैदा नहीं होता।**

महात्मा गांधी ने कई बार 'हरिजन' अखबार में लिखा कि जिन लोगों को अपने निजी जीवन से मोह होता है राजनीति उनके लिए नहीं है। राजनीति में किसी भी व्यक्ति का कोई निजी जीवन नहीं होता। इसमें काम करने वाले व्यक्ति का जीवन एक खुली किताब होना चाहिए जिसमें कभी भी झांकने के लिए लोग स्वतन्त्र होने चाहिए। इसीलिए हम पाते हैं कि स्वतन्त्रता आन्दोलन से निकली जो पीढ़ी आजाद भारत की राजनीति में सक्रिय हुई उसका कोई निजी जीवन नहीं होता था। मगर बदलते समय के साथ जब संस्कृति के चिन्ह तक बदल जाते हैं तो राजनीति के न बदलने का सवाल ही पैदा नहीं होता। वक्त के बदलने से राजनीति का चरित्र भी बदला और यह अवसरवादिता का केन्द्र इस तरह बनती चली गई कि इसका स्वरूप किसी तिजारत जैसा हो गया है जिसका प्रमाण लगातार महंगे होते चुनाव हैं जिनमें कोई साधारण व्यक्ति भाग लेने की बात तक नहीं सोच सकता। यह पतन है जो राजनीति में आया है जिसकी वजह से इसमें आने वाले लोगों का चरित्र भी बदल गया है। हमने देखा कि किस प्रकार गुजरात के सूरत चुनाव क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी का ऐन वक्त पर नामांकन रद्द केवल इसलिए कर दिया गया कि उसके नाम के अनुमोदकों के हस्ताक्षर नहीं मिल रहे थे। ऐसा होने पर प्रतिद्वन्द्वी दल भाजपा का प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो गया। इसे लोकतन्त्र में सप्रयास छल-कपट कहा जा सकता है लेकिन ऐसा केवल भाजपा के शासन में ही हुआ हो ऐसा नहीं है इससे पहले के दशकों में कांग्रेस के शासन में भी ऐसा कई बार हुआ था।

बेशक कुछ में जायज तौर पर भी प्रत्याशी निर्विरोध चुने गये थे। मगर मध्यप्रदेश के इन्दौर में तो कयामत ही हो गई। यहां की सीट पर खड़े कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय कान्ति बम ने नामांकन वापस लेने के अन्तिम दिन नाम वापस ले लिया और बड़े आराम से भाजपा में इसके बाद शामिल हो गया। इसे लोकतन्त्र का अपराध भी हम कहें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। ऐसा भी पहली बार नहीं हुआ है। दरअसल यह अन्तर्रात्मा को मार देने के समान है और गांधीवाद कहता है कि जिस व्यक्ति की अन्तर्रात्मा मर जाती है वह मनुष्य कहलाने लायक नहीं रहता है। राजनीति मनुष्यों का खेल होती है। हम सब सोचें कि हम लोकतन्त्र को कैसे मजबूत बना सकते हैं।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## हुई खामोशी की दीवार खड़ी...



ज्यों-ज्यों पहिए की रफ्तार बढ़ी,
त्यों-त्यों रिश्तों में दरार बढ़ी,
दूरभाष से भले ही दूर बैठे लोग पास हुए,
पर घर के सदस्यों के बीच हुई खामोशी की दीवार खड़ी..।।

-गीता पाढा

## पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर रात में भी उड़ान भरेंगे विमान

**● एयरफील्ड लाइटनिंग सिस्टम का कार्य पूरा होने के बाद एयरपोर्ट तैयार**

**पोर्ट ब्लेयर,** (भाषा): पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय (वीएसआई) हवाई अड्डे के उत्क्रोश एयरफील्ड को रात में विमान को उतारने और उड़ान भरने की सुविधा मिल गयी है। अधिकारियों ने बताया कि एयरफील्ड लाइटनिंग सिस्टम (एएफएलएस) का कार्य पूरा होने के बाद हवाई अड्डा इस सुविधा के साथ तैयार है। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में नौसेना मुख्यालय तथा अंडमान और निकोबार कमांड के कमांडर-इन-चीफ एयर मार्शल साजू बालकृष्णन की निगरानी में आईएनएस उत्क्रोश में विमानन बुनियादी ढांचे में 'प्रोजेक्ट एमएएफआई' (एयरफील्ड बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण) के तहत महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। निजी एयरलाइन संचालकों से पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर रात में विमान उतारने और उड़ान भरने की सुविधाओं का लाभ उठाने का भी अनुरोध किया। हवाई अड्डा निदेशक देवेंद्र यादव ने कहा, 'वीएसआई हवाई अड्डा अब आधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस है जिनसे रात, खराब मौसम एवं निम्न दृश्यता की स्थिति में विमानों का सुचारू परिचालन हो पायेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी, मुस्लिम और आरक्षण



फिरोज बख्त अहमद

**मोदी** हमारा भाई है, भारतीय मुसलमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने ऊपर छोड़े गए तीरों से इस लिए अचंभे में हैं कि उनके नज़दीक वे आज भी वही मोदी जी हैं जो कहते हैं कि वे हर मुस्लिम के एक हाथ में क़ुरान और एक में कंप्यूटर देखना चाहते हैं, यही नहीं प्रधानमंत्री बनते ही उन से कुछ पतंग बनाने वाले जिनमें अधिकतर मुस्लिम थे, मिले कि उन्हें आर्थिक समस्या है। मोदी जी ने उन्हें 50 लाख रुपए की मदद की। मोदी अगर चाहते तो कह सकते थे कि उन्होंने काफ़ी मुस्लिम पतंगसाजों की सहायता की है, मगर उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि उनकी विचाराधारा कभी भी तुष्टिकरण की नहीं बल्कि सशक्तिकरण की रही।

वैसे मोदी सभी मुस्लिम देशों में सबसे हरदिल अजीज नेता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हालिया भाषणों में कांग्रेस को निशाना बनाते हुए मुसलमानों का कई बार ज़िक्र किया है कि जिन प्रदेशों में कांग्रेस का शासन है वहां वह पिछड़े हुए वर्गों और दलितों का आरक्षण मुस्लिमों में बांट दिया जाएगा। हालांकि संविधान के होते हुए ऐसा मुमकिन नहीं। यहां मोदी ने साफ कर दिया है कि उनके जीते जी न तो कोई हिंदुओं की जायदाद, मंगल सूत्र, सोना आदि कोई नहीं ले सकता। कई मुस्लिमों की सोच है कि प्रधानमंत्री का कद बहुत ऊंचा होता है और उनको ऐसी बातें शोभा नहीं देती, मगर इसके पीछे कोई कारण था। जब आरक्षण का बखान किया तो उनके तीर के निशाने पर मुस्लिम नहीं कांग्रेस थी।

भाजपा और संघ ने अमित शाह और डा. मोहन भागवत की ओर से यह साफ कर दिया है कि वे पहले से चल रहे किसी भी आरक्षण के विरुद्ध नहीं हैं। कुछ प्रतिद्वंद्वी खेमों ने तो डॉक्टर्ड वीडियो में भाजपा की ओर से यह खेला कर दिया कि मुस्लिम आरक्षण समाप्त किया जाएगा, जिसका भाजपा ने विरोध किया कि ऐसा कुछ भी नहीं है और विपक्ष मुस्लिमों को भड़काना चाहते हैं जो कि सच है। मोदी ने तो केवल कांग्रेस की करतूतों पर बयान दिया था कि यह पार्टी पिछड़ी जातियों व दलितों का आरक्षण मुस्लिमों की झोली में डालने जा रही है, उनकी जायदाद और गहनों को हथियाने जा रही है आदि।



दरअसल चुनाव में इस प्रकार का प्रचार आम तौर से किया ही जाता है क्योंकि अंग्रेज़ी की कहावत है कि प्रेम और युद्ध में सब कुछ जायज़ है। इसमें चुनाव को भी जोड़ लेना चाहिए। कानूनी आरक्षण ऐसे ही रहेगा। वास्तव में आरक्षण, मेजोरिटी, माइनॉरिटी आदि ऐसे शब्द हैं जो एक मज़बूत भारत को विभाजित कर रहे हैं। जब भारत का संविधान बन रहा था तो बकौल राम बहादुर राय, ने क़ानून पर मील पत्थर अपनी पुस्तक, "भारतीय संविधान : कुछ अनकही कहानियां" में लिखा है कि 1949 में जिस समय कंस्टीट्यूशन ड्राफ्ट किया जा रहा था तो ड्राफ्ट 299 का एक भाग आरक्षण था, जिसमें वोटिंग से फैसला किया जाना था कि क्या मुसलमानों को धर्म पर आधारित आरक्षण दिया जाना चाहिए अथवा नहीं, जिसमें सात सांसद मौजूद थे, दो हिंदू और पांच मुस्लिम। बड़े ही विस्मय की बात है कि इस मीटिंग में मौजूद दो हिंदुओं, अर्थात सरदार पटेल और सी. राजगोपालाचारी ने आरक्षण की हिमायत की और पांच मुसलमानों, अर्थात मौलाना आज़ाद, मौलाना हिफजुर रहमान, बेगम एजाज़ रसूल, हुसैन भाई लालजी और तजम्मुल हुसैन ने इसका विरोध किया क्योंकि ये लोग जानते थे कि भारत के कानून में धर्म के आधार पर दिए गए आरक्षण का कोई महत्व नहीं और यदि कोई भी पार्टी धर्म पर आधारित आरक्षण देती है तो उसे कोर्ट में जाकर ध्वस्त किया जा सकता है।

कहते हैं कि 26 मई 1949 में एक सभा में आज़ाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि मुसलमानों के लिए आरक्षण नुक्सानदेह साबित होगा क्योंकि इसके कारण समाज में अर्थात विश्व विद्यालयों, शिक्षा संस्थानों, सरकारी दफ्तरों आदि के चंद खुले व चरमराते दरवाज़े बंद हो जाएंगे। उदाहरण के तौर पर यदि कोई मुस्लिम छात्र प्रवेश के लिए बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में जाएगा तो अधिकारी उसे प्रवेश क्यों देंगे, उसे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, जामिया हमदर्द आदि का रुख करना चाहिए। वैसे भी आज की तारीख़ में मुस्लिम लगभग बीस करोड़ हैं, जो अल्पसंख्यक नहीं बल्कि दूसरे नंबर के बहुसंख्यक हैं, जैसा कि मौलाना आज़ाद ने भी एक बार कहा था। मौलाना ने 1952 में एक बार यह भी कहा था कि आरक्षण धर्म अथवा जातियों के आधार पर नहीं दिया जाना चाहिए बल्कि गरीब व्यक्तियों को दिया जाना चहिए, भले ही वे किसी भी धर्म व जाति के हों, क्योंकि भारत में ही नहीं बल्कि विदेश में भी दो प्रकार की जातियां हैं -एक अमीर, एक गरीब।

जिन दलितों, जनजातियों आदि को आरक्षण मिल गया वे सम्पन्न हो गए और जिनके पास पैसा नहीं, भले ही उनकी जातियां उच्च हों, अफजाल हों, ब्रह्मण हों, उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पंडित नहरू ने धार्मिक आरक्षण से मुस्लिमों को खबरदार किया था, मगर बावजूद इसके कांग्रेस ने मुसलमानों को अपना वोट बैंक बनाए रखने के लिए आरक्षण का आडंबर कर जब भी उन्हें आरक्षण दिया, संघी विचाराधारा वाले किसी व्यक्ति ने उसे अदालत से खारिज करा दिया, जैसे दो कांग्रेसी अल्पसंख्यक मंत्रियों, सलमान खुर्शीद और के. रहमान खान के समय हुआ जिन्होंने क्रमश: नौ और पांच प्रतिशत आरक्षण दिया था मगर न्यायालयों ने उसे अमान्य घोषित कर दिया था। मुस्लिमों को आरक्षण के स्थान पर कांग्रेस ने भीख का प्याला, सच्चर कमेटी रिपोर्ट व श्री कृष्णा कमीशन की रिपोर्ट आदि थमा दी और वोट के बदले उनके क्षेत्रों में थाने बना दिए, जबकि वहां स्कूल, शिक्षा संस्थान, पार्क, क्रीड़ांगन, डिस्पेंसरी, अस्पताल, पुस्तकालय आदि बनाने चाहिए। अत: मोदी को अब मुस्लिमों के उत्थान की गारंटी भी लेनी चहिए और मुसलमानों को भी मोदी का सम्मान करना चाहिये।

# कम मतदान से चिंतित राजनीतिक दल



राजेश माहेश्वरी

**देश** में इस समय आम चुनाव का माहौल है। देश में सात चरणों में हो रही लोकसभा चुनावी प्रक्रिया के तहत अभी तक दो चरण के लिए वोटिंग हो चुकी है। दोनों चरणों में वोटिंग 2019 के मुकाबले कम हुई। इससे तमाम राजनीतिक दल, उम्मीदवार और खुद चुनाव आयोग भी इस बात को लेकर चिंतित नजर आ रहा है कि आखिर लोग वोट देने घरों से क्यों नहीं निकल रहे? क्या इसके पीछे तेज गर्मी बड़ा कारण है या फिर वोटरों में उदासीनता या फिर कुछ और। पहले चरण के कम मतदान के बाद राजनीतिक दलों और नेताओं ने अपनी चुनावी सभाओं में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आह्वान किया था लेकिन दूसरे चरण में भी आशानुरूप कम मतदान ही देखने को मिला।

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश जहां से 80 सांसद देश की संसद में पहुंचते हैं, वहां देश के अन्य राज्यों की तुलना में कम मतदान रिकार्ड हुआ। पहले चरण में कम वोटिंग होने की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। वहीं बीजेपी नेताओं का दावा है कि उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नए रिकॉर्ड बनाएगा। इसके अलावा मोदी सरकार की वापसी की उम्मीदों का दावा भी किया गया है। उत्तर प्रदेश में 19 अप्रैल को पहले चरण में प्रदेश में कुल 61.11 फीसदी मतदान हुआ था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इन आठ सीटों पर 66.41 प्रतिशत मतदान हुआ था। पिछले चुनाव के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.39 फीसदी कम वोट पड़े हैं। यूपी की 8 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को हुआ। इस दौरान वोटिंग प्रतिशत 55.39 रहा। पिछले आम चुनाव में इन सीटों पर 62.18 प्रतिशत वोट पड़े थे । इस हिसाब से साल 2024 के चुनाव में दूसरे चरण में पिछले चुनाव के मुकाबले 6.79 प्रतिशत कम वोटिंग हुई है।

दरअसल 2019 के दूसरे चरण में जिन सीटों पर भाजपा जीती थी, उन पर 3 फीसदी तक मतदान कम हुआ है। जो सीटें कांग्रेस ने जीती थीं उन पर 5-10 फीसदी मतदान घटा है। हिंदी पट्टी के प्रमुख राज्यों में मतदान औसतन 7 फीसदी तक घटा है। ये राज्य ही भाजपा के दुर्गनुमा चुनावी गढ़ हैं। क्या यह घटा हुआ मतदान भाजपा के खिलाफ एक 'खामोश चुनावी लहर' है? सवाल यह भी है कि फिर यह लहर किस राजनीतिक दल के पक्ष में है? कांग्रेस ने तो 300 सीटों पर भी उम्मीदवार नहीं उतारे हैं और गठबंधन के तौर पर 'इंडिया' छिन्न-भिन्न स्थिति में है। तो फिर जनादेश कैसा होगा और केंद्र सरकार का स्वरूप भी कैसा होगा?

वैसे तो इस बार के लोकसभा चुनाव का खास ट्रेंड यह दिख रहा है कि हर जगह मतदान में या तो पिछली बार के मुकाबले कमी आ रही है या उसके आसपास मतदान हो रहा है लेकिन हैरानी की बात है कि जिन सीटों पर पार्टियों के बड़े नेता चुनाव लड़ रहे हैं या पार्टियों ने ग्लैमर का तड़का लगाने के लिए फिल्मी सितारों आदि को उतारा है उन सीटों पर भी मतदान करने में लोगों ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई है। दूसरे चरण की 88 सीटों में से ज्यादातर वीआईपी सीटों पर औसत से कम या पिछली बार से कम मतदान हुआ है। यह ट्रेंड केरल से लेकर उत्तर प्रदेश तक एक समान रूप से देखने को मिला है।



केरल की तिरुवनंतपुरम सीट को बहुत हाई प्रोफाइल माना जा रहा है क्योंकि कांग्रेस के शशि थरूर लगातार चौथी बार जीतने के लिए लड़ रहे हैं तो भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और कारोबारी राजीव चंद्रशेखर को लड़ाया है लेकिन 2019 के 74 फीसदी के मुकाबले 2024 में सिर्फ 64 फीसदी मतदान हुआ। इसी तरह मेरठ में भाजपा ने रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल को उतारा है लेकिन वहां 2019 के 64.29 के मुकाबले 2024 में 59 फीसदी मतदान हुआ।

राहुल गांधी की वायनाड सीट पर 73 फीसदी से कुछ ज्यादा वोट हुआ, जबकि 2019 में जब राहुल गांधी पहली बार वहां चुनाव लड़ने पहुंचे थे तब वहां 80.37 फीसदी मतदान हुआ था। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की जोधपुर सीट पर 2019 में 69 फीसदी वोट हुआ था, जबकि इस बार 64 फीसदी मतदान हुआ है। मथुरा में भाजपा की हेमामालिनी की सीट पर तो 2019 के मुकाबले करीब 14 फीसदी वोट कम पड़े हैं। वहां सिर्फ 49 फीसदी मतदान हुआ है जबकि पिछली बार 63 फीसदी के करीब वोट पड़े थे।

कम मतदान होने के पीछे क्या वोटरों में बढ़ती उदासीनता तो नहीं। इसमें कुछ वोटर वोट देना ही नहीं चाह रहे तो कुछ वोटर ऐसे हैं जिन्हें पार्टी या उम्मीदवार की जीत-हार पक्की लग रही है। ऐसे में वह वोट देने ही नहीं निकल रहे। जानकार भी यही मानते हैं कि कम वोटिंग के पीछे यह एक कारण लगता दिखाई दे रहा है। हालांकि, अभी इसका विश्लेषण होना बाकी है लेकिन कम वोटिंग के पीछे वोटरों में वोटिंग के प्रति उदासीनता होना दिख रहा है। खासतौर से बड़े राज्यों में जहां कहीं पिछले कुछ समय से नेताओं ने पार्टी बदली तो कहीं पैराशूटर उम्मीदवार आ धमके इससे भी वोटरों में उदासीनता आई। महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में कुछ ऐसा ही होता दिखाई दे रहा है।

पहले दो चरण में कम वोटिंग होने से राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ गई है। भाजपा ने अपने प्रचार अभियान को अधिक तेज कर दिया है। आने वाले चरणों में पार्टी की कोशिश ज्यादा मतदान कराने की होगी ताकि वह बड़े लक्ष्य को हासिल कर सके। इसके साथ ही विपक्षी दलों ने अपनी चुनावी रणनीति को बदल दिया है। बहरहाल तीसरे चरण के मतदान के मद्देनजर भाजपा ने अपनी रणनीति बदलने का फैसला लिया है। करीब 500 नेता और पदासीन कार्यकर्ता मतदान वाले क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे। वे सुबह और शाम में मुख्य चुनाव केंद्र को रपट देंगे कि मतदाता की स्थिति क्या है? तीसरे चरण में अपने कोटे के मतदाताओं के वोट डलवाने को भाजपा ने कमर कस ली है। क्या कम मतदान का सबब यही है? हम इस सवाल से सहमत नहीं हैं। वहीं मतदाताओं को भी यह समझना चाहिए कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हरेक वोट बहुमूल्य है। देश में एक वोट से हार-जीत के कई प्रसंग हैं। एक वोट से अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गिर गई थी तो राजस्थान में कांग्रेस के दिग्गज नेता एक वोट की वजह से ना केवल विधायक बनने से चूक गए। बल्कि उसी एक वोट की वजह से वह मुख्यमंत्री की कुर्सी तक आज तक नहीं पहुंच पाए।

# राष्ट्र के प्रगति चक्र में श्रमिकों की भूमिका

-योगेश कुमार गोयल

**अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस (1 मई) पर विशेष**

**प्रतिवर्ष** 1 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा 'मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। यह दिवस समाज के उस वर्ग के नाम है, जिसके कंधों पर सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार है। इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति तथा राष्ट्रीय हितों की पूर्ति का प्रमुख भार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से भी कम मजदूरी पर काम करवाता है। जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से उनका आशय सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से था।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर यह जानना आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक दिवस कब से और क्यों मनाया जाता है? अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई।

1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्किट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्किट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान किसी अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फैंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में 'मई दिवस' को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई।

श्रमिक वर्ग ही है, जो अपनी हाड़-तोड़ मेहनत के बलबूते पर राष्ट्र के प्रगति चक्र को तेजी से घुमाता है लेकिन कर्म को ही पूजा समझने वाला श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के



अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढ़ेरों लुभावने वायदे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुन: उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है, फिर वही शोषण, अपमान व जिल्लत भरा तथा गुलामी जैसा जीवन जीने के लिए अभिशप्त होना पड़ता है। समय-समय पर मजदूरों के लिए नए सिरे से मापदंड निर्धारित किए जाते हैं।

जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्राय: जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। जहां तक मजदूर संगठनों के नेताओं द्वारा मजदूरों के हित में आवाज उठाने की बात है तो आज के दौर में अधिकांश ट्रेड यूनियनों के नेता भी भ्रष्ट राजनीतिक तंत्र का हिस्सा बने हैं, जो विभिन्न मंचों पर श्रमिकों के हितों के नाम पर शोर तो बहुत मचाते नजर आते हैं लेकिन अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु कारखानों के मालिकों से सांठगांठ कर अपने ही साथियों के हितों पर कुल्हाड़ी चलाने में संकोच नहीं करते।

ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है 'श्रमिक दिवस'? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यह मजबूरी भी होती है कि अगर वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा। विडम्बना है कि देश की स्वाधीनता के सात दशक से भी अधिक बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई कारगर व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। हालांकि इस संबंध में एक सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं इससे नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# धूमधाम से मनाया हनुमान जयंती महोत्सव

## शीला - मनोहर पश्चिम विहार शाखा



**शाखा** गायत्री मंत्र, राम नाम 108 बार ताली योग से शुरु हुई। शाखाध्यक्ष रमा अग्रवाल के निर्देशन व उर्मिल बेदी की देखरेख में सस्वर हनुमान चालीसा पाठ हुआ। हनुमान जयंती महोत्सव पर भक्ति रस गीतों व मधुर भजनों का शानदार कार्यक्रम हुआ। जिसमें मीना तिवारी, आशा शर्मा, किरण सभरवाल, वी.पी. गिरोत्रा, अल्का भट्ट, सुनीता रस्तोगी, कंचन टण्डन, मदन मोहन शर्मा, सत्या अरोड़ा, अजय तिवारी, एम.बी. माथुर राजरानी, सुरेश किशोर शर्मा, सरला भाटिया, राज रखेजा, पूनम भाटिया सदस्यों ने एक से बढ़कर भक्तिभाव के गीतों से समां बांध दिया। वरिष्ठ सदस्य मनोहर लाल खेड़ा ने एक प्रेरक गाथा सुनाई, जिससे दूसरों की भलाई का संदेश था।

उस कथा में बादशाह कहता है-

देने वाला और है,
देता है दिन-रैन।
लोग भ्रम मुझ पर करें,
मेरे नीचे नैन।

वहीं चन्द्रकांता रेलन (89) ने मन को छूने वाला भजन सुनाया। शाखाध्यक्ष टीम ने नए सदस्यों कविता रिजवानी, मीरा राजपूत, राज, अशोक बुद्धिराजा का स्वागत किया। वहीं पहली बार पधारे प्रतिभाशाली सदस्यों ने भी सुन्दर गीत सुनाए। हनुमान जयंती पर संयोगिता बग्गा, सुदर्शन सचदेवा, शशि बाटला, सरोज खुंगर ने मिलकर सदस्यों को भंडारे व मिष्ठान्न प्रसाद की व्यवस्था करी। सामूहिक आरती, प्रभु के धन्यवाद के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सुनील सचदेवा, सतवंत कौर ने सेवा कार्य किये।...

**होनेवाला कार्यक्रम** ●

शाखा की बैठक 2 मई गुरुवार को होगी।
समय: सुबह 11:00 से दोपहर 1.00 बजे तक।
हैल्पलाइन नं. 9311123220, 7503009779

**स्थान**
ए2/34 पश्चिम विहार नई दिल्ली -63













## पटेल नगर शाखा





**शाखा** की शुरुआत गायत्री मंत्र से हुई। शाखाध्यक्ष उषा शास्त्री की देखरेख में मनोरंजक सुरीले गीतों, हास्य व्यंग्य के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम हुए। श्री भगवान, नीलम ग्रोवर, सरोज शर्मा, विनोद धवन, ने मन को छूने वाले भक्ति गीत सुनाये तो अजमेर सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा ने फिल्मी गीत सुनाकर पुराने दिन याद करा दिये। सेवाराम आर्य ने उलझे जीवन को सुलझाने वाली तो कैलाशचन्द्र शाही ने प्रेरक कविता पाठ से सबका मार्गदर्शन किया। मनोहर लाल खेड़ा ने शेरो-शायरी में कहा दुआ लेना, हर किसी के बस में नहीं। जो झुकता है, वही दुआ लेता है।। वैस्ट पटेल नगर मन्दिर के विनय मेहता ने भाई अश्विनी मेहता की याद में सबको भोजन प्रसाद दिया।

**होने वाला कार्यक्रम** ●

शाखा की बैठक 6 मई सोमवार को होगी।
**समय:** सुबह 10: से दोपहर 12 बजे तक।
स्थान : श्री राधा कृष्ण मंदिर, सी ब्लाक, वैस्ट पटेल नगर, दिल्ली। हैल्पलाइन नं. : 9319890607, 9868845550



## ग्रेटर कैलाश शाखा

**शाखा** की शुरुआत वरिष्ठ सदस्या प्रभा जी ने गायत्री मंत्र से कराई। शाखाध्यक्ष अंजू कश्यप की देखरेख में सदस्यों ने फिल्मी गीतों, भजनों एवं हास्य व्यंग्य के कई मनोरंजक कार्यक्रम रखे। विजय जी, अनिल सहगल, किरण चोपड़ा, आत्म प्रकाश व अनिता भाटिया ने पंजाबी गीतों को सुनाकर सभी को नाचने गाने तथा झूमने पर मजबूर दिया। इस मौके पर आर. डब्ल्यू. ए. चुनाव जीतने पर बधाई देते हुए सभी ने शादी राम शर्मा व अश्विनी कपूर का जन्मदिन भी बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने कहा आर. डब्ल्यू. ए. का चुनाव जीतना मेरे लिए सौभाग्य के साथ-साथ लोगों व पंजाब केसरी सदस्यों का भरपूर प्यार और विश्वास है। सदस्यों ने तम्बोला गेम खेलकर भी मनोरंजन के साथ कई इनाम जीते। इस अवसर पर सभी सदस्यों के लिए स्वादिष्ट भोजन प्रसाद की व्यवस्था मंजू-राजीव मिगलानी, वर्षा खुराना, सुषमा कृष्णा की ओर से रही। तथा सेवा कार्यो में नरेश चन्द्र, विवेक व अन्य सदस्यों का भी योगदान रहा। इसके अलावा शाखाध्यक्ष ने 12 मई रविवार को होने वाले महामृत्युंजय मंत्र पाठ में भाग लेने का भी निमंत्रण दिया।

**समय:** सुबह 11:00 से दोपहर 1.00 बजे तक।
**स्थान:** सनातन धर्म मंदिर, ग्रेटर कैलाश पार्ट- 2, नई दिल्ली। हैल्पलाइन नं. 9811030309 ●
















## चौखंडी शाखा



**शाखा** की शुरुआत गायत्री मंत्र एवं गणेश वन्दना से हुई। शाखा में एम.एल. खेड़ा, सुभाष, सुरेन्द्र पुष्करणा, कृष्ण मेंहदीरत्ता ने प्रेरक विचारों के साथ ज्योति प्रज्ज्वलित करी। सदस्य कमलेश ने वृद्धावस्था पर कवितापाठ किया तो नीलम ने भक्ति गीत को सुरीली मधुर धुन पर सुनाया। अजमेर सिंह, पुष्करणा जी ने फिल्मी गीतों को सुनाकर सबको पुराने दिन याद करा दिये। भगवान दास ने चुटकुलों से हंसा-हंसाकर सबको लोटपोट कर दिया। शाखा को-हैड महेश बग्गा के बड़े भाई यशपाल बग्गा (84) अमृतसर निवासी के अक्समात निधन पर सदस्यों ने 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। ●

**स्थान:** शिव शक्ति मंदिर, चांद नगर, रवि नगर, चौखंडी।
संपर्क : 9871075220, 8826063487, 9013389133





## अन्य शाखाओं के पते व फोन नंबर

**नोएडा शाखा**
**स्थान :** कम्युनिटी सैंटर, सैक्टर-41, (प्रयाग अस्पताल के पीछे), नोएडा, उ. प्र. । हैल्पलाइन : 9811030309

**सोनीपत शाखा**
**स्थान :** जैन स्थानक सै. 15 सोनीपत (एल.आई.सी. आफिस के सामने) हैल्पलाइन नं. : 9215174016, 9416086940

**गुजरांवाला टाउन शाखा**
**होनेवाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 5 मई रविार को होगी।
**समय:** सुबह 10:30 से दोपहर 1.00 बजे तक।
आर्य समाज मंदिर, डेरावाल नगर ए ब्लाक, निकट बिजली अपार्टमैंट दिल्ली-9।
संपर्क : 9910982035, 9910013870

**नरेला शाखा**
**होने वाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 11 मई शनिवार को होगी।
**समय:** सुबह 10:00से दोपहर 12.00 बजे तक।
स्थान:आर्य समाज मंदिर, निकट चौधरी रामदेव चौक, नरेला, दिल्ली। हैल्पलाइन : 9210286706, 9999820434

**पूर्वी दिल्ली शाखा**
**समय प्रात:** 11 बजे से 1 बजे तक
स्थान - आर्य समाज मंदिर शिवाजी पार्क रोहताश नगर शाहदरा
हैल्पलाइन नं. : 9810518497, 8595370630

**कतलूपुर ब्रांच :** हैल्पलाइन नं. : 9811697760, 922920203, 9310749505

**रोहिणी शाखा**
**होने वाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 5 मई रविवार को होगी।
**समय:** सुबह 10:00से दोपहर 12.00 बजे तक।
स्थान : सनातन- धर्म मंदिर, डी-ब्लाक, सैक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली।
हैल्पलाइन नंबर : 9818016171, 9212528899, 8860074320

**फरीदाबाद शाखा**
**स्थान :** होटल सेंट्रल व्यू सेक्टर 12 सेल्स टैक्स कार्यालय के सामने, फरीदाबाद,
हैल्पलाइन नं. : 9811426768, 9313520606

**पंजाबी बाग शाखा**
**होने वाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 1 मई बुधवार को स्थगित रहेगी।
समय: सुबह 11:00 से दोपहर 1.00 बजे तक।
**स्थान:** जेआर मीडिया संस्थान, पंजाब केसरी परिसर, वजीरपुर दिल्ली। हैल्पलाइन नं. : 9910593661/ 9711140798, 9136683602

**जांटी कलां शाखा सोनीपत**
**होनेवाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 4 मई शनिवार को होगी।
**समय:** सुबह 10:30से दोपहर 12.00 बजे तक।
स्थान: उमेश चंद मैंमोरियल स्कूल, जांटी कलां शाखा सोनीपत (हरि.) नियर सरकारी स्कूल जांटी कलां
हैल्पलाइन नं. : 8708372858

**मॉडल टाउन शाखा**
**होने वाला कार्यक्रम** ●
शाखा की बैठक 6 मई सोमवार को होगी।
**स्थान:**- टैगोर भवन, टैगोर पार्क, निकट गोल चक्कर मॉडल टाउन - 1. दिल्ली,
हैल्पलाइन नं. : 9911166691, 8750238257, 9810030229 9868212191

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए खुशखबरी
### वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के सदस्य बनने के लिए फार्म

नाम : ____________________

पति/पिता : ____________________

____________________ आयु : __________

स्थायी पता : ____________________

वर्तमान व्यवसाय (नौकरी/कारोबार/अन्य) : ____________________

शैक्षणिक योग्यता : ____________________ ब्लड ग्रुप : __________

संपर्क : फोन : □□□□□□□□ मोबाइल : □□□□□□□□□□

नोट : ● वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब का सदस्य बनने के लिए आयु कम से कम 60 वर्ष होना अनिवार्य है ● परिचय पत्र बनवाने के लिए कृपया इस फार्म की कटिंग के साथ दो फोटो एवं पहचान पत्र की कापी नीचे दिए गए पते पर भेजे।

**पोस्ट पता : 1 और 2 प्रिंटिंग प्रेस कॉम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर, डीटीसी बस डिपो, दिल्ली-110035**

अधिक जानकारी के लिए निम्न हैल्पलाइनों पर सम्पर्क करें :

**9871598497, 9810107375, 9811030309, 9818131462**

**"सदस्यता नि:शुल्क"**


पश्चिमी दिल्ली लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी
श्रीमती कमलजीत सहरावत जी का
नामांकन
कार्यक्रम एवं रैली
गुरुवार, दिनांक 2 मई 2024
समय: प्रातः 11:00 बजे
स्थान : पश्चिमी लोकसभा चुनाव कार्यालय
A1 /172 जनकपुरी, मेट्रो पिलर नंबर 612
गरिमामयी उपस्थिति
श्री हरदीप पुरी जी
मा. केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार
श्री भजनलाल शर्मा जी
मा. मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार
श्री ओमप्रकाश धनखड़ जी
मा. दिल्ली लोकसभा चुनाव प्रभारी
श्री वीरेन्द्र सचदेवा जी
मा. प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा दिल्ली
सचिन गंभीर भाजपा नेता

R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

## ग्लोबल Window

### रेड साड़ी में रवीना का ग्लैमरस लुक, तस्वीरें देख फैंस हुए मदहोश



**मुंबई, (एजेंसी) :** 90 के दशक की दिग्गज अभिनेत्री रवीना टंडन सोशल मीडिया पर हमेशा ही अपनी खूबसूरती और ग्लैमरस लुक के कारण छाई रहती हैं। आए दिन वह अपनी स्टाइलिश तस्वीरें और वीडियो शेयर कर फैंस को दीवाना बना देती हैं। हाल ही में, रवीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह लाल रंग की साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इन तस्वीरों में रवीना ने लाल रंग की ट्रांसपेरेंट साड़ी पहनी हुई है और उन्होंने अपने बालों को बांध रखा है। रवीना इन तस्वीरों में अलग-अलग पोज दे रही हैं और अपनी दिलकश अदाओं से फैंस को मोह रही हैं।

## भारत की प्रगति देख नहीं पा रहा पश्चिमी मीडिया



- दूर बैठकर लिख रहा अलग कहानी, जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं

**मिलपिटास, (भाषा) :** अमेरिका के सैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षविद डॉ. अनुराग मैराल ने गत 10 साल को भारत की उल्लेखनीय प्रगति वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम मीडिया भारत की प्रगति को समझ नहीं पा रही है और उससे दूर बैठकर अलग कहानी लिख रही है, जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है।

स्टैंडफोर्ड विश्वविद्यालय के स्टैंडफोर्ड बेयर्स सेंटर फॉर डिजाइन में वैश्विक संपर्क कार्यक्रम के निदेशक और औषधि विभाग के प्रोफेसर डॉ.मैराल ने एक साक्षात्कार में कहा, 'अगर आप वास्तविक स्थिति जानना चाहते हैं तो जमीन पर जाकर काम करें।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत जैसे जटिल देश के लिए दूर से रिपोर्टिंग करना ऐसी कहानियां लिखने का एक नुस्खा है, जो आपको विश्वसनीयता प्रदान नहीं करती हैं।' मैराल भारतीय चुनावों, लोकतंत्र की स्थिति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर पश्चिमी मीडिया में विशेष रूप से अमेरिका में हाल में प्रकाशित नकारात्मक लेखों की श्रृंखला को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अधिकांश प्रमुख वैश्विक मीडिया की जो रिपोर्ट सामने आ रही हैं, वे उन्हें कुछ मायनों में कम विश्वसनीय और हास्यास्पद बनाती हैं। हममें से अधिकांश जो भारत को जानते हैं वे अब वास्तव में उन खबरों या लेख का अनुसरण नहीं करते हैं, क्योंकि हम उन्हें केवल सतही पाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के भविष्य और देश के अधिनायकवादी शासन की ओर बढ़ने के आरोपों के बारे में अमेरिकी मीडिया में प्रकाशित हो रही खबरों और विचारों को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रोफेसर ने कहा कि यह सच्चाई से बहुत दूर है। उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से देश (भारत) को निकट भविष्य में निरंकुश शासन की दिशा में बढ़ते हुए नहीं देखता हूं। शायद कभी नहीं। मुझे भारतीय लोगों पर विश्वास है। उन्होंने कहा, 'कई मायनों में, भारत वहीं खड़ा है जहां चीन 20 साल पहले था।

## ब्रिटेन में युवक ने पांच लोगों को तलवार घोंपी





### ऐसी हिंसा के लिए देश में जगह नहीं : सुनक

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हैनॉल्ट में हुए हमलों को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा, यह बेहद हैरान कर देने वाली घटना है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित लोगों और उनके परिवारों के साथ है। मैं इमरजेंसी सेवाओं और पुलिस को समय पर कार्रवाई करने के लिए धन्यवाद देता है। इस तरह की हिंसा के लिए हमारे देश में कोई जगह नहीं है।

13 साल के लड़के की मौत, हमलावर गिरफ्तार

**लंदन, (एजेंसी):** ब्रिटेन में पूर्वी लंदन ट्यूब स्टेशन के पास 36 वर्षीय युवक ने मंगलवार को कम से कम पांच लोगों पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में 13 साल के एक लड़के की मौत हो गई है। 4 लोग घायल हुए हैं, इनमें 2 पुलिस अधिकारी शामिल है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह भी साफ कर दिया कि यह आतंकवाद से संबंधित घटना नहीं लग रही है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि लोकल समय के मुताबिक सुबह 7:00 बजे पुलिस को थर्लो गॉर्डन इलाके में एक गाड़ी के घर में घुसने की सूचना मिली थी। साथ ही यह भी बताया गया था कि शख्स ने कई लोगों पर हमला किया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी का पीछा करते वक्त उसने पुलिस अफसरों पर भी तलवार से हमला किया। हालांकि, बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के उप सहायक आयुक्त एडे एडेलेकन ने कहा कि घटना के कारण इलाके के कई लोग हैरान हैं। लोग हमले के बारे में जानना चाहते हैं। हम जल्द से जल्द लोगों को हमले की जानकारी देने की कोशिश करेंगे। हैनॉल्ट के ट्यूब स्टेशन को हमले के बाद बंद कर दिया गया है। लंदन के मेयर सादिक खान ने भी हमले पर रिएक्शन दिया है।

खान ने कहा है कि उन्हें हमले की जानकारी से बेहद दुख हुआ। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उन्हें घटना पर 'नियमित रूप से' अद्यतन जानकारी मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा, 'मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जो इस घटना में प्रभावित हुए हैं।'

## अफगानिस्तान में नमाज पढ़ रहे 6 लोगों को भून डाला



**इस्लामाबाद, (एपी):** पश्चिमी अफगानिस्तान में एक बंदूकधारी ने एक मस्जिद में घुसकर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे वहां नमाज पढ़ रहे छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने खबर दी है और अफगानिस्तान के एक पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि इस मस्जिद को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि यह अल्पसंख्यक शिया समुदाय की है।

तालिबान शासित गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि यह हमला सोमवार रात को हेरात प्रांत के गुजरा जिले में हुआ है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि घटना की जांच की जा रही है। हमले में एक शख्स जख्मी भी हुआ है और बंदूकधारी मौके से फरार हो गया। किसी भी संगठन ने हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मस्जिद का इमाम भी मरने वाले लोगों में शामिल है। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करज़ई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, मैं इमाम ज़मां मस्जिद पर हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं इसे सभी धार्मिक और मानवीय स्तरों के खिलाफ आतंकवादी हमला मानता हूं। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा कि घटना में एक बच्चे समेत सात लोग मरे और जख्मी हुए हैं।

## माले में मालदीव वासियों और भारतीयों के बीच हिंसक झड़प

**माले,** (भाषा) : मालदीव के निवासियों और भारतीय नागरिकों के बीच हुई झड़प में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और इस घटना के बाद एक स्थानीय निवासी को हिरासत में लिया गया है। समाचार पोर्टल अधाधू डॉट कॉम की खबर के अनुसार, दोनों समूहों के बीच झड़प माले से लगभग सात किलोमीटर उत्तर पूर्व में हुलहुमले स्थित सेंट्रल पार्क में सोमवार रात लगभग 9:00 बजे हुई। समाचार पोर्टल ने पुलिस के हवाले से बताया कि हिरासत में लिया गया संदिग्ध मालदीव का है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया कि घायल कौन थे। गंभीर रूप से घायल हुए दो लोगों को हुलहुमले अस्पताल ले जाया गया और इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने कहा कि पार्क के अंदर मालदीव और भारतीयों के एक समूह के बीच झड़प हुई और मामले में आगे की जांच चल रही है।

## बदहाल पाकिस्तान के लिए आईएमएफ से आई गुड न्यूज



- 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण की दी तत्काल मंजूरी

**वाशिंगटन, (भाषा):** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को राहत पैकेज के तहत 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर की तत्काल मदद को मंजूरी दे दी है। आईएमएफ ने कहा कि देश को अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। इस संबंध में निर्णय अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड ने लिया। उसने आईएमएफ की अतिरिक्त व्यवस्था (एसबीए) द्वारा समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम की दूसरी तथा अंतिम समीक्षा पूरी करने के बाद यह फैसला किया। इसके साथ, एसबीए के तहत देय राशि करीब तीन अरब अमेरिकी डॉलर हो गई है। सभी बोर्ड सदस्यों ने अंतिम किस्त जारी करने का समर्थन किया। हालांकि, भारत मतदान में शामिल नहीं हुआ। आईएमएफ की उप प्रबंध निदेशक एंटोनेट सयेह ने कहा, 'आगे आने वाली चुनौतियों को देखते हुए पाकिस्तान को इस कठिन परिश्रम से प्राप्त स्थिरता का लाभ उठाना चाहिए।

## कनाडा: विदेशी छात्र अब सप्ताह में 24 घंटे कर सकेंगे काम



- पहले 20 घंटे की अनुमति थी, बड़ी संख्या में भारतीय स्टूडेंट्स होंगे लाभान्वित

**ओटावा, (भाषा):** कनाडा में भारतीय समेत अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी सितंबर से प्रति सप्ताह 24 घंटे ही परिसर से बाहर काम कर सकेंगे। मंगलवार से इस संबंध में नया नियम प्रभाव में आ गया। आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री मार्क मिलर ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'छात्रों को प्रति सप्ताह परिसर से बाहर 20 घंटे से अधिक काम करने की अनुमति देने वाली अस्थायी नीति 30 अप्रैल, 2024 को समाप्त हो गई। उन्होंने कहा, 'हम छात्रों द्वारा प्रति सप्ताह परिसर से बाहर काम करने के घंटों की संख्या को बदलकर 24 घंटे करना चाहते हैं।' प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी नीत सरकार ने देश में कामगारों की कमी को पूरा करने के लिए कोविड-19 महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए काम के घंटों की 20 घंटे की सीमा को अस्थायी रूप से माफ कर दिया था। सीटीवी न्यूज की खबर के अनुसार यह छूट मंगलवार को समाप्त हो रही है। कनाडा भारतीय छात्रों के लिहाज से सबसे पसंदीदा गंतव्य है।

## छात्रों ने कोलंबिया विवि की एक इमारत पर कब्जा किया

**न्यूयॉर्क,** (एपी) : इजराइल-हमास युद्ध को लेकर कई कॉलेज परिसरों में छात्रों के प्रदर्शनों के बीच मंगलवार तड़के दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय की एक इमारत पर कब्जा कर लिया और एक खिड़की से फिलिस्तीनी झंडा फहराया। वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि विश्वविद्यालय के मैनहट्टन परिसर में हैमिल्टन हॉल के सामने प्रदर्शनकारी एकत्र हैं और उन्होंने फर्नीचर एवं अन्य चीजों से इमारत को अवरूद्ध कर दिया है। 1968 के नागरिक अधिकार आंदोलन और वियतनाम युद्ध विरोधी प्रदर्शन के दौरान भी इस इमारत पर कब्जा कर लिया गया था। प्रदर्शन के आयोजकों ने सोमवार को देर रात इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट में लोगों से जुटने और हैमिल्टन हॉल आने का आग्रह किया।

आईपीएल का धूमधड़ाका

## रोहित को कप्तानी, हार्दिक उपकप्तान

- टी20 विश्व कप के लिये सैमसन, चहल भारतीय टीम में, गिल और रिंकू को रिजर्व के रूप में जोड़ा गया



रिजर्व खिलाड़ी

**टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।
**रिजर्व खिलाड़ी :** शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान।

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल को आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में जगह मिली है लेकिन शुभमन गिल और रिंकू सिंह को रिजर्व में रखा गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सचिव जय शाह और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर की अहमदाबाद में बैठक के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम का ऐलान किया। रोहित और अगरकर बृहस्पतिवार को मुंबई में मीडिया से मुखातिब होंगे। हरफनमौला हार्दिक पंड्या को आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कप्तानी लेने के बाद से खराब फॉर्म के बावजूद उपकप्तान बनाया गया है। आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे को चेन्नई सुपर किंग्स के लिये शानदार प्रदर्शन का ईनाम टीम में चयन के रूप में मिला है। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा कि सैमसन के चयन पर ज्यादा बहस नहीं हुई लेकिन हार्दिक को टीम में रखने पर काफी बहस हुई। रिंकू बदकिस्मत रहा। रिंकू, दुबे और हार्दिक के बीच में से चयन होना था। सैमसन ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिये बतौर बल्लेबाज और कप्तान अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें ऋषभ पंत के बाद दूसरे विकेटकीपर के रूप में चुना गया। उन्होंने चयन की दौड़ में केएल राहुल और ईशान किशन को पछाड़ा। आखिरी बार अगस्त 2023 में भारत के लिये खेलने वाले युजवेंद्र चहल को कुलदीप यादव के साथ दूसरे कलाई के स्पिनर के रूप में रखा गया है। गुजरात टाइटंस के कप्तान गिल और कोलकाता नाइट राइडर्स के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू को रिजर्व में रखा गया है। चयनकर्ताओं ने यशस्वी जायसवाल पर भरोसा जताया है जिन्होंने धीमी शुरूआत के बाद आईपीएल में फॉर्म हासिल कर लिया है। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले विराट कोहली शीर्षक्रम को मजबूती दे रहे हैं। विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो जून से शुरू होगा। भारत को पांच जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड से पहला मैच खेलना है। पिछले दो विश्व कप में रक्षात्मक बल्लेबाजी का भारत को खामियाजा भुगतना पड़ा है जिसकी वजह से कुछ साहसिक फैसले लिये गए। रिंकू की जगह दुबे को तरजीह देना साहसिक फैसला ही था जबकि रिंकू लगातार बेहतरीन फॉर्म में हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में भारत के पास कई विकल्प थे जिनमें से पंत और सैमसन को चुना गया।

## लखनऊ ने मुंबई को चार विकेट से हराया

**लखनऊ,** (पंजाब केसरी) : मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक और अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हरा दिया।

पहले गेंदबाजों ने मुंबई को सात विकेट पर 144 रन पर रोक दिया। इसके बाद स्टोइनिस की 45 गेंद में 62 रन की पारी के दम पर लखनऊ ने चार गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। स्टोइनिस ने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाये।

लखनऊ अब दस मैचों में छठी जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं मुंबई की यह दस मैचों में सातवीं हार थी।

लखनऊ की शुरूआत खराब रही और नुवान तुषारा ने चौथी की गेंद पर इंपैक्ट खिलाड़ी अर्शिन कुलकर्णी को आउट कर दिया। आईपीएल में पदार्पण मैच में वह खाता भी नहीं खोल सके। स्टोइनिस ने गेराल्ड कोएत्जी को लगातार दो चौके लगाये और उनके पहले ओवर में 15 रन निकाले। केएल राहुल ने तुषारा को तीन चौके और एक छक्का जड़कर 20 रन निकाले। वह 22 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पंड्या ने राहुल को पवेलियन भेजा जिनका कैच सीमारेखा के पास मोहम्मद नबी ने लपका। स्टोइनिस ने दीपक हुड्डा (18) के साथ 35 गेंद में 40 रन की साझेदारी करके लखनऊ को सौ रन के पास पहुंचाया। हुड्डा को भी हार्दिक ने आउट किया लेकिन स्टोइनिस ने 14वें ओवर में 39 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

कोएत्जी ने एश्टोन टर्नर को आउट किया जबकि आयुष बडोनी रन आउट हो गए। निकोलस पूरन (नाबाद 14) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई मुंबई ने पावरप्ले के भीतर ही चार विकेट गंवा दिये। निहाल वढेरा (46) और ईशान किशन (32) पांचवें विकेट के लिये 53 रन की साझेदारी करके भी टीम को बड़ा स्कोर नहीं दे सके।

टिम डेविड ने 18 गेंद में 35 रन बनाये जिसमें आखिरी ओवर में बनाये गए 17 रन शामिल थे। मुंबई का शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा और पहले छह ओवर में चार विकेट 28 रन पर गिर गए। यह इस सत्र में पावरप्ले में दूसरा न्यूनतम स्कोर है। रोहित शर्मा को बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने आउट किया जबकि सूर्यकुमार यादव का विकेट मार्कस स्टोइनिस ने लिया। रवि बिश्नोई के सटीक थ्रो पर तिलक वर्मा अपना विकेट गंवा बैठे। कप्तान हार्दिक पंड्या को नवीनुल हक ने खाता खोलने का मौका भी नहीं दिया। मुंबई का स्कोर 5.2 ओवर के बाद चार विकेट पर 27 रन था। लखनऊ ने पावरप्ले में स्टोइनिस का बखूबी इस्तेमाल किया जिन्होंने तीन ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिया। चोट से उबरकर वापसी कर रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव की गेंद पर एश्टोन टर्नर ने डीप स्क्वेयर लेग में ईशान किशन का कैच टपकाया।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस पारी | |
|---|---|
| ईशान का. यादव बो. बिश्नोई | 32 |
| रोहित का. स्टोइनिस बो. मोहसिन | 4 |
| सूर्यकुमार का. राहुल बो. स्टोइनिस | 10 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 7 |
| हार्दिक का. राहुल बो. नवीन | 0 |
| निहाल वढेरा बो. मोहसिन | 46 |
| टिम डेविड नाबाद | 35 |
| मोहम्मद नबी बो. यादव | 01 |
| गेराल्ड कोएत्जी नाबाद | 01 |
| अतिरिक्त : | 08 |
| **कुल योग** : 20 ओवर में | **7/144** |

विकेट पतन : 1/7, 2/18, 3/27, 4/27, 5/80, 6/112, 7/123.
**गेंदबाजी** : स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीन 3.5-0-15-1, मयंक 3.1-0-31-1, बिश्नोई 4-0-28-1, हुड्डा 2-0-13-0.

| लखनऊ सुपर जाइंट्स पारी | |
|---|---|
| राहुल का. नबी बो. पंड्या | 28 |
| अर्शिन पगबाधा बो. तुषारा | 00 |
| स्टोइनिस का. वर्मा बो. नबी | 62 |
| हुड्डा का. बुमराह बो. पंड्या | 18 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 14 |
| एश्टोन टर्नर बो. कोएत्जी | 05 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 06 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 01 |
| अतिरिक्त : | 11 |
| **कुल योग** : 19.2 ओवर में | **6/145** |

विकेट पतन : 1/1, 2/59, 3/99, 4/115, 5/123, 6/133.
**गेंदबाजी** : तुषारा 4-0-30-1, बुमराह 4-0-17-0, कोएत्जी 3-0-29-1, चावला 3-0-23-0, पंड्या 4-0-26-2, नबी 1.2-0-16-1.

## चीन ने भारतीय महिला टीम को 5-0 से हराया

**चेंगदू,** (भाषा): युवा सनसनी अनमोल खरब को टखने में चोट के कारण आंखों में आंसुओं के साथ कोर्ट से हटना पड़ा जबकि भारत की कमजोर महिला टीम को मंगलवार को यहां उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में चीन ने 5-0 से रौंद दिया। कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके भारत ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा।

भारत पहले ही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के बिना खेल रहा है जिन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। चीन के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि भारतीय खिलाड़ी पांच मैचों में एक भी गेम नहीं जीत सके। भारत की मुसीबत उस समय और बढ़ गई जब 17 साल की अनमोल को दूसरे एकल मुकाबले के दौरान टखना मुड़ने के कारण मैच के बीच से हटना पड़ा। ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन यूफेई ने 83वें नंबर की इशारानी बरूआ के खिलाफ महिला एकल में 21-12 21-10 की आसान जीत के साथ चीन को 1-0 की बढ़त दिलाई।

### TATA IPL 2024 प्वाइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ सुपरजायंट्स | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 5 | 4 | 10 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात टाइटंस | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब किंग्स | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 6 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 |

## पंजाब किंग्स से होगी सुपरकिंग्स की टक्कर



**चेन्नई,** (पंजाब केसरी) : प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बुधवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। सुपरकिंग्स के नौ मैच में 10 अंक हैं जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान हैं और गत चैंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी। गत चैंपियन सुपरकिंग्स की चिंता हालांकि बढ़ गई है क्योंकि पंजाब किंग्स की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रन के टी20 क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के बाद इस मुकाबले में उतर रही है। पंजाब किंग्स के नौ मैच में छह अंक हैं। चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों द्वारा 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया।

### टीम इस प्रकार हैं

**सुपरकिंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हांगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महीश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।